
# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 18 जुलाई, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-152 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## बिहार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा स्वदेशी एआई मॉडल : सीएम



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित कार्यक्रम में सूचना प्रावैधिकी विभाग एवं सरवम डॉट एआई (एक्सोनवाइज प्रा. लि.) तथा भारत जीपीटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन से कई उद्देश्यों की प्राप्ति होगी।

इसके तहत राज्य में हर नागरिक और सरकारी अधिकारी के लिए एआई की पहुंच सुलभ एवं आसान होगा तथा एआई

### सूचना प्रावैधिकी एवं सरवम डॉट तथा भारत जीपीटी के बीच एमओयू

के बेहतर उपयोग और विकास के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत में बने बुनियादी एआई मॉडल्स और एप्लिकेशन्स तक राज्य के विभागों की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगा। बिहार के स्वीकृत शोधकताओं को भारतीय भाषाओं और स्थानीय बोलियों में अपनी एआई रिसर्च क्षमताओं को मजबूत करने में सहूलियत होगी। स्थानीय भाषाओं में स्थानीय समस्याओं का समाधान खोजकर, बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर एआई संचालित शासन के मॉडल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और एक स्थानीय भागीदार इकोसिस्टम तैयार हो सकेगा, जिससे लंबे समय तक एआई विकास को बल मिलेगा। सीएम ने कहा कि डिजिटल बिहार के निर्माण और विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। बिहार की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी एआई मॉडल तैयार किया जाएगा।

### पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हो रहा भारतीय रेलवे का अभूतपूर्व आधुनिकीकरण : मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पंजाब राज्य के जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेलवे निरंतर आधुनिक, सुरक्षित एवं यात्री-केंद्रित परिवहन व्यवस्था के रूप में विकसित हो रही है। रेलवे अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

## सरकार पुलिस बल को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद के सामने बने मंच से बिहार पुलिस के उपयोग हेतु 48 पुलिस बस, 30 चार पहिया वाहन एवं 6 एंबुलेंस का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस वाहनों को रवाना किया। पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली।

सीएम ने कहा कि इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्य क्षमता तथा दक्षता

### 48 पुलिस बस, 30 चार पहिया वाहन एवं 6 एंबुलेंस को सीएम सम्राट ने दिखायी हरी झंडी

और बढ़ेगी। साथ ही विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी। राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस बल को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नए वाहनों से अपराध नियंत्रण, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई तथा जनसुरक्षा को और मजबूती मिलेगी।

## लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ी



**पटना (एनएसबी)** राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। शुक्रवार को स्वास्थ्य में गिरावट आने के बाद उन्हें तुरंत इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की विशेष टीम उनकी चिकित्सा में जुटी है। लालू प्रसाद की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही उनके परिवार में चिंता की लहर दौड़ गई।

### आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया

### लालू को डाक्टरों ने आराम की सलाह देकर घर भेजा

अस्पताल ले जाए जाने के दौरान उनकी पत्नी व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बेटी व सांसद डॉ. मीसा भारती भी उनके साथ मौजूद रहीं। दोनों अस्पताल में ही रुकी हुई हैं और डॉक्टरों से लालू यादव के स्वास्थ्य का लगातार अपडेट ले रही हैं। आईजीआईएमएस में भर्ती किए जाने के बाद डॉक्टरों ने लालू प्रसाद यादव का प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण शुरू कर दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उन्हें मेडिकल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है और जरूरी क्लीनिकल टेस्ट किए जा रहे हैं। उनकी उम्र और पुरानी बीमारियों को देखते हुए चिकित्सक पूरी एहतियात बरत रहे हैं। वहीं डॉक्टरों ने लालू प्रसाद यादव की सेहत में सुधार के बाद उन्हें पटना के आईजीआईएमएस से छुट्टी दे दी गई है। वे अपने कौटिल्य नगर आवास के लिए रवाना हो गए हैं। डॉक्टरों ने लालू यादव को दी घर जाने की अनुमति, मीसा भारती भी रहीं साथ।

## संक्षिप्त खबरें

### देहरादून में 7 हजार छात्रों से राहुल गांधी का संवाद

**देहरादून।** देहरादून के बन्नू स्कूल ग्राउंड में कांग्रेस का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम शुरू हो चुका है।



मूसलाधार बारिश के बावजूद करीब 8 से 10 हजार छात्र-युवा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भीषण जाम में करीब 30 मिनट फंसने के बाद होटल से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कुछ ही देर में वे छात्रों और युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। राहुल गांधी के मंच पर पहुंचने से पहले प्रसिद्ध रैपर डकैत की प्रस्तुति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया है। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि राहुल गांधी के अलावा मुख्य मंच पर कोई भी कांग्रेस नेता या कार्यकर्ता मौजूद नहीं रहेगा।

### हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने किया छपरा मंडल कारा का निरीक्षण

**सारण।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने मंडल कारा छपरा का निरीक्षण किया। कारा परिसर पहुँचने पर उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए न्यायमूर्ति द्वारा कारा परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मंडल कारा के कंप्यूटर लैब सह दिनकर पुस्तकालय में बंदियों ने स्वागत गान और देशभक्ति गीतों के साथ न्यायमूर्ति का स्वागत किया।

### मुर्शिदाबाद : ट्रेन से टकराई स्कूल की वैन, दो छात्रों समेत 3 की मौत

**मुर्शिदाबाद।** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में स्कूल वाहन यात्री ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में दो छात्रों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल अंतर्गत मुर्शिदाबाद के बहरमपुर थाना क्षेत्र में कर्णसुबर्ण और गोबिंदपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित लेवल क्रासिंग पर हुई। मृतकों में दो छात्र और एक साइकिल सवार शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक निजी स्कूल का वाहन छात्रों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान रेल गेट खुला रहने के कारण वह लेवल क्रासिंग पार करने लगा और सामने से आ रही निमतिता-काटोया पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया।

## शिक्षकों के लिए खुशखबरी, शिक्षा मंत्री ने दी बड़ी सौगात

# 29 से खुलेगा शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल, पांच तक कर सकेंगे आवेदन

### तीन चरणों में होगी स्थानांतरण की प्रक्रिया, शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने राज्य के शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले की बहुप्रतीक्षित अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी। बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया के लिए विस्तृत समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। शिक्षा मंत्री ने कई मौकों पर जुलाई में ही स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू करने और पोर्टल खोले जाने की बात कही थी।

राज्य कैबिनेट द्वारा बीते 24 जून को तबादला नीति को मंजूरी दी गई थी। जारी अधिसूचना के मुताबिक शिक्षकों के समायोजन/ समानुपातीकरण, पारस्परिक स्थानांतरण तथा सामान्य स्थानांतरण की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल 29 जुलाई से खुल जाएगा। इस पर शिक्षक 5 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। इस अवधि में समायोजन/ समानुपातीकरण तथा पारस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में 7 अगस्त से 9 सितंबर तक समायोजन व समानुपातीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।




इस अवधि में सूची का प्रकाशन, अपील और उसका निष्पादन किया जाएगा। दूसरे चरण में 10 से 14 सितंबर तक जिला, प्रमंडल और राज्य स्थापना समिति द्वारा पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीसरे और आखिरी चरण में सामान्य स्थानांतरण की प्रक्रिया संपन्न होगी। सामान्य तबादले के लिए विद्यालयवार रिक्तियों की संशोधित सूची 16 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद शिक्षक 17 से 23 सितंबर तक अपनी वरीयता के अनुसार विद्यालयों का चयन कर सामान्य स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। विभाग द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार सभी जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्थापना समितियां निर्धारित अवधि में कार्यवाही पूरी करेंगी तथा प्राप्त अपीलों का भी समयबद्ध निष्पादन किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने सभी पात्र शिक्षकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने तथा विभागीय निदेशों का पालन करने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

#### मुख्य तिथियां

- पोर्टल पर आवेदन (समायोजन/ पारस्परिक स्थानांतरण) : 29 जुलाई से 5 अगस्त
- समायोजन/समानुपातीकरण प्रक्रिया : 7 अगस्त से 9 सितंबर
- पारस्परिक स्थानांतरण : 10 से 14 सितंबर
- संशोधित रिक्तियों का प्रकाशन : 16 सितंबर
- सामान्य स्थानांतरण के लिए आवेदन : 17 से 23 सितंबर
- सामान्य स्थानांतरण सूची का प्रकाशन, अपील एवं निष्पादन : 24 सितंबर से 31 अक्टूबर

## होटल की लिफ्ट में फंसे कांग्रेस सांसद शशि थरूर



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरलम के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक होटल की लिफ्ट में फंस गए। घटना शुक्रवार शाम को हुई जब थरूर रोटरी क्लब ऑफ त्रिवेंद्रम ईस्ट के इंस्टॉलेशन इवेंट में शामिल होने पहुंचे थे। लिफ्ट में फंसे कांग्रेस सांसद को निकालने के लिए फायर और रेस्क्यू सर्विस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाइड्रोलिक स्प्रेडर का इस्तेमाल करके लिफ्ट का दरवाजा खोला और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। फायर स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार, शाम 7:37 बजे सूचना मिली कि होटल की लिफ्ट में शशि थरूर फंस गए हैं। इसके तुरंत बाद बचाव दल मौके पर पहुंच गया।

### 14 मिनट के बाद रेस्क्यू टीम ने निकाला, मुस्कुराते हुए थरूर बोले- हम ठीक हैं


### मुजफ्फरपुर : गैस पाइपलाइन में अचानक धमाका, कई बच्चे बेहोश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले के मुशहरी प्रखंड स्थित रोहुआ हाई स्कूल के समीप शुक्रवार को नाला निर्माण के दौरान गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया. पाइपलाइन कटते ही तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया. घटना के समय करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित रोहुआ हाई स्कूल में कक्षाएं चल रही थीं। अचानक तेज आवाज और गैस का गुबार फैलने से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई और पांच छात्र बेहोश हो गए.घटना के बाद स्कूल प्रशासन, स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी बच्चों को तत्काल मुशहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया गया।

## गर्दनीबाग में कमरे में लटका मिला डिलिवरी बॉय का शव

**पटना (एनएसबी)।** गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अकलू चौक सरिस्ताबाद में योगेंद्र प्रसाद के मकान में फंदे से लटकी रेंटर की लाश मिली है। मृतक की पहचान मसौढ़ी के रहने वाले राहुल कुमार (22) के रूप में हुई है। पिछले 6 महीने से रेंट के मकान में रहकर डिलीवरी बॉय का काम करता था। राहुल ने इंटर तक पढ़ाई की थी। राहुल के बड़े भाई राकेश कुमार ने बताया कि बीते 13 जुलाई की रात राहुल ने मां से बात की थी। आज सुबह में जानकारी मिली कि राहुल ने फांसी लगा ली है। इस सूचना के आधार पर हम लोग यहां पहुंचे हैं। राहुल के साथ मेरे चचेरे भाई भी रहते थे। उनके साथ कोई मतभेद नहीं है। घर पर खेतीबाड़ी हो रही है। इस सिलसिले में चचेरे भाई गांव चले गए थे। किसी पर कोई आशंका नहीं है। समझ नहीं आ रहा है कि क्यों सुसाइड किया है। क्योंकि घर पर भी आर्थिक स्थिति ठीक है। 13 जुलाई के बाद से बातचीत नहीं हुई थी।

## संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लोकसभा में 7 बिल पेश किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है। 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट-यूजी पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, ई 20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं।यह सत्र 25 दिनों तक चलेगा, कुल 19 बैठकें होंगी। दिल्ली के कर्तव्य भवन में शुक्रवार को एनडीए नेताओं की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान और ललन सिंह समेत कई सीनियर लीडर शामिल हुए।

## विश्व कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

### सलीमा टेटे के हाथों में कमान

**नई दिल्ली/पटना (एनएसबी)।** हॉकी इंडिया ने 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने इसे अनुभव और युवा प्रतिभा का संतुलित मिश्रण बताया है।



बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में तैयारी कर रही भारतीय टीम हाल ही में न्यूजीलैंड में आयोजित एफआईएच नेशंस कप का खिताब अपराजित रहते हुए जीत चुकी है, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। गोलकीपर के रूप में अनुभवी सविता और बिचू देवी खरिबाम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रक्षण पंक्ति में ईशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरम्बम, लालथांतलुआंगी, ज्योति और शिल्पी डबास शामिल हैं। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे के साथ निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग टीम की धुरी होंगी। आक्रमण की जिम्मेदारी लालरेमसियामी, ऋतुजा दादासो पिसाल, नवनीत कौर, दीपिका, ईशिका, बलजीत कौर और ब्यूटी डुंगडुंग संभालेंगी। भारत को विश्व कप में पूल-डी में चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने सभी लीग मुकाबले नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगी। अभियान की शुरूआत 16 अगस्त को चीन के खिलाफ होगी, इसके बाद 18 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका और 20 अगस्त को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा कि टीम ने टूनामेंट की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि यह समूह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ चुनौती पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## एसआईआर से नाम कटने पर नागरिकता नहीं जाती : SC



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वोटर लिस्ट से बाहर किए गए लोगों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में से नाम हटने से किसी की नागरिकता नहीं जाती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बंगाल में जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के कारण कट गए हैं उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद नहीं होना चाहिए। साथ ही नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक सभी सुविधाएं मिलती रहनी चाहिए। इस मामले में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने चुनाव आयोग (EC) और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

### बंगाल सरकार-EC को नोटिस, योजनाओं का लाभ न रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

## प्रधानमंत्री ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# जींद से जुड़ेगा भारत के रेलवे इतिहास का नया अध्याय : पीएम

**जींद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम अब भारतीय रेलवे के इतिहास में उसी तरह दर्ज होगा, जैसे पहली रेलगाड़ी के कारण मुंबई और ठाणे का नाम दर्ज है।



उन्होंने कहा कि भारत की यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सबसे लंबी हाइड्रोजन चालित यात्री ट्रेनों में से एक है तथा यह ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान का सफल उदाहरण है। जींद के एकलव्य स्टेडियम में करीब 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 19वीं सदी की पहचान भाप इंजन, 20वीं सदी की पहचान डीजल और बिजली से चलने वाली रेल रही, जबकि 21वीं सदी की पहचान हाइड्रोजन ट्रेन बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया के केवल तीन-चार देशों के पास हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की क्षमता है और भारत अब इस चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि जींद से चलने वाली 10 कोच की यह ट्रेन 3,200 हॉर्स पावर के प्रोपल्शन सिस्टम से लैस है और दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित यह ट्रेन हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित कर चलती है तथा इसके संचालन के दौरान केवल जलवाष्प निकलती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे में पिछले 12 वर्षों में हुए परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ देश को ऊर्जा सुरक्षा के रूप में मिला है। पश्चिम एशिया, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के बावजूद भारत की रेल सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले रेलवे का बड़ा हिस्सा डीजल पर निर्भर था, लेकिन पिछले 12 वर्षों में देश के लगभग 99 प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जबकि हरियाणा में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। इसी कारण तेल संकट के बावजूद देश की विकास यात्रा नहीं रुकी।

## खबरें : एक नजर में

### बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के घोषित परिणामों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करने वाले देश के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत मंगलकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता हमारे युवाओं की मेधा और संकल्प को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विशेष रूप से बिहार के उन होनहार विद्यार्थियों को हृदय से बधाई दी है, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट मेधा और कठोर परिश्रम से राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का मान बढ़ाया है। अध्यक्ष ने ऑल इंडिया टॉप टेन में रैंक प्राप्त करने वाले आयुष भालोटिया एवं रिया रंजन को इस शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।


डा. प्रेम कुमार ।

### मुजफ्फरपुर में ई-मेडिक्स का विस्तार जारी, जूरन छपरा में खुला चौथा स्मार्ट फार्मेसी स्टोर

**मुजफ्फरपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के जूरन छपरा क्षेत्र में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। यह मुजफ्फरपुर में ई-मेडिक्स का चौथा स्टोर है, जो जिले में कंपनी के लगातार बढ़ते विस्तार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रंजन कुमार (विधायक, मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र) ने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया। फ्रेंचाइजी ओनर श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा कि इस नई शाखा के माध्यम से जूरन छपरा एवं आसपास के लोगों को अब ब्रांडेड और प्रमाणित दवाइयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को पारदर्शी बिलिंग, होम डिलीवरी तथा आधुनिक फार्मेसी सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। ई-मेडिक्स की ओर से वकार सिद्दीकी (जनरल मैनेजर) एवं अमनदीप भारद्वाज (अपरेशंस मैनेजर) उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीएम वकार सिद्दीकी ने कहा कि मुजफ्फरपुर में यह ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का चौथा स्टोर है, जो शहर में लोगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कंपनी का लक्ष्य अगले एक वर्ष में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 100 नए स्टोर स्थापित करना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित दवाइयाँ उचित दरों पर अपने ही शहर में उपलब्ध हो सकें। नए स्टोर में ग्राहकों को ब्रांडेड दवाइयों पर आकर्षक छूट, होम डिलीवरी और स्मार्ट बिलिंग जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी, जिससे उन्हें आधुनिक, पारदर्शी और भरोसेमंद दवा सेवा का अनुभव मिलेगा।

### खनन क्षेत्र में बड़े सुधार की ओर बिहार सरकार का कदम

# संशोधित खनिज नियमावली से बढ़ेंगे रोजगार और राजस्व : डा. प्रमोद कुमार

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बिहार सरकार की कैबिनेट ने हाल ही में बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2026 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संशोधन का उद्देश्य खनन क्षेत्र को अधिक व्यावहारिक, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाते हुए राज्य में रोजगार के अवसरों का विस्तार करना तथा राजस्व संग्रह को गति देना है।

संशोधित नियमावली के तहत अब किसी भी व्यक्ति को प्रत्येक विशिष्ट लघु खनिज के लिए अधिकतम दो खनन पट्टे प्राप्त करने की अनुमति होगी। पहले यह सीमा सभी लघु खनिजों को मिलाकर अधिकतम दो पट्टों तक सीमित थी।

नए प्रावधान के अनुसार यदि कोई व्यक्ति दो बालू घाटों का संचालन कर रहा है, तो वह पत्थर के भी दो खनन पट्टे प्राप्त कर उनका संचालन कर सकेगा।


खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ।

इससे खनन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

पत्थर खनन क्षेत्रों में क्रशर स्थापना के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। अब खनन लीज क्षेत्र से 500 मीटर के स्थान पर 2 किलोमीटर तक की दूरी में क्रशर स्थापित किए जा सकेंगे। इससे खनन गतिविधियों का संचालन अधिक सुगम होगा और उद्योगों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

> **पत्थर खनन पट्टों की नीलामी के माध्यम से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, वहीं बड़ी संख्या में लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे**

रोजगार सृजन को गति देने के उद्देश्य से बड़े-बड़े पत्थर भूखंडों को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर उनकी बंदोबस्ती करने का भी प्रावधान किया गया है। इससे अधिक संख्या में उद्यमियों और बंदोबस्तधारियों को अवसर मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।

इसके साथ ही पत्थर बंदोबस्ती की ई-नीलामी प्रक्रिया को अधिक समयबद्ध और प्रभावी बनाने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि उच्चतम बोलीदाता को ई-नीलामी की तिथि से पांच कार्य दिवस के भीतर आवश्यक धनराशि जमा करनी होगी। इससे बंदोबस्ती प्रक्रिया में तेजी आएगी और राज्य सरकार को समय पर राजस्व प्राप्त हो सकेगा।

इस संबंध में खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि संशोधित नियमावली खनन क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा कि पत्थर खनन पट्टों की नीलामी के माध्यम से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, वहीं बड़ी संख्या में लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और राजस्व वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खनन क्षेत्र में लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है।

# बांकीपुर उपचुनाव में जन सुराज को मिला स्कूल का बस्ता चुनाव चिन्ह : मनोज भारती

### जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन, भाजपा पर लगाए आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए जन सुराज पार्टी को स्कूल का बस्ता चुनाव चिन्ह आवंटित होने के संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने शुक्रवार को जन सुराज पार्टी कार्यालय, में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। मनोज भारती ने जन सुराज को आवंटित चुनाव चिन्ह की जानकारी साझा की साथ ही चुनाव आयोग को सौंपे गए ज्ञापन की भी जानकारी दी।

मनोज भारती ने कहा कि जन सुराज पार्टी के सूत्रधार एवं बांकीपुर से उम्मीदवार प्रशांत किशोर को स्कूल का बस्ता चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है, जो मतपत्र पर क्रम संख्या 9 पर है। बांकीपुर की जनता के लिए यह एक महत्वपूर्ण सूचना है, जिसे हम आप सभी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं कि प्रशांत किशोर का चुनाव चिन्ह स्कूल का बस्ता है।


प्रेस वार्ता को संबोधित करते जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती।

मनोज भारती ने आगे कहा कि पिछले कुछ दिनों में विपक्षी दलों द्वारा आदर्श आचार संहिता का जिस प्रकार उल्लंघन किया जा रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। पिछले दो दिनों में पटना के कई चौराहों पर प्रशांत किशोर का असत्य एवं भ्रामक पोस्टर लगाए गए हैं, जो चुनाव आयोग की आचार संहिता का उल्लंघन है। इस मुद्दे को लेकर जन सुराज पार्टी का एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में भ्रामक पोस्टरबाजी का मुद्दा उठाने के अलावा तीन अन्य प्रमुख बिंदुओं को भी शामिल किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दूसरा मुद्दा यह है कि जन सुराज पार्टी के जितने भी पोस्टर और बैनर लोगों की सहमति से उनके घरों पर लगाए गए हैं। उनको बीजेपी के कार्यकर्ता जबरदस्ती उखाड़ रहे हैं। उसके बदले वो बीजेपी के झंडे, पोस्टर और बैनर लगवा रहे हैं। जब उनसे कोई प्रश्न पूछता है तो वो कहते हैं कि वे नगर निगम के कर्मचारी हैं। लेकिन, जब उनसे आई कार्ड मांगा जाता है तो वे भाग खड़े होते हैं और वो जो पोस्टर और बैनर लगाते हैं वो बिना किसी के अनुमति के लगा रहे हैं। हमने चुनाव आयोग का ध्यान इस पर भी आष्ट करने का निवेदन किया है।

तीसरा बिंदु यह है कि जो हमने 2025 के विधानसभा चुनाव में देखा कि सरकारी तंत्र ने जीविका दीदीयों का इस्तेमाल वोटिंग के दिन बूथ के बाहर और कुछ जगहों पर बूथ के अंदर उनका इस्तेमाल किया। इस बार ऐसा न हो इसके हमने चुनाव आयोग से ज्ञापन देकर निवेदन किया है। चौथी बात यह है कि चुनाव को सुचारु रूप से चलाने के लिए अर्ध सैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाता है और उनका कार्य क्षेत्र बूथ के बाहर होता है।

## धर्मवीर शर्मा को लोजपा-(रा) के पिछड़ा- अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया


लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा सत्यानंद शर्मा ने धर्मवीर शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपा।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लोजपा-(रामविलास) पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का बिहार में विस्तार करते हुए धर्मवीर शर्मा को पिछड़ा- अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा सत्यानंद शर्मा ने धर्मवीर शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनके नियुक्ति पर युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेन्द्र विश्वकर्मा, संजीव कुमार, लोजपा नेता सूरज राज गुप्ता, रवि शंकर कुमार ने धर्मवीर शर्मा को बधाई दिया और कहा कि इनके नियुक्ति से संगठन मजबूत होगा। उक्त आशय की जानकारी पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार ने दिया।

> **लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा सत्यानंद शर्मा ने धर्मवीर शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपा**

# 1 हजार 50 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे 'नंद घर'

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में 1 हजार 50 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को नंद घर के तौर पर परिवर्तित किया जायेगा। इन केंद्रों में बच्चों को खासतौर से ख्याल रखा जाएगा। समाज कल्याण विभाग के आईसीडीएस निदेशालय ने शुक्रवार को पटना स्थित लेमन ट्री होटल में आयोजित एक दिवसीय केयर इकोनमी कार्यक्रम के दौरान जेरोधा ब्रोकिंग लिमिटेड और वेदांता लिमिटेड के साथ 1050 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को नंद घर के तौर पर विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। राज्य सरकार ने महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास को नई गति देने के लिए यह महत्वपूर्ण पहल की है।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज कल्याण विभाग की मंत्री डा श्वेता गुप्ता ने कहा कि वेदांता ग्रुप लिमिटेड राज्य के 1000 आंगनबाड़ी केंद्रों को 'नंद घर' के रूप में बनाएगा, जबकि जेरोधा ब्रोकिंग लिमिटेड दरभंगा जिले के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रारंभिक बाल देखभाल एवं पोषण सेवाओं को और सशक्त बनाएगी।

मंत्री डा. श्वेता गुप्ता महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से आयोजित केयर इकोनमी कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि केयर इकोनमी को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर से सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं की नहीं, बल्कि पुरुषों और महिलाओं दोनों की समान जिम्मेदारी है।

> **समाज कल्याण विभाग ने जेरोधा और वेदांता समूह के साथ किया एमओयू**
>
> **केयर इकोनमी को मजबूत करने की दिशा में बिहार सरकार का बड़ा कदम**
>
> **निजी क्षेत्र की भागीदारी से बच्चों और महिलाओं को मिलेगा बेहतर लाभ**

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लगभग करोड़ो लोगों को केयर सर्विस की आवश्यकता होगी। ऐसे में प्रशिक्षित केयर वर्कर्स की मांग तेजी से बढ़ेगी। इस क्षेत्र को नीतिगत स्वरूप देकर औपचारिक अर्थव्यवस्था (फर्मल इकोनमी) से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए विभिन्न विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भी जिम्मेदारी है कि केयर वर्क को सम्मान और संस्थागत पहचान दिलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

## मतदान कर्मी पूरे मनोयोग एवं गंभीरता से प्राप्त करें प्रशिक्षण : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव से जुड़े मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 16 जुलाई से पटना हाईस्कूल, गर्दनीबाग में चल रहा है। मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पीठासीन पदाधिकारियों के लिये चल रहा यह प्रशिक्षण 18 जुलाई तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में मतदान दलों को चुनाव से जुड़े हर पहलुओं, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ ईवी़एम़ एवं वी़वी़ पैट के संचालन की भी जानकारी दी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने सभी मतदान कर्मियों को निदेश दिया है कि वे पूरे मनोयोग एवं गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

समाहरणालय सभाकक्ष में व्यय-लेखा कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी राजीव रंजन प्रभाकर ने बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव में भाग ले रहे अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को चुनाव में किये जाने वाले खर्चो का हिसाब-किताब रखने के तरीके बतायें। उन्होंने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक अभ्यर्थी किसी एक वेंडर को 10 हजार रुपये से अधिक नकद भुगतान नहीं करेंगे। यह बताया गया कि चुनाव से संबंधी खर्च के लिये एक नया बैंक खाता रखा जाना है एवं उसी से चेक ड्राफ्ट आऱटीज़ीएस. के माध्यम से लेन-देन किया जाना है। खाता केवल अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता के नाम से ही खोला जाना है। सभी अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन की तिथि से परिणाम घोषणा की तिथि तक के व्यय को दैनिक रूप से संधारित किया जाना है। व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का पहला निरीक्षण 20 जुलाई, दूसरा निरीक्षण 24 जुलाई तथा तीसरा निरीक्षण 27 जुलाई को किया जायेगा।

मुद्रण से पूर्व मुद्रकों एवं प्रकाशकों के प्रशिक्षण में उन्हें बताया गया कि विहित प्रपत्र में प्रकाशकों से घोषणा लेकर ही पोस्टर हैंडबिल फ्लेक्स बैनर आदि का मुद्रण करें। हर पोस्टर हैंडबिल फ्लेक्स बैनर आदि पर मुद्रक एवं प्रकाशक के नाम व पता अवश्य अंकित रहे। मुद्रित पोस्टर हैंडबिल फ्लेक्स बैनर आदि की एक प्रति छापने के तीन दिनों के भीतर जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी जानी है।

# टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश का उभरता पावरहाउस बना बिहार

**नई दिल्ली / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे ग्लोबल टेक्सटाइल महाकुंभ भारत टेक्स 2026 का समापन शुक्रवार को हो गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व और उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में, बिहार सरकार ने इस महाकुंभ में बिहार को एक उभरते हुए वैश्विक टेक्सटाइल एवं परिधान निवेश गंतव्य के रूप में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बिहार पवेलियन निवेशकों के लिए सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बना रहा। पवेलियन में बिहार के टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश के अवसर के तहत राज्य की नई औद्योगिक नीतियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहद आक्रामक तरीके से पेश किया गया। मेले में पहुंचे देश-विदेश के बड़े टेक्सटाइल निर्यातकों और ब्रांड्स के बीच बिहार सरकार की नीतियां और उद्योग-अनुकूल माहौल चर्चा का मुख्य विषय बना रहा।


भारत टेक्स 2026 में बिहार की औद्योगिक क्षमता का दमदार प्रदर्शन, निवेशकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र'।

पवेलियन के बिजनेस लाउन्ज में चल रही हाई-लेवल बी-टू-जी बैठकों में निवेशकों को बिहार की तहत मिलने वाले वित्तीय लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस नीति के आकर्षण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई बड़े उद्यमी बिहार में अपनी मैन्युफै रिंग यूनिट डालने की इच्छा जता चुके हैं।

हस्तशिल्प विरासत से औद्योगिक भविष्य का सफर : केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार की उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह द्वारा उद्घाटित इस पवेलियन में एक तरफ जहां भागलपुरी सिल्क, मधुबनी पेंटिंग, सुजनी और खटवा वर्क जैसे जीआई टैग उत्पादों की समृद्ध विरासत विदेशी खरीदारों को आकर्षित किया, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक गारमेंटिंग सेक्टर में बिहार की छलांग निवेशकों को चौंका रही है।

लाखों रोजगार और आर्थिक बदलाव का रोडमैप : उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने लगातार ग्लोबल बायर्स और निवेशकों के साथ बैठकें की। बिहार सरकार का यह कदम राज्य में सिर्फ फैक्ट्रियां लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा उद्देश्य स्थानीय स्तर पर लाखों युवाओं और महिला कारीगरों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। भारत टेक्स 2026 में बिहार पवेलियन को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया यह साबित करती है कि आने वाले दिनों में बिहार देश के सबसे बड़े और सबसे मुनाफे वाले टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## खबरें खास-खास

### मंत्री केदार गुप्ता ने इंदिरा नगर के रोड नंबर 4 में की बैठक व चलाया जनसंपर्क अभियान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के जीत सुनिश्चित करने के लिए राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पश्चमी इंदिरा नगर के रोड नंबर 4 में बैठक की एवं जनसम्पर्क अभियान चलाया। बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग बिहार सरकार के सदस्य गणेश कानु जी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सपन्न हुई।


मंत्री केदार गुप्ता ने इंदिरा नगर के रोड नंबर 4 में की बैठक व चलाया जनसंपर्क अभियान।

इस कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने संबोधित किया और कमल छाप पर वोट देने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि उपस्थित सभी लोगों ने एक सुर में कमल छाप पर वोट देकर जीत सुनिश्चित करने के लिए संकल्प लिया एवं एनडीए गठबंधन को समर्थन करने की बात कही। मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के अगुवाई में भारत देश आगे बढ़ रही है व बिहार के सीएम सम्राट चौधरी के अगुवाई में प्रदेश आगे बढ़ रही हैं।

### विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने 68,100 राशि बतौर जुर्माना वसूला

**पटना / एनएसबी।** ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शहर में विशेष अभियान चलाकर 68,100 की राशि बतौर जुर्माना वसूला है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक फुलवारी शहीद चौक गोलंबर के पास कार्रवाई की गई। फुलवारी शहीद चौक गोलंबर के आसपास चलाए गए विशेष अभियान के तहत निम्नलिखित कार्रवाई की गई-

वाहनों की जब्ती : कुल 02 ई-रिक्शा को जब्त कर सगुना यातायात थाना में लगवाया गया।

चालान जुर्माना नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों पर कुल 30,500 का पेंडिंग चालान निर्गत किया गया।



चेकिंग अभियान ।

इसी तरह एयरपोर्ट ओ़पी़ (जू गेट नंबर-1) के पास कार्रवाई की गई। एयरपोर्ट ओ़पी. के अंतर्गत जू गेट नंबर-1 के पास चलाए गए चेकिंग अभियान के तहत । कार्रवाई की गई- वाहनों की जब्ती की गई। कुल 05 ऑटो ई-रिक्शा को जब्त कर डाक बंगला के निकट यातायात संचालन में लगाया गया। चालान जुर्माना की कार्रवाई के तहत 15 वाहनों पर 33,000 का पेंडिंग चालान काटा गया। ओ़पी़ प्रभारी द्वारा 09 वाहनों पर 4,600 का जुर्माना किया गया। कुल योगः इस क्षेत्र में कुल 24 वाहनों से 37,600 का जुर्माना वसूला गया। अभियान का कुल परिणाम - आज के इस विशेष एस ड्राइव अभियान के दौरान पटना यातायात पुलिस द्वारा कुल 07 ऑटो ई-रिक्शा जब्त किए गए और कुल 46 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 68,100 का जुर्माना व चालान काटा गया। पटना यातायात पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें और शहर को जाम-मुक्त बनाने में सहयोग दें।

### बिहार में नर्सिंग शिक्षा को मिलेगा नया आयाम, एएनएम संस्थानों का होगा उन्नयन

**पटना / एनएसबी।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में बिहार में नर्सिंग शिक्षा एवं बिहार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को सुढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, मानव संसाधन, डिजिटल निगरानी प्रणाली तथा संस्थागत सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आवश्यकता एवं उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एएनएम स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से जीएनएम स्कूलों में तथा पात्र जीएनएम स्कूलों को भारतीय नर्सिंग परिषद के मानकों के अनुरूप बी़एससी़ नर्सिंग कलेजों में उन्नत किया जाएगा। नर्सिंग संस्थानों की प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों एवं कौशल प्रयोगशालाओं के उन्नयन का कार्य भी किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 498 स्वीकृत नर्सिंग फैकल्टी पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा 270 ट्यूटर पदों पर त्वरित प्रतिनियुक्ति की जाएगी, जिससे नर्सिंग संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

नर्सिंग शिक्षा को तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से बीएनआरसी द्वारा डिजिटल सेल्फ-सर्टिफिकेशन प्रणाली, संस्थानों की डिजिटल मनिटरिंग व्यवस्था, बायोमेट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी निगरानी तथा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ सम्बद्ध किया जाएगा। इसके साथ ही सभी नर्सिंग संस्थानों के लिए संस्थागत अनुशासन एवं सोशल मीडिया नीति भी लागू की जाएगी। साथ ही बैठक में नर्स प्रैक्टिशनर इन मिडवाइफरी कार्यक्रम की सराहना करते हुए नर्स प्रैक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर कार्यक्रम प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया।

### बांकीपुर विधानसभा में मीठापुर में क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**पटना/ एनएसबी ।** बांकीपुर विधानसभा अंतर्गत मीठापुर में राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रेखा गुप्ता का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने किया और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की बाकी पुर विधानसभा में कोई भी त्रिकोणीय लड़ाई नहीं है यहां प्रशांत किशोर जो चुनाव लड़ रहे हैं वह अपने जीत का दावा कर रहे हैं वह 20 25 में भी सरकार बनाने का दावा कर रहे थे नतीजा यह हुआ कि उनके सारे प्रत्याशी की जमानत जप्त हो गई आज भी स्थिति वही है जन स्वराज का पेड़ स्टप के द्वारा बांकीपुर विधानसभा में प्रचार का काम चलाया जा रहा है धनबल उनके पास है लेकिन जन बल राष्ट्रीय जनता दल के पास है जनबल के आगे धन बल की हार निश्चित है उद् घाटन समारोह की अध्यक्षता डा रामानंद यादव ने किया और कहा की जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी को धूल चटाने का काम करेगी समारोह का संचालन पटना जिला के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दीनानाथ यादव ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रणविजय साहू माले के सांसद सुदामा प्रसाद कांग्रेस के प्रवक्ता मनजीत आनंद साहू कम्युनिस्ट पार्टी के सुदामा यादवजितेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार गणेश यादव पूजा शेखर यादव स्वीटी हेंब्रम अनीता भारती पासवान संमता देवी संजय यादव सहीत महागठबंधन के कई नेताओं ने संबोधित किया।


राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रेखा गुप्ता का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### चेक बाउंस मामले के निष्पादन को लेकर विशेष लोक अदालत आज

**दरभंगा (एनएसबी)।** शनिवार को चेक बाउंस मामले के निष्पादन को लेकर विशेष लोक अदालत आयोजित किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक मुकदमों के निपटारे को लेकर तैयारियां की जा रही है। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने बताया की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष लोक अदालत के लिए दरभंगा, बेनीपुर एवं बिरौल न्यायालय परिसर में लिए तीनों जगह एक एक बेंच गठित किया गया है। दरभंगा सदर के बेंच में न्यायिक सदस्य के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जुनैद आलम एवं अधिवक्ता सदस्य संजीव कुमार मौजूद रहेंगे। बेनीपुर न्यायालय परिसर में गठित बेंच पर न्यायिक सदस्य के रूप में एसडीजेएम रोहित कुमार गुप्ता एवं अधिवक्ता सदस्य विनय कुमार झा मौजूद रहेंगे। वहीं बिरौल न्यायालय परिसर में न्यायिक सदस्य के रूप में एसडीजेएम श्री प्रभात एवं अधिवक्ता सदस्य श्रीमती रीना कुमारी मौजूद रहेंगी। उन्होंने कहा कि विशेष लोक अदालत का आयोजन जन कल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा ने पक्षकारों को आपसी समझौते से एन आई एक्ट के मामलों को निष्पादित कराने का अवसर प्रदान किया है। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के इतर समय और खर्च की बचत के साथ साथ सौहार्दपूर्ण समझौते के लिए एक सुनहरा मौका है। सचिव आरती कुमारी ने बताया कि इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस मुकदमे के साथ साथ चेक बाउंस के मुकदमा पूर्व आवेदनों का भी निपटारा किया जाएगा।

### अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता (राजस्व) मनोज कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सरकारी योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण-पत्र निर्गमन तथा अन्य विषयों से संबंधित समस्याएँ शामिल रहीं।अपर समाहर्त्ता (राजस्व) मनोज कुमार ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई करते हुए आवेदकों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जटिल मामलों में आवश्यक जांच कर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक की घटनास्थल पर ही मौत

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** फेकला थाना क्षेत्र के परड़ी से गोढ़िया जाने वाली सड़क में सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौके वारदात हुई मौत। बताया जाता है कि गोढ़िया गांव निवासी रामबाबू सदा के लगभग 18 वर्षीय पुत्र सुंदर सदा एवं निर्गुण सदा के लगभग 18 वर्षीय पुत्र अजय सदा बरूआर हाट से अपने घर गोढ़िया जाने के क्रम में शुक्रवार की देर शाम करीब 8 बजे एक बिजली के पोल के खंभे में टकरा जाने से दोनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई । स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि परड़ी से गोढ़िया गांव जाने वाली मुख्य सड़क पर अचानक मोटरसाइकिल पोल से टकरा जाने पर दोनों की मौत हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी फेकला थाना पुलिस को दिया गया।जिसके बाद फेकला थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जख्मी दोनों युवक को इलाज के लिए डीएमसीएच ले जाया गया।जहां डीएमसीएच में चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है।जिसके बाद फेकला थाना के पुलिस के द्वारा अंतः परीक्षण कर परिजनों को सौपा जाएगा।

### सी.एम. साइंस कॉलेज ने मनाई बाबू चंद्रधारी सिंह की 130वीं जयंती

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिथिला में शैक्षणिक विकास के प्रबुद्ध हिमायती बाबू चंद्रधारी सिंह की 130वीं जयंती शुक्रवार को सी.एम. साइंस कॉलेज में मनाई गई। प्रधानाचार्य प्रो संजीव कुमार मिश्र के साथ अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित बाबू चन्द्रधारी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रधानाचार्य ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए बाबू चन्द्रधारी सिंह को मिथिला के उन दिग्गजों में से एक बताया, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान और उसके बाद भी मिथिला में भारतीय शैक्षिक परंपरा और संस्कृति की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किया। मिथिला महाविद्यालय को आर्थिक संकट से उबारने में उनकी महती भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि उनकी इस सहायता का ही प्रतिफल रहा कि महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर हुआ लेकिन उनके इस अभूतपूर्व मदद के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार सदैव उनके प्रति कृतज्ञ बना रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबू चन्द्रधारी सिंह मिथिला में शिक्षा के प्रसार के साथ साथ इसकी संस्कृति, कला और विरासत के संरक्षण के भी हिमायती थे। उनके अभूतपूर्व सहयोग से संरक्षित दरभंगा का यह महाविद्यालय और चन्द्रधारी संग्रहालय इसके जीवंत प्रमाण हैं। मौके पर भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार दास, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ विश्व दीपक त्रिपाठी, गणित विभागाध्यक्ष डॉ अभय सिंह, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ पूजा अग्रहरि, वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ खालिद अनवर, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद साह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ युगेश्वर साह एवं मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र कुमार झा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



### नई चीनी मील के स्थापना के लिए हुई आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा

**दरभंगा (एनएसबी)।** ईख पदाधिकारी, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में इंडियन पोटाश लिमिटेड कंपनी के बिहार प्रमुख सतविंदर सिंह सैनी और इनके टीम के साथ नई चीनी मिल के स्थापना के लिए आवश्यक बिंदु पर चर्चा की गई। जिसमे भौगोलिक, पारंपरिक एवं वैज्ञानिक खेती विशेष रोशनी डाली गई।तत्पश्चात रैयाम एवं सकरी चीनी मिल का क्षेत्र भ्रमण किया गया । गन्ना विकास के लिए गन्ना के प्रगतिशील किसान के खेत का भ्रमण किया। अजीत कुमार प्रसाद, सहायक निदेशक ईख विकास दरभंगा एवं पुष्कर राज, ईख पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

### कम बारिश से कृषक परेशान, सूखने लगे चापाकल

**जाले(एनएसबी)।** जाले विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों कम बारिश होने के कारण कृषक पूर्णतया बोरिंग पर निर्भर हो गयें हैं, रात भर बोरिंग चलती रहती है।बेकार के नलकुप से पानी भी बहता रहता है,जिस कारण पृथ्वी का जलस्तर नीचे हो गया है। दर्जनों चापाकल सूख गयें हैं अथवा सूखने के कगार पर है। बार बार चापाकल बैक झटका मार रहा है जिससे कइ लोगों को चोट भी लग गयी है। समय रहते यदि क्षेत्र में पानी की समस्या ठीक नहीं की गई तो, जल संकट से क्षेत्र के लोगों को सामना करना पड़ सकता है।

### बिहार राज्य बज्जिका विकास परिषद का 31वां स्थापना दिवस समारोह 22 जुलाई को

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार राज्य बज्जिका विकास परिषद के 31वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर बुधवार 22 जुलाई, 2026 को तारामंडल सभागार, दरभंगा में सारस्वत समारोह का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी बिहार राज्य बज्जिका विकास परिषद के महासचिव डॉ ओंकार प्रसाद सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि समारोह की अध्यक्षता बज्जिकांचल विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र राकेश करेंगे, जबकि उक्त अवसर पर ब्रह्मदेव प्रसाद कारयी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### बाईक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**जाले(एनएसबी)।** 12 जुलाई, 2026 की देर रात कमतौल कोठी स्थित बजरंगी मंदिर के सामने किराना दुकान पर खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी हो गई। इस संदर्भ में बिस्फी थाना क्षेत्र के रघौली गांव निवासी राजेश्वर ठाकुर के पुत्र विजय ठाकुर काफी खोजबीन के पश्चात अज्ञात चोर के विरुद्ध शुक्रवार को एक प्राथमिकी ,कमतौल थाना में दर्ज कराया है ।

# ओमेगा स्टडी सेंटर के बच्चों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में मारी बाजी

## संस्थान के 40 से अधिक बच्चे सफल, राष्ट्रीय स्तर पर आमना करीम को मिला 303 वी रैक

**दरभंगा (एनएसबी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित री-नीट 2026 के परिणाम में ओमेगा स्टडी सेंटर मिर्जापुर ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल किया है। संस्थान के 40 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर देश के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश सुनिश्चित किया है। पिछले 12 वर्षो से मेडिकल एवं आई आई टी प्रवेश परीक्षाओं में राज्य के अग्रणी संस्थानों में अपनी पहचान बनाए रखने वाले ओमेगा ने इस वर्ष भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। ओमेगा की छात्रा आमना करीम ने अपने श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 303 प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान के अन्य बच्चे नीली कुमारी 344, श्रुति कुमारी 873, शरजील नवाज 1117, कायनात खानम 1407, पियूष कुमार 1814, प्राची 2360, भव्या 2368, शशांक शेखर 3288, क्वादसिया कैफी 3832, श्रीकांत 4143, मयंक 4914, इसरत जहां 7456, जेबा परवीन 11445, अनोखी परी 11978, आशुतोष 11983, सिद्धार्थ 13174, स्वेता 17922, ज्योति भारती 19520 सहित तकरीबन तीन दर्जन बच्चों ने उक्त रैंक प्राप्त कर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में अपना नामांकन सुनिश्चित करते हुए अपने संस्थान कि श्रेष्ठता को राज्य स्तर पर पुनः सिद्ध किया है। संस्थान के चेयरमैन सुमन कुमार ठाकुर ने बताया की री-नीट 2026 में ओमेगा के 40 से अधिक बच्चों ने बेहतरीन परिणाम हासिल किया है इस तरह के श्रेष्ठ प्रदर्शन के पीछे बच्चों का सतत प्रयास संस्थान के अनुभवी शिक्षकों का कठिन परिश्रम और पुरे ओमेगा परिवार के सभी सदस्यों का समर्पित सहयोग रहा है। उन्होंने इसका सम्पूर्ण श्रेय संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित कुमार चौबे को दिया और कहा की उनके कुशल प्रबंधन के कारण हीं ओमेगा प्रत्येक वर्ष नया कीर्तिमान स्थापित करती है। वहीँ सुमित चौबे ने बच्चों को बधाई देते हुए अपने संस्थान के बायोलॉजी के एचओडी डॉक्टर कुमार शशि सहित तमाम शिक्षक रौशन कुमार, मुकेश श्रीवास्तव, हेमंत कुमार, निशिकांत सिन्हा, अनुज कुमार मिश्रा, धनंजय सिंह, विनोद कुमार, रोहित कुमार, विकाश कुमार, आर्यन कुमार, जीतेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, डी के वर्मा, अभिजीत कुमार, आशीष ओझा, दीपक कुमार, ऋषिकेश व अन्य सभी अनुभवी शिक्षकों के शानदार मार्गदर्शन हेतु वधाई व धन्यवाद दिया साथ ही बताया की पिछले वर्ष 2025 में भी संस्थान के 30 से अधिक विद्यार्थियों का चयन देश के विभिन्न गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में हुआ था। अभी तक सैंकड़ों छात्र-छात्राओं का चयन देश के विभिन्न प्रतिष्ठीत मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ है। इस मौके पर ब्रांच हेड प्रवीण कुमार सहित ओमेगा के पुरे मैनेजमेंट टीम चंद्रमणि, अनुराग, रोशन कुमार, लड्डू जी, प्रभाकर, आलोक, कमल, पूजा, नूतन, तनूजा, पुष्पा, अंजली, स्वीटी व अन्य सभी को भी उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



चेयरमैन सुमन कुमार ठाकुर, सुमित कुमार चौबे के साथ खुशी मनाते सफल बच्चे, शिक्षक एवं अन्य ।

### नीट (यूजी) में पाई सफलता



**हायाघाट (एनएसबी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के तहत राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सह प्रवेश परीक्षा नीट(यूजी) में हायाघाट प्रखंड के मझौलिया गांव निवासी सह शिक्षक कामदेव प्रसाद व गृहणी माला कुमारी की बड़ी पुत्री नैन्सी ने ऑल इंडिया रैंक में 10,16,341 वाँ व ओबीसी केटेगरी में 4,38,480 वाँ स्थान प्राप्त कर पूरे मझौलिया गांव का नाम रौशन किया है। उनका मानना है कि मेहनत,लगन से हर परीक्षा में बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा सोहन प्रसाद, रमेश प्रसाद,दादी, सूर्यकला देवी, अंजिला देवी, सचिन प्रसाद, राणा प्रसाद, महराणा प्रसाद, यामाहा, मुनचुन, मौसी स्टेशन अधीक्षक रूबी कुमारी, मृदुला, निशा, मामा राहुल कुमार सहित गुरुजनों को दिया है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि सफलता संसाधनों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से मिलती है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की राह आसान कर ली है। अपने पहले प्रयास में मिली इस सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। नैंसी ने दसवीं होली मैरी इंटरनेशनल स्कूल पंडासराय लहेरियासराय से की, जबकि बारहवीं ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल लक्ष्मीसागर दरभंगा से की।इसके बाद बेहतर तैयारी के लिए वह कोटा गई, जहां कड़ी मेहनत के दम पर उसने यह मुकाम हासिल किया।

# दरभंगा एम्स के मिट्टी भराई का कार्य हुआ प्रारंभ, सांसद ने कहा वर्षों का सपना हो रहा साकार

## पटना में बिहार के स्वास्थ्य सचिव के साथ सांसद ने की बैठक, एम्स दरभंगा की प्रगति को लेकर हुई चर्चा

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा एम्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस एम्स के निर्माण के लिए मिट्टी भराई का कार्य गुरुवार से प्रारंभ किया गया जिसे मिशन मोड में पूरा किया जाएगा। दरभंगा एम्स निर्माण के मुद्दे पर केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि गुरुवार को ही बिहार सरकार के स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि के पटना स्थित कार्यालय कक्ष में उन्होंने एक समीक्षा बैठक कर मिट्टीभराई कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का सुझाव दिया है तथा एम्स निर्माण की अन्य औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है।

सांसद डा ठाकुर एम्स निर्माण के लिए मिट्टी भराई कार्य के प्रारंभ किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स की स्थापना के लिए वे शुरू से ही प्रयास और संघर्ष कर रहे हैं जिसका सार्थक परिणाम धरातल पर साकार हो रहा है।सांसद डा ठाकुर ने विपक्षी दलों के साथ साथ दरभंगा एम्स के मुद्दे पर राजनितिक बयानबाजी करने वाले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की जमकर भर्त्सना करते हुए कहा है कि बिहार में महागठबंधन की सरकार में राजद कांग्रेस तथा तत्कालीन समय में महागठबंधन में शामिल दलों के दो दर्जन से अधिक सांसदों ने पत्र लिखकर दरभंगा के बदले दूसरे जिले में एम्स स्थापना मांग की थी तथा एम्स का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किए जाने के लिए वे वर्तमान एम्स निर्माण स्थल पर तीन दिनों तक आमरण अनशन किए परिणामस्वरूप देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों इसका भूमि पूजन हुआ था।सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एम्स को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच का एक ऐतिहासिक उपहार बताते हुए कहा है कि, मिथिला क्षेत्र के साथ उत्तर बिहार एवं सीमावर्ती नेपाल के करोड़ों लोगों के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में यह वरदान साबित होगा।



स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

# टीआरई 4 शिक्षक भर्ती विज्ञापन जुलाई में जारी हो तथा परीक्षा हो एकल

**दरभंगा (एनएसबी)।** टीआरई-4 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। एक वर्ष से टीआरई-4 अभ्यर्थियों द्वारा कई बार आंदोलन किया गया है लेकिन अभी तक विज्ञापन नही आया है। बिहार स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष छात्र नेता दिलीप कुमार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मांग किया कि अपने वादे के अनुसार जुलाई अंत तक टीआरई-4 का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया जाना चाहिए। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि फरवरी महीने में ही 46 हजार से अधिक सीटों के विज्ञापन हेतु बीपीएससी को शिक्षा विभाग ने अधियाचना भेजा था। बीपीएससी द्वारा 26 अप्रैल से फॉर्म भराने की भी बात कही गई थी लेकिन अभी तक टीआरई-4 शिक्षक भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित नही किया गया। वहीँ 8 मई को हुए आंदोलन के बाद शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई में हर हाल में विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा लेकिन अब कहा जा रहा है कि 25 जुलाई तक अधियाचना भेजी जाएगी। साथ ही पीटी के बाद मुख्य परीक्षा कराने की भी बात कही जा रही है। पहले 46000 पदों पर वैकेंसी निकालने के लिए अधियाचना भेजी गई थी और पहले की तरह सिर्फ एक यानी एकल परीक्षा की बात थी। लेकिन अब सिर्फ 20000 सीटों के लिए विज्ञापन निकालने की बात कही जा रही है और पीटी के बाद मुख्य परीक्षा की बात कही जा रही है। इस कारण 15 लाख से अधिक अभ्यर्थी काफी आक्रोशित हैं।



# एम्स जब डीएमसीएच में नहीं बना तो एलिवेटेड रोड की क्या आवश्यकता: अमरनाथ गामी

## कहा शहर के बीच से एलिवेटेड रोड बनाकर इन एच-57 को संपर्क देने का औचित्य क्या है?

**दरभंगा (एनएसबी)।** एम्स को डी एम सी एच स्थल पर बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार ने केंद्र को दिया था। एम्स के लिए फोर लेन सड़क संपर्क की शर्त थी। राज्य सरकार ने डीएमसीएच तक बाहरी संपर्क को फोर लेन से जोडने के लिए ही यह एलिवेटेड रोड स्वीकृत कराया था। लेकिन एम्स अटकते भटकते शोभन चला गया है और जब एम्स ही डी एम सी एच में नहीं बन रहा, तो डीएमसीएच को फोरलेन से जोड़ने वाली इस एलिवेटेड रोड के निर्माण की अब कोई जरूरत नहीं है। इसका मूल औचित्य ही समाप्त हो चुका है। उपरोक्त बातें शुक्रवार को अपने मसरफ बाजार स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अमरनाथ गामी ने कही। उन्होंने कहा कि यह दरभंगा की जनता के लिए मूल रुट से भटकाव है। जब बच्चा ही शोभन चला गया तो बच्चा का झूला शहर में क्यों। श्री गामी ने कहा कि दरभंगा एलिवेटेड रोड का निर्माण दरभंगा स्टेशन के पास से एन एच-57 को संपर्क देने के लिए प्रारंभ होना था, परंतु यह लास्ट पॉइंट एकमी से प्रारंभ हुआ है,जबकि दरभंगा शहर एन एच-57 से एकमी बाईपास के माध्यम से पहले से ही जुड़ा है और दूरी भी कम है। फिर शहर के बीच से एलिवेटेड रोड बनाकर इन एच-57 को संपर्क देने का औचित्य क्या है?इस रैंप व्यवस्था से शहर के पांच लाख लोगों को कोई लाभ नहीं है,क्योंकि चढ़ने का पॉइंट केवल स्टेशन-हराही तालाब मोड़ से है तो पूरा शहर वहीं आकर चढ़ेगा और उतरने का पॉइंट कपूरी चौक है जो डी एम सी एच मार्ग से जुड़ेगा।बेंता दुर्गा मंदिर से आमस लिंक है और जबकि आमस आई टी आई मोड़ से पहले ही एकमी से जुड़ रहा है। शहर को यहां से संपर्क का औचित्य नहीं।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व विधायक अमरनाथ गामी।

### लहेरियासराय टावर से दाएं

लोहिया चौक होकर एकमी पहुंचेगी। कमर्शियल चौक पर केवल डाउन रैंप सिर्फ उतर सकते हैं, चढ़ नहीं सकते। लोहिया चौक एस डी ओ आवास की तरफ संपर्क है। दारू भट्टी चौक की ओर डाउन रैंप में स्थल की समस्या सामने तिराहा, संकरी सड़क है।इससे शहर के प्रमुख इलाके वंचित रह जाएंगे और नीचे जाम रहेगा ही, जबकि ऊपर सड़क खाली। 57 फीट चौड़ी पुलनुमा सड़क का पिलर हर 100 फीट पर गड़ेगा, जिससे नीचे की सडक की चौड़ाई और कम होगी

### नीट-2026 में प्रशांत कुमार झा ने हासिल की सफलता, क्षेत्र का बढ़ाया मान



**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड की कुर्सो मछैता पंचायत के प्रशांत कुमार झा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-2026 में 575 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 20,502 हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे प्रखंड एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है।प्रशांत कुमार झा पूर्व सरपंच जय शंकर झा के पुत्र तथा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद् डॉ. राधाकांत झा के पौत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों तथा निरंतर मेहनत और अनुशासित अध्ययन को दिया है।प्रशांत शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा जेसस मैरी स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा हीरो पब्लिक स्कूल से 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। अब नीट -2026 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।प्रशांत की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


### बेनीपुर बीडीओ के निरीक्षण में फिर खुली लापरवाह कर्मियों की पोल

**पंचायत में लगातार निरीक्षण करने से कर्मियों में मचा हुआ है हरकम्प**



**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार कर्ण काम करने के अंदाज ने सभी को चौंका दिया है। पदभार ग्रहण करते ही जिस तरह उन्होंने एक-एक चीजों को बारीकियां से देखने के लिए स्पॉट निरीक्षण शुरू किया है उसकी चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। शुक्रवार को उन्होंने पंचायतों का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक सख्ती दिखाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जरिसो पंचायत कार्यालय में ताला लटका पाया, जिसके कारण कार्यालय बंद मिला और बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यपालक सहायक से लिखित जवाब तलब किया। बीडीओ राहुल कुमार ने मौके पर सभी कार्यपालक सहायकों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पंचायत कार्यालय में समय पर उपस्थित रहें और आम जनता के कार्यों का निपटाना सुनिश्चित करें। कार्यालयों में लापरवाही और अनुपस्थितियों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके बाद बीडीओ ने माधोपुर व हावीभौआड़ पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के आवासों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभुकों से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया ताकि नियत समय पर सत्यापन कर दूसरी किस्त जारी की जा सके। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लापता युवती अंबाला से सकुशल बरामद, नामजद आरोपी गिरफ्तार



**अलीनगर (एनएसबी)।** अलीनगर थाना क्षेत्र से लापता 18 वर्षीय युवती के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही युवती एवं आरोपी युवक को हरियाणा के अंबाला शहर से सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि इस संबंध में अलीनगर थाना कांड संख्या-91/26, दिनांक 06 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता ( की धारा 137(2), 87 एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। कांड के नामजद आरोपी राहुल कुमार, पिता अशोक राम, निवासी ग्राम सरमेरा, थाना सरमेरा, जिला नालंदा को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है।जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई को अलीनगर निवासी मोहम्मद अब्दुल अंसारी ने अपनी 18 वर्षीय पुत्री के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। आवेदन में राहुल कुमार पर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन एवं लगातार छापेमारी के आधार पर दोनों को हरियाणा के अंबाला शहर से सकुशल बरामद कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं, युवती का आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण एवं न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी कर उसे परिजनों को सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

### सिमरी गांव में युवक पर जानलेवा हमला,एफआईआर दर्ज

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी पंचायत के वार्ड संख्या सात निवासी धीरेन्द्र कुमार ठाकुर पर बदमाशो ने लाठी डंडे लोहे के रॉड से हमला कर दिया। हमले मे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी मे इलाज के लिये लाया गया। जहां गंभीर हालत देख उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। इस मामले मे धीरेंद्र ठाकुर ने अपने फुफेरे भाई समेत दो लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुवार की रात करीब आठ बजे सीतामढ़ी जिला के परसौनी थाना अंतर्गत मानेचौक धकजरी निवासी नवीन कुमार ठाकुर जो वर्तमान में सिमरी गांव में अपने चाचा की दुकान पर काम करता है तथा सिमरी निवासी राहुल कुमार ठाकुर ने लाठी-डंडे एवं लोहे की रॉड से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में उनकी दोनों आंखों में गंभीर चोट लगी तथा शरीर के कई हिस्सों में जख्म हो गए।प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहवाड़ा से बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने आवेदन में आरोप लगाया है कि दोनों आरोपित पहले भी कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं और लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मो. जीशान ने नीट-यूजी परीक्षा में 620 अंक लाकर बढ़ाया प्रखंड का मान



**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड के बराही गांव निवासी किसान पुत्र मो. जीशान आलम ने नीट-यूजी (मेडिकल) 2026 परीक्षा में 620 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 4983 तथा ईडब्ल्यूएस रैंक 499 हासिल कर बिथान प्रखंड और समस्तीपुर जिले का नाम रोशन किया है। जीशान आलम, कुतुबुद्दीन उर्फ बाबू साहब के पुत्र तथा डॉ. शहाबुद्दीन उर्फ डॉ. लल्लू जी के भतीजे हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर शिक्षाप्रेमियों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि जीशान अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर एक सफल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

### जिलाधिकारी ने जन संवाद में सुनीं आमजनों की समस्याएँ, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के दिए निर्देश



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आरटीपीएस, अतिक्रमण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, सड़क तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित अपनी समस्याएँ एवं आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले का नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंभीर एवं संवेदनशील मामलों में आवश्यकतानुसार स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन करें तथा पात्र लाभुकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दलित-गरीबों को सिर्फ चुनाव में याद करते हैं नेता : सुरेंद्र प्रसाद सिंह

### चकमोतीपुर में जन संवाद सह खेग्रामस सदस्यता अभियान के दौरान सुनी लोगों की समस्याएं



**ताजपुर (एनएसबी)।** ताजपुर प्रखंड के चक मोतीपुर गांव में रविवार को बिहार प्रदेश खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) के सदस्यता अभियान एवं दलित संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, किसान नेता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह एवं ललन दास ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि दलित-गरीब परिवार अनेक बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीर पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित-गरीबों की याद नेताओं को केवल चुनाव के समय आती है, जबकि वर्षभर वे उपेक्षा के शिकार बने रहते हैं। दलित संवाद के दौरान ग्रामीणों ने आधार कार्ड नहीं बनने अथवा उसमें सुधार नहीं होने, जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनने एवं बने हुए प्रमाण पत्र का ऑनलाइन नहीं होने, 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बावजूद जानकारी के अभाव में वृद्धावस्था, मोसमाती एवं दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन नहीं कर पाने, राशन कार्ड में छूटे नाम दर्ज नहीं होने, दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनने, पहचान पत्र एवं आधारकार्ड में अलग-अलग नाम, पता रहना, भूमि संबंधी कागजात अद्यतन नहीं होने तथा सरकारी अस्पतालों में समुचित सुविधा नहीं मिलने के कारण निजी चिकित्सकों पर अत्यधिक निर्भर रहने जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। माले नेताओं ने मांग की कि पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर इन समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए, ताकि गरीब एवं वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में वक्ताओं ने 25 जुलाई को प्रस्तावित ताजपुर प्रखंड-अंचल घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। सदस्यता अभियान के दौरान 1 सौ से अधिक ग्रामीणों ने खेग्रामस की सदस्यता भी ग्रहण की।

### समस्तीपुर मंडल द्वारा चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु समस्तीपुर मंडल द्वारा चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में
1. गाड़ी संख्या 04014/ 04013 आनंद विहार- लौकहा बाजार-आनंद विहार स्पेशल* (झंझारपुर-सकरी-सीतामढ़ी- रक्सौल-नरकटियागंज- बगहा-गोरखपुर के रास्ते) ह्य गाड़ी सं. 04014 आनंद विहार-लौकहा बाजार स्पेशल 13.08.26 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को तथा गाड़ी सं. 04013 लौकहा बाजार-आनंद विहार स्पेशल 18.08.26 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को परिचालित की जाएगी । 2. गाड़ी संख्या 05506/ 05505 सहरसा- पूर्णिया कोर्ट- सहरसा स्पेशल (दौरम मधेपुरा- बनमनखी के रास्ते) - गाड़ी सं. 05506 सहरसा- पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 31.07.26 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को तथा गाड़ी सं. 05505 पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल 03.08.26 तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को परिचालित की जाएगी । 3. गाड़ी संख्या 05543/ 05544 रक्सौल- नरकटियागंज- रक्सौल स्पेशल- गाड़ी सं. 05543 रक्सौल- नरकटियागंज स्पेशल 26.09.26 तक प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को तथा गाड़ी सं. 05544 नरकटियागंज- रक्सौल स्पेशल 26.09.26 तक प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को परिचालित की जाएगी ।

### अखिल भारतीय किसान महासभा जिला सम्मेलन 26 अगस्त को



**विभूतिपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय किसान महासभा समस्तीपुर जिला कमिटी की बैठक मालगोदाम चौक स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष महावीर पोद्दार की अध्यक्षता एवं प्रो उमेश कुमार के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। बैठक में 30 जुलाई 2026 तक सभी पन्चायतों में आम किसानों को व्यापक पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया है वहीं 15 अगस्त तक पन्चायत और प्रखंड सम्मेलन करने एवं 26 अगस्त को विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। वहीं किसान महासभा का राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महावीर पोद्दार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार खेती किसानी को अगर लाभकारी बनाना चाहती है तो सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण करना हो होगा। सिंचाई और रासायनिक उर्वरक की किल्लत दूर करना होगा। जिला सचिव ललन कुमार ने कहा कि जिले के अन्दर विभिन्न प्रखंडों में सड़क निर्माण के नाम पर किसानों का उपजाऊ जमीन अधिग्रहण बिना चार गुणा मुआवजे दिये अधिग्रहण किया जा रहा है। इन मुद्दों को लेकर किसान महासभा आन्दोलन चलाने को बाध्य होगी। बैठक में नन्द किशोर यादव, सुनील कुमार राय, शंकर प्रसाद यादव, अनिल चौधरी, विरेन्द्र यादव,सोने लाल पासवान, उमेश कुमार राय, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नैनो उर्वरकों पर किसान मित्र समूह का प्रशिक्षण

## 65 किसानों को मिला मिनी किट

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बिरौली में शुक्रवार को इफको द्वारा नैनो उर्वरक आधारित किसान मित्र समूह का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नैनो उर्वरकों, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं आधुनिक फसल सुरक्षा तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता केवीके की प्रमुख एवं वैज्ञानिक ई. विनीता कश्यप ने की। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों के प्रयोग से खेती की लागत में कमी, फसल की गुणवत्ता व उत्पादकता में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान संभव है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इफको, बिहार के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक,




कार्यक्रम में शामिल वैज्ञानिक व अन्य।

नैनो कॉपर, कंसोर्टिया एवं सागरिका तरल जैसे उन्नत उत्पादों की उपयोगिता एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में नैनो तरल उर्वरक अधिक प्रभावी, किफायती एवं पर्यावरण के अनुकूल हैं। साथ ही उन्होंने नैनो उर्वरकों के सही उपयोग, घोल तैयार करने की विधि, छिड़काव के समय एवं आवश्यक सावधानियों की तकनीकी जानकारी भी दी। केवीके के वैज्ञानिक डॉ. धीरू तिवारी ने जैव उर्वरकों के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि डॉ. भारती उपाध्याय ने एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन की आवश्यकता और उसके लाभों को समझाया। डॉ. वर्षा कुमारी ने भी किसानों को घरेलू स्तर पर पोषण एवं संसाधन प्रबंधन से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी। इफको के क्षेत्र अधिकारी अनमोल रत्न मिश्रा ने बताया कि नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर एवं सागरिका तरल के समुचित उपयोग से पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता 25 से 50 प्रतिशत तक कम की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी 65 किसानों को इफको मिनी किट का वितरण किया गया। इस किट में बायो डीकंपोजर, जैव उर्वरक, नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक, सागरिका घोल तथा जल विलेय उर्वरक शामिल थे। कार्यक्रम में किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

# 2,47,00,000/-रू० से होगा कपूर्री सभागार का कायाकल्प

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आखिरकार महापौर अनिता राम का प्रयास रंग लाया और शहर के कपूर्री सभागार के सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया। जिसमें दो करोड़ सैंतालीस लाख की लागत से सभागार का कायाकल्प होना है। शुक्रवार को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और मेयर अनिता राम ने नगर निगम स्थित ऐतिहासिक कपूर्री सभागार के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण, फॉल सीलिंग और सेन्ट्रल ए.सी. लगाने के कार्य का संयुक्त रूप से विधिवत शिलान्यास और शिलापट्ट का अनावरण किया। बताते चलें कि, इस महत्वपूर्ण परियोजना की नींव काफी पहले दिनांक-16.10.2024 को ही महापौर श्रीमति राम के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इस योजना का प्रस्ताव दिया गया था। तत्पश्चात महापौर के लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज इस योजना का शिलान्यास धरातल पर सम्भव हो सका है। इस शिलान्यास समारोह के अवसर पर शहर के कई वरिष्ठ जन प्रतिनिधि, राजनीतिक चेहरे और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। जिनमें से मुख्य रूप से एम.एल.सी. डॉ. तरूण कुमार चौधरी, नगर निगम के उपनगर आयुक्त विभूति कुमार, बुडको के प्रबंध निदेशक, बुडको के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जदयू जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, मनोज गुप्ता, उपमहापौर रामबालक पासवान, वार्ड पार्षद रामबदन राय वार्ड सं०-17, शम्भू कुमार राय वार्ड सं०-19, इनके साथ ही कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि, समस्तीपुर का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। कपूर्री सभागार के आधुनिक हो जाने से शहर वासियों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सरकारी आयोजनों के लिए एक बेहतरीन और सर्व सुविधा सम्पन्न जगह मिल सकेगी। वहीं महापौर श्रीमती राम ने नगर निगम कि प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। और वर्ष 2024 में शूरू की गई हमारी यह कोशिश आज धरातल पर उतर रही है।



अनावरण करते मंत्री व अन्य।

# इशांत को न्याय मिलने तक हम चुप नहीं बैठेंगे : पप्पू यादव

## कहा, बिहार में रोज हो रही लूट, बलात्कार, हत्या की घटना



जनाक्रोश सभा को संबोधित करते पप्पू यादव।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना के बंगराहा गांव में बीते दिन हुई इशांत उर्फ छोटू हत्या कांड के विरोध में शुक्रवार को क्रांति मैदान काँचा में जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने कहा कि जबतक छोटू के हत्यारे को कड़ी सजा और छोटू को न्याय नहीं मिलेगा तबतक हम चुप नहीं बैठेंगे। बिहार और देश में रोज लूट, हत्या, बलात्कार जैसी आपराधिक घटनाएं घट रही है और पटना एवं दिल्ली में बैठी सरकार हम सभी को बांटने का काम कर रही है। हम कृष्ण के बंसज है जो किसी से सख्या में कम नहीं है। आज जहाँ भी घटना हो रही है हम उस पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर दुख बाटने का काम करते है। उन्होंने कहा की निट छात्रा का बलात्कार हुआ, और भी छात्रा और महिलाए के साथ बलात्कार हुआ। यादवों परिवार के हत्या के साथ अन्य लोगो की भी हत्या हो रही है और सरकार चुप बैठी है। हमने सभी के घर जाकर दर्द बाटने का काम किया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। छोटू हत्या कांड में भी न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। सरकार स्पीडी ट्रायल चलाकर अपराधी और दोषी पुलिसकर्मी को सजा दे, नहीं तो आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर राजद नेता कौशलेंद्र राय, अखिलेश यादव, राम प्रवेश राय, अनिल कुमार यादव आदि ने भी संबोधित करते दोषी को सजा और पीड़ित परिवार को सुरक्षा के साथ मुआबजे की माँग सरकार से किया।

# मानसून की सक्रियता रहेगी जारी, 19-22 जुलाई को गरज

## वज्रपात के बीच भारी वर्षा के आसार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 18 से 22 जुलाई के बीच उत्तर बिहार के कई जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा। इस क्रम में समस्तीपुर, बेगूसराय, वैशाली, सारण, सीवान, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में 19 और 20 जुलाई के आसपास मेघगर्जन, वज्रपात, तेज हवा और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। शेष अन्य जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। केंद्र द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमान अवधि में अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। इस अवधि में दक्षिण-पूर्व दिशा से 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मानसून की सक्रियता को देखते हुए मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि, संभावित वर्षा का लाभ उठाते हुए धान की रोपाई में तेजी लाएं। रोपाई से पहले प्रति हेक्टेयर 25-30 किलोग्राम नाइट्रोजन, 40 किलोग्राम फॉस्फोरस, 30 किलोग्राम पोटाश और 26 किलोग्राम जिंक सल्फेट का प्रयोग करें। साथ ही निचली जमीन के चारों ओर मजबूत मेड़ बनाकर वर्षा जल का संचयन करने की भी सलाह दी गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को मिलेट, सूरजमुखी, आम और केले की खेती के लिए भी मौसम अनुकूल बताते हुए अनुशंसित किस्मों एवं उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी है। इसके अलावा फसलों में कीट एवं रोग की नियमित निगरानी, दुधारू पशुओं को संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा समय पर टीकाकरण कराने की अपील की गई है।

# नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस पर महिला किसानों के सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर महिला किसानों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा विशेष कार्यक्रम कल्याणपुर एफपीओ, लदौरा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के विशेष संदर्भ में महिला किसानों के जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन ह्लकृषि में महिलाएं: ज्ञान, नवाचार एवं सामूहिक प्रयास के माध्यम से सशक्तिकरणह्व विषय पर केन्द्रित था। कार्यक्रम में महिला किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला नेतृत्व वाले कृषि उद्यमों के सफल मॉडल एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों की जानकारी साझा की गई। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला किसानों एवं महिला समूहों के प्रयासों को भी सराहा गया। इस अवसर पर जलवायु अनुकूल एवं सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने कहा कि कृषि एवं ग्रामीण विकास में महिला किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला किसानों को ज्ञान, तकनीक, नवाचार, उद्यमिता तथा टिकाऊ कृषि के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि सामूहिक संस्थाओं से जोड़कर उनकी आर्थिक भागीदारी और निर्णय लेने की क्षमता को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड महिला किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से समावेशी और सतत ग्रामीण विकास को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के वैज्ञानिक नीलम कुमारी ने किसानों को अन्य तकनीकों से अवगत करायी। कार्यक्रम में यूको बैंक के प्रबंधक, एफपीओ के पदाधिकारियों, महिला किसानों, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

# 'भगिनी निवेदिता व्यक्तित्व विकास शिविर' समारोह पूर्वक संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), समस्तीपुर द्वारा आयोजित ह्यभगिनी निवेदिता व्यक्तित्व विकास शिविरह्न का शुक्रवार को कैलाश इन, समस्तीपुर में भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, शिक्षकों, अभाविप कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। समापन समारोह में बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अप्सरा मुख्य अतिथि तथा अभाविप की क्षेत्रीय छात्रा कार्य प्रमुख एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ममता कुमारी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं। सर्व प्रथम बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अप्सरा , मुख्य वक्ता क्षेत्रीय छात्रा कार्य प्रमुख एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ ममता कुमारी, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ स्मिता झा, प्रांत सह छात्रा प्रमुख शालू कुमारी, जिला छात्रा प्रमुख रानी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अप्सरा ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह कार्यक्रम अतुलनीय है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह और साइबर अपराध जैसी घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि किसी भी प्रकार के अन्याय या उत्पीड़न को कभी सहन न करें, बल्कि कानूनी अधिकारों का उपयोग करते हुए आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर, शिक्षित और जागरूक महिलाएं ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। मुख्य वक्ता डॉ. ममता कुमारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि ह्लज्ञान, शील और एकताह्व परिषद का मूल मंत्र है, जिसके आधार पर छात्र-छात्राओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक नेतृत्व, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास, संगठनात्मक कार्यशैली एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए गए। शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी प्रशिक्षकों, कार्यकताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आशी देव ने किया। समापन समारोह में विधान परिषद सदस्य डॉ तरुण चौधरी, प्रांत सह मंत्री अनुपम कुमार झा, शालू, आशी देव जिला संयोजक केशव माधव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निक्कू आर्या, शुभम कुमार नगर मंत्री विनीत कुमार ,नगर सह मंत्री प्रिंस चौधरी,जिला सोशल मीडिया संयोजक रंजन कुमार, अनुराग कुमार, मोहित कुमार मनीष कुमार जया, दिशा, शांभवी, तान्या, शिवानी, अंशू, दीपा, भारती, मुश्कान, मुश्कान झा, रुस्ची, स्वाति, रिशा, कुमकुम, खुशी, प्रगति, राजनंदी,निशा, तनिष्का, सुमन, श्रुति, दीपम,सीमा अदिति,अनुष्का सहित अभाविप के जिला एवं नगर इकाई के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।



हस्त शिल्प स्टॉल का निरीक्षण करते अतिथि व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी पुलिस ने चलाया गया विशेष कुर्की अभियान

**मधुबनी(एनएसबी)।**पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना के आदेशानुसार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देशन के आलोक में 16 जुलाई को गंभीर शीर्ष के कांडो हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पुलिस पर हमला इत्यादि के कांडो मे प्राथमिकता के आधार पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई करने को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 37 कुर्की वारंट का किया गया निष्पादन ।इस अभियान अंतर्गत कुल - 04 इश्तेहार वारंट का तमिला किया गया।अभियान के दौरान 96 सम्मन वारंट का निष्पादन किया गया।

### 16 हजार 841 एलपीजी गैस उपभोक्ताओं ने 16 जुलाई को किया बुकिंग

**मधुबनी, (एनएसबी)।**मधुबनी जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले भर में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक ससमय गैस उपलब्ध हो सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बुकिंग के अनुरूप तेजी से सिलेंडरों की आपूर्ति भी की जा रही है।शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देशजिला प्रशासन ने जिले के सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया है कि शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है अथवा वितरण में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी




### जनता दर्शन में सुनेंगे लोगों की समस्याएं, 18-19 जुलाई को मधुबनी में रहेंगे विधायक माधव आनंद

**मधुबनी, (एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र (36) के विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल के नेता माधव आनंद 18 एवं 19 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास पर मधुबनी रहेंगे। इस दौरान वे जिला अतिथि गृह (जिलाधिकारी आवास के समीप) में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे, सुझाव प्राप्त करेंगे तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं अनुशंसा करेंगे।अपने प्रवास के दौरान विधायक माधव आनंद विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे और क्षेत्र के लोगों से संवाद स्थापित करेंगे।विधायक माधव आनंद ने कहा कि जनता का विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा जनसेवा उनके सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वे सदैव जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने बताया कि 20 से 24 जुलाई तक आयोजित होने वाले बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में वे मधुबनी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई सहित अन्य जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को पूरी मजबूती और तथ्यों के साथ सदन में उठाएंगे।विधायक ने मधुबनी की जनता से अपील की है कि वे 18 एवं 19 जुलाई को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अपेक्षाएं साझा करें, ताकि संबंधित विभागों के समक्ष उन्हें प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



### 10 लाख की प्रतिबंधित कोडीन सिरप व नशीली दवा जब्त, दो गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।**भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को एसएसबी की 18वीं एवं 48वीं बटालियन तथा जयनगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। जयनगर थाना क्षेत्र के पटना गद्दी रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप एवं नशीली दवाएं बरामद की गईं। जब्त दवाओं की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई में एक कारोबारी तथा ट्रांसपोर्ट कर्मी को गिरफ्तार किया गया।छापेमारी एसएसबी 48वीं बटालियन जयनगर के डिप्टी कमांडेंट हरी नारायण जाट, एसएसबी 18वीं बटालियन राजनगर के अराही बीओपी के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार, जयनगर थाना के एसआई बेलाल खान, अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी तथा सीआई दीपक कुमार की मौजूदगी में की गई। कार्रवाई कई घंटे तक चली, जिससे शहर में प्रतिबंधित कोडीन सिरप एवं नशीली दवाओं के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।डिप्टी कमांडेंट हरी नारायण जाट ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बेला बांध चौक पर गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी की टीम ने एक बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी ली। युवक की पहचान देवधा थाना क्षेत्र के पीठवा टोला, उसराही गांव निवासी श्याम मुखिया के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 220 बोतल प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई।पूछताछ में श्याम मुखिया ने जयनगर के पटना गद्दी रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट गोदाम में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं रखे होने की जानकारी दी। इसके बाद एसएसबी 18वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार ने एसएसबी 48वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट हरी नारायण जाट को सूचना दी। दोनों बटालियनों के जवानों तथा जयनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने ट्रांसपोर्ट परिसर में छापेमारी की।कार्रवाई के दौरान दंडाधिकारी के रूप में मौजूद अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी की निगरानी में गोदाम का ताला तोड़कर तलाशी ली गई। गोदाम से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप एवं नशीली टैबलेट बरामद की गई। मौके से ट्रांसपोर्ट कर्मी मुन्ना कामत, निवासी उसराही (देवधा थाना क्षेत्र), को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस और एसएसबी ने जब्त सभी दवाओं को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।




### मधुबनी पुलिस ने बड़ी आपराधिक वारदात टाली, अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।**मधुबनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक संभावित आपराधिक घटना को विफल कर दिया। रुद्रपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि 17 जुलाई की देर रात रुद्रपुर थाना पुलिस को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि जलसेन गांव निवासी धीरज पाठक अपने साथियों के साथ दुर्गा मंदिर के समीप अवैध हथियार लेकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दो संदिग्ध भागने लगे। पीछा कर धीरज पाठक को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गंगई कामत अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। तलाशी के दौरान धीरज पाठक के पास से एक देशी कट्टा और दो स्मार्टफोन बरामद किए गए। पूछताछ में धीरज ने खुलासा किया कि रमन झा ने उसे हथियार उपलब्ध कराया था तथा लूटपाट और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए उकसाया था। इसके आधार पर पुलिस ने रमन झा को भी गिरफ्तार कर लिया।एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपराध स्वीकार किया है। जब्त सामग्री को विधिवत जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस संबंध में रुद्रपुर थाना में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार धीरज पाठक एवं फरार आरोपी गंगई कामत का आपराधिक इतिहास भी रहा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# आमजनों की समस्याएं, समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश,:डीएम

**मधुबनी, (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान ह्व कार्यक्रम के तहत आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है।*कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में बेनीपट्टी मधवापुर निवासी शिवलाल पासवान के द्वारा बासुकी बिहार उत्तरी पंचायत के मुख्य मार्ग में जल निकासी कराने हेतु आवेदन दिया। वही कृष्ण देव ठाकुर दुर्गीपट्टी निवासी ने नल जल कार्य का मानदेय बकाया राशि नहीं मिलने के संबंध में शिकायत किया। प्रखंड खुटौना ग्राम पंचायत दुर्गीपट्टी के मनोज पंजियार ने तालाब उड़ाही एवं अतिक्रमण मुक्ति को लेकर आवेदन दिया। ग्राम पंचायत बाघा कुसमार टोले एकडारा के उमेश कुमार मंडल एवं समस्त ग्रामीण वासियों के द्वारा सरकारी आम रास्ता को अतिक्रमण से मुक्त करने एवं आवागमन बहाल करने के संबंध में आवेदन दिया। प्रखंड बिस्फी सिमरी निवासी ऋषिकांत राउत के द्वारा अत्यधिक बिजली बिल आने,मानसिक उत्पीड़न एवं अवैध रूप से बिजली कनेक्शन काटे जाने के संबंध में शिकायत किया गया। प्रखंड बाबूबरही पंचायत घंघौर निवासी ममता देवी के द्वारा विधवा महिला को बाल संरक्षण पोषण योजना के तहत दो नाबालिक बच्चों को लाभान्वित करने के संबंध में पत्र दिया।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्वह्व *कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। *कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के द्वारा हरेक महीने के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को पंचायत में सहयोग शिविर चलाया जा रहा है। जो पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया है। आए हुए आवेदनों का तीस दिनों के अंदर उसका निष्पादन किया जाना है। अपनी शिकायतों को लेकर घर बैठे ही सहयोग शिविर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है!


शिकायत सुनते जिला अधिकारी

## लदनियां के सभी पंचायतों में खुलेंगे जीविका सुधा बिक्री केंद्रः बीपीएम

**लदनिया: (एनएसबी)।**मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित जीविका दीदियों को अतिरिक्त रोजगार मुहैया करने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में जीविका सुधा बिक्री केंद्र की स्थापना की जाएगी। यह लाभ पूर्व से रोजगार कर रहे हैं जीविका दीदियों को ही मिल सकता है। उन्हें इस मद में कुल पचहत्तर हजार की राशि दी जाएगी जिसमें साठ हजार परियोजना द्वारा दिए जाएंगे तथा पंद्रह हजार उन्हें स्वयं का अंशदान करना होगा। साठ हजार से डीप फ्रीजर (तीन सौ लीटर), विजी कुलर (तीन सौ लीटर), ब्रांडिंग, पेंटिंग, दुकान का रिपेयरिंग तथा ट्रांसपोर्टेशन का खर्च वहन किया जाएगा। उक्त बातें प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर धनंजय कुमार ने बताया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक लाभार्थी को ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। सभी आवेदन ऑनलाइन आवेदन का भौतिक सत्यापन करने के बाद लाभार्थी का चयन ऑनलाइन रेडमाइज्ड लॉटरी सिस्टम के माध्यम से होगा। इसके लिए आवेदिका को सर्वप्रथम मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित स्वयं सहायता समूह का सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है। दीदी का प्रोफाइल लोकोस एप्लीकेशन में एंट्री हो गया हो, उनके द्वारा लिए गए सभी प्रकार के ऋण का शत प्रतिशत भुगतान हो गया हो, आवेदिका संबंधित पंचायत की स्थाई निवासी हो, इस पंचायत क्षेत्र में आवेदिका की अपनी या लीज पर अथवा किराए की स्थाई दुकान हो दुकान का न्यूनतम आकार 70 वर्ग फीट होना चाहिए। दुकान में वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए तथा कंफेड के दुग्ध वाहन के आने-जाने के लिए सड़क संपर्क अच्छा होना चाहिए

इच्छुक आवेदिका आधिकारिक पोर्टल पर जाकर पहले अपना रजिस्ट्रेशन करेगी और उसके बाद सभी आवश्यक जानकारियां भर कर आवेदन को सबमिट करेगी। इसके लिए उनके पास निम्नलिखित दस्तावेज होना आवश्यक है। सक्रिय मोबाइल नंबर, आधार नंबर, लोकोज आईडी, पूरा पता (स्थाई निवास प्रमाण पत्र), दुकान की फोटो, दुकान की लंबाई और चौड़ाई का विवरण, बिजली बिल की स्कैन कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की स्कैन कॉपी, दुकान के स्वामित्व लीज या किराएदारी से संबंधित वैध दस्तावेज। इच्छुक लोग जल्द से जल्द अपना-अपना ऑनलाइन आवेदन भरे। किसी भी तरह की समस्या होने पर अपने-अपने संकुल स्तरीय संघ के कार्यालय से अथवा जीविका कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## कोरिया टोल पुल के लिए 11.02 करोड़ की नई पुल योजना प्रशासनिक स्वीकृति

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।**बेनीपट्टीझ्रउमगांव मुख्य पथ पर कोरिया टोल स्थित वर्षों से जर्जर पड़े पुल के निर्माण को लेकर सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे पर अब पथ निर्माण विभाग सक्रिय हो गया है। जिला लोक शिकायत निवारण प्राधिकरण में दायर परिवाद की सुनवाई के दौरान विभाग ने विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए पुल की वर्तमान स्थिति और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी।पथ निर्माण विभाग, मधुबनी के पत्रांक-771, दिनांक 18.05.2026 के अनुसार बेनीपट्टीझ्रउमगांव पथ के सातवें किलोमीटर पर स्थित 3.15 मीटर स्पैन का एच.एल. आरसीसी पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुल के बीच वाले स्पैन के दो गर्डर पूरी तरह फेल होकर झुक चुके हैं, जिसके कारण पुल से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। फिलहाल लोगों की आवाजाही के लिए बिटुमिनस डायवर्जन बनाकर यातायात संचालित किया जा रहा है।प्रतिवेदन में बताया गया है कि अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-3429(ई), दिनांक 23.07.2024 के आलोक में पुल की मरम्मत एवं पुनर्वास के लिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड को प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया था।इसके अनुपालन में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड ने स्थल सर्वेक्षण के बाद पत्रांक-767, दिनांक 13.12.2024 के माध्यम से उसी स्थान पर 3.16 मीटर आकार के नए पुल का विस्तृत प्राक्कलन विभाग को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेज दिया है। इस नए पुल की अनुमानित लागत 11 करोड़ 2 लाख 3 हजार रुपये निर्धारित की गई है। विभाग ने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होते ही बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा नए पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने विभागीय प्रतिवेदन के आधार पर मामले का निष्पादन करते हुए आदेश की प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मधुबनी को भेजने का निर्देश दिया। सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा ने कहा कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मामले में विभागीय कार्रवाई सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि अब प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद शीघ्र निर्माण कार्य शुरू हो, ताकि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।


जर्जर पुल

## 90 बोतल शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार

**खजौली (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने एस आई लोकेश कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की रात गस्ती के दौरान 90 बोतल शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने शराब धोने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त किया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान नगर थाना क्षेत्र के वार्ड 36 बहुआरा गांव निवासी लक्ष्मण महतो के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुआ है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सपन कुमार ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस की टीम जैसे ही सुक्की साइफन पुल पर पहुंचे। इस दौरान एक तेज गति से विपरीत दिशा से आ रहे हैं मोटरसाइकिल चालक को पुलिस टीम के द्वारा रुकने के इशारे करने पर मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल घूमर भागने की प्रयास करने लगा। इसी दौरान जल्दबाजी में मोटरसाइकिल चालक वाहन सहित वहीं पर गिर गया जिन्हें गश्ती दल में शामिल पुलिस बल के द्वारा अपने कब्जे में लेने के बाद मोटरसाइकिल के सीट पर बंधे एक काले रंग की बाग तलाशी लेने पर उसमें से तीन सौ एमएल के 90 बोतल शराब बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने बाइक सहित बरामद शराब को जप्त करते हुए हिरासत में लिए युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है।

### तीन दिवसीय मिथिला लोक उत्सव आज से

**लदनियां (एनएसबी)।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था आदर्श महिला मंडल लड्डुगामा के द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कल्चर फंक्शन एंड प्रोडक्शन ग्रांट स्कीम के तहत तीन दिवसीय मिथिला लोक उत्सव का आयोजन स्थानीय गायत्री विवाह भवन पिपराही बाजार लदनियां में शुरू की जाएगी। जिसमें पहले दिन श्री संजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में गीत संगीत के कार्यक्रम के तहत सूफी, सोहर, गजल, भजन, शास्त्रीय संगीत, विरहा, कब्बाली, लोकगीत, सोहर आदि की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन रवि रंजन कुमार के निर्देशन में हिंदी, मैथिली, मगही, भोजपुरी, अवधी तथा उत्तर भारत के प्रमुख लोक नृत्य कजरी, चौमासा, डोमकछ, झूमर के अतिरिक्त अन्य लोक नृत्यों की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन सुश्री स्तुति कुमारी के निर्देशन में बादल सरकार के द्वारा लिखित नाटक सारी रात तथा फणीश्वर नाथ रेणु के द्वारा लिखित नाटक रसप्रिया का मंचन किया जाएगा।

# युवाओं के समग्र विकास, जन-जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर

**मधुबनी, (एनएसबी)।** जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में ह्यमेरा युवा भारतह्व जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवाओं के सर्वांगीण विकास, विभिन्न विभागों के बीच अभिसरण को सुदृढ़ बनाने तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर युवा विकास से संबंधित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 अगस्त तक संचालित विशेष पंजीकरण अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से युवाओं को स्वयंसेवा कौशल विकास, नेतृत्व विकास, विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा राष्ट्रीय स्तर के अनेक अवसरों का लाभ प्राप्त होगा, जिससे उनका व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक सहभागिता और अधिक सशक्त होगी।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को अपने-अपने प्रखंडों में साइबर सुरक्षा, सड़क एवं यातायात सुरक्षा के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र के रूप में कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को समय पर क्षय रोग (टीबी) की जांच कराने तथा जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करने को कहा। जिलाधिकारी ने नशा मुक्त भारत अभियान में युवाओं की सक्रिय एवं प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए जिले में विभिन्न सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। मानसून के दृष्टिगत सुरक्षा उपायों की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने युवा स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बच्चों एवं अभिभावकों को नदियों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों के समीप जाने से होने वाले संभावित खतरों के प्रति जागरूक करें, ताकि डूबने जैसी दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले में भव्य एवं व्यापक युवा कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिसमें अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, नवाचार एवं सामुदायिक सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में क्षय रोग (टीबी) की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की तथा आम नागरिकों से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर समय पर जांच कराएं, उपचार पूर्ण करें तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।जिलाधिकारी ने कहा कि संगठित प्रयास, विभागीय समन्वय एवं युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा के माध्यम से ही समाज में व्यापक जन-जागरूकता लाकर विकसित, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है!


बैठक करते जिला अधिकारी

# रोहुआ में पीएनजी गैस पाइपलाइन फटने से गैस रिसाव, 5 स्कूली छात्राएं हुईं बेहोश

## ग्रामीणों में दहशत के बीच बनी रही भगदड़ की स्थिति, मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने स्थिति को बनाया सामान्य

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुशहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ इलाके में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बुडको (के निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने से तेज गैस रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना के बाद एहतियातन पास स्थित हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में तत्काल छुट्टी की घोषणा कर दी गई।

स्कूल परिसर में मौजूद बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गैस रिसाव की फैली खबर से मची भगदड़ और अफरा तफरी को देखकर रोहूआ हाइस्कूल की छात्राएं स्कुल में ही रुक गई। बताया जाता है कि कुछ देर बाद सकूल में रुकी 5 लड़कियां बेहोश हो गई। यह स्थिति देख स्कुल के प्रभारी प्राचार्य ने स्थानीय प्रशासन को सूचित करते हुए अविलंब बीमार हुई बच्चियों को मुशहरी पीएचसी भिजवाया।


बेहोश हुई छात्राओं के इलाज को लेकर अस्पताल में बनी रही अफरा तफरी की स्थिति।


बेहोश छात्रा को सामान्य स्थिति में लाने की कोशिश में स्वास्थ्यकर्मी।


गैस के कुप्रभाव से अस्पताल में इलाजरत स्कूली छात्रा।

उधर, हाइस्कूल की बच्चियों के पीएनजी गैस के कुप्रभाव से बीमार होने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मुशहरी पिएचसी पहुँचे और अस्पताल में भी अफरा तफरी मच गई। हालांकि डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा की गई त्वरित इलाज के बाद तीन बच्चियों को तुरंत होश आ गया। जबकि दो लड़कियो की स्थिति गंभीर बनी रही। संयोग से कुछ देर के प्रयास के बाद उन दोनों की भी चेतना लौट आई। इसके बाद डॉक्टर ने सभी बच्चियों को वेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। उधर, खुदाई के दौरान पाइप फटने से पीएनजी

गैस के इलाके में फैलने और स्कूली बच्चों के इसके प्रभाव से बीमार होने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और सभी ने घटनास्थल पर घबराई भीड़ कोस्थिति की वास्तविकता से अवगत कराते हुए स्थिति को सामान्य बनाया।

फिलहाल प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करने की अपील की है। गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारणों और पूरे मामले की जांच की जा रही है। बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। एसकेएमसीएच के डॉक्टरों ने बीमार बच्चियों के संबंध में बताया कि गैस के कुप्रभाव से स्कुल की छात्राएं बीमार हुई थी। लेकिन इलाज के बाद सभी की स्थिति सामान्य हो रही है। तीन छात्राओं को घर भेज दिया गया है और दो अभी इलाज में है, उसे भी जल्दी अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। वही प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि खुदाई के दौरान गैस पाइप कैसे फटा, इस मामले की जांच का आदेश जारी कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को सरेआम गोली मारी, गंभीर हालत में एसकेएमसीएच में भर्ती; पुलिस की छापेमारी

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में शुक्रवार को एक युवक को सरेआम गोली मार दिए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही साहेबगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सूरज का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है और वह कई मामलों में जेल भी जा चुका था। हाल ही में वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, जेल से रिहा होने के बाद उसने अपराध का रास्ता छोड़कर सामान्य जीवन जीना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक घटना के पीछे सूरज के एक पुराने आपराधिक साथी का हाथ बताया जा रहा है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान सूरज द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी गुस्से में आ गया और उसने सूरज पर गोली चला दी। गोली लगते ही सूरज मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल सूरज को पहले नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है और उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही साहेबगंज थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायल के परिजनों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है और गोलीबारी के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है। घटना के बाद रसूलपुर गांव और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।


रेफर किए जाने के बाद परिजन के साथ एसकेएमसीएच पहुंचा घायल युवक।


### कमलपुरा स्वराज आश्रम में स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मृति भवन के निर्माण के लिए विधान पार्षद देबेश कुमार ने प्रदान किया 14.99 लाख की राशि

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भाजपा विधान पार्षद देवेश कुमार ने किसानों के भगवान कहे जाने वाले स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम से पारु प्रखंड के कमलपुरा स्थित ऐतिहासिक स्वराज आश्रम प्रांगण में भवन निर्माण व सौंदर्यकरण के लिए शुक्रवार को पटना में स्वराज आश्रम के वर्तमान कर्ता धर्ता रानू शंकर को अपने विधान पार्षद निधि से 14 लाख 99 हजार रुपए प्रदान किया। ज्ञात हो कि कमलपुरा का ऐतिहासिक स्वराज आश्रम से न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का इतिहास जुडा है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानी, महान किसान नेता एवं किसानों के भगवान स्वामी सहजानंद सरस्वती द्वारा 1918 में स्वतंत्रता आंदोलन में शुरू किए गए मुठिया आंदोलन का यह आश्रम गवाह भी हैं। स्वामी जी के तीन सहयोगियों स्वतंत्रता सेनानी बाबू यमुना कार्जी, राधामोहन सिंह एवं मुचकुन्द बाबू इन तीन विभूतियों के इतिहास को संरक्षित करने तथा स्वराज आश्रम के इस धरोहर को पुनर्जीवित करने के लिए उन्होंने यह राशि प्रदान की।


स्वराज आश्रम के कर्ताधर्ता को भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करते एमएलसी देवेश कुमार।

### सीडीपीओ एवं मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को किया रवाना

**कांटी (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर डायोसिसन सोशल सर्विस सोसाइटी द्वारा संचालित रौशनी परियोजना के तहत मोबाइल वैन जागरूकता वाहन को कांटी प्रखंड परिसर से संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कांटी सीडीपीओ मीरा कुमारी व प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष सह जिला मुखिया संघ की उपाध्यक्ष कुमारी याचना शाही ने संयुक्त रूप से इस जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मुखिया ज्ञान कौशिक होरिल, महिला पर्यवेक्षिका नीतु कुमारी, कामिनी कुमारी, शिक्षा विभाग के कर्मी राहुल राज, मनीष कुमार, अजय कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी, एमडीएसएसएस के जिला समन्वयक सिस्टर कुसुम, एनिमेटर कृष्ण कुमार और ओमप्रकाश सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नेटवर्किंग एवं इंफॉर्मेशन मोबिलाइजर अंगद कुमार ने बताया कि यह मोबाइल जागरूकता वाहन गांव-गांव घूमकर लोगों को दत्तक ग्रहण अडॉप्शन और फोस्टर केयर के बारे में जागरूक करेगा। दो दिवसीय जागरूकता अभियान के पहले दिन प्रसाद, बखरी, बिशुनपुर पाण्डेय और रेपुरा क्षेत्र के लोगों को दत्तक ग्रहण एवं फोस्टर केयर की जानकारी दी गई। मौके पर लोगों को सूचना पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। एमडीएसएसएस के निदेशक फादर चार्ल्स ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में दत्तक ग्रहण की कानूनी प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाना और फोस्टर केयर कार्यक्रम से लोगों को अवगत कराना है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को लाभ मिल सके। नेटवर्किंग एवं इंफॉर्मेशन मोबिलाइजर अंगद कुमार ने बताया कि यह अभियान बाल कल्याण और गोद लेने की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम माना जा रहा है।



# विभिन्न जिलों में बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**मुजफ्फरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में करते थे चोरी, 9 शातिर गिरफ्तार, भारी मात्रा में तार बरामद**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली तार चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। हत्था थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर गिरोह के 9 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो चोरी चुपके बिजली के पोल से तार काटकर बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार चोरो के पास से बड़ी मात्रा में चोरी किए गए बिजली के तार भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार सभी आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। साथ ही पुलिस तार चोर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार को हत्था थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ-2 मनोज कुमार सिंह ने इस मामले में बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। यह गिरोह मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले के सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से बिजली के तार चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। पुलिस को इनकी गतिविधियों की लगातार शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद विशेष टीम बनाकर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में बरियारपुर थाना क्षेत्र के संतोष कुमार, सकरा थाना क्षेत्र के राकेश शाह और राजेश कुमार तथा समस्तीपुर जिले के पूसा थाना क्षेत्र का रहने वाला कमलेश झा, प्रियांशु कुमार, आदर्श कुमार, चंद्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार और अविनाश कुमार शामिल है।

पुलिस के अनुसार गिरोह के ज्यादातर सदस्य पूसा-हरपुर इलाके के रहने वाले हैं और काफी समय से इस तरह की घटनाओं में शामिल थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 30 किलोग्राम एलटी एबी काला केबल और चार बंडल एससीएसआर एल्युमिनियम तार बरामद किया हैं, जिसका वजन 50 किलोग्राम से अधिक बताया गया है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि ये तार चोरी के हैं। पुलिस बरामद सामान के बारे में भी विस्तार से जांच कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि हत्था थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ समय से बिजली के तार चोरी होने की लगातार कई घटनाएं होने की सुचना मिली थी, इससे बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही थी और विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की, जिससे पूरे गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से भी बिजली तार चोरी के मामले दर्ज हैं।


तार चोर गिरोह की गिरफ्तारी के संबंध में मीडिया को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

अब इनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन्होंने किन-किन इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। प्रेस वार्ता के दौरान हत्था थानाध्यक्ष लोकेश कुमार चौधरी, दरोगा चितरंजन प्रसाद साह, संकेत कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# डीआईजी ने तिरहुत रेंज के सभी एसएसपी एवं एसपी के साथ की अपराध की समीक्षा

## मुख्यमंत्री के शिवहर दौरे की सुरक्षा, लंबित कांडों के निष्पादन और एनडीपीएस मामलों पर दिया विशेष जोर

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** तिरहुत क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक चंदन कुशवाहा की अध्यक्षता में शनिवार को तिरहुत रेंज के सभी जिलों के वरिय पुलिस अधीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ शुक्रवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था, लंबित कांडों के निष्पादन, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, नशा तस्करी, साइबर अपराध तथा मुख्यमंत्री के प्रस्तावित शिवहर दौरे की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।


तिरहुत क्षेत्र के सभी जिले के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक करते डीआईजी चंदन कुशवाहा।

बैठक में 19 जुलाई को मुख्यमंत्री के शिवहर आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक प्रबंधन, प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी निगरानी तथा भीड़ नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों के निष्पादन में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया, लेकिन हत्या, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, साइबर अपराध एवं मानव तस्करी से जुड़े मामलों में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित वारंटों के निष्पादन तथा कुर्की की कार्रवाई तेज करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में सभी पुलिस अधीक्षकों को प्रत्येक जिले में नारकोटिक्स एवं साइबर सेल की नियमित समीक्षा करने, एनडीपीएस मामलों में चिन्हित हॉटस्पॉट पर लगातार छापेमारी, एफएसएल जांच रिपोर्ट समय पर प्राप्त कर शीघ्र आरोपपत्र दाखिल करने तथा जमानत पर छूटकर दोबारा अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, मानव तस्करी और नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने, प्रत्येक थाने में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा अपराध से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई तेज करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में सभी पुलिस अधीक्षकों को एक माह के भीतर लंबित मामलों के निष्पादन, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# लंगट सिंह महाविद्यालय में 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ऐतिहासिक लंगट सिंह महाविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी रचना 'रश्मिरथी' के गौरवशाली 75 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'रश्मिरथीः आधुनिक संदर्भ में' विषय पर केंद्रित इस बौद्धिक महाकुंभ का आयोजन कॉलेज के कृपलानी सभागार' में हुआ, जिसमें देश के प्रख्यात साहित्यकारों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया।


राष्ट्रीय संगोष्ठी के मौके पर अतिथियों के साथ उपस्थित अन्य वक्ता।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने कहा कि लंगट सिंह महाविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि भारतीय चेतना और राष्ट्रकवि दिनकर की साहित्यिक साधना का साक्षात तीर्थस्थल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' वर्ष 1950 से मार्च 1952 तक लंगट सिंह महाविद्यालय में ही हिन्दी विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। उनकी इस अमर काव्य-कृति 'रश्मिरथी' का सृजन और संपूर्ण वैचारिक ताना-बाना इसी महाविद्यालय परिसर में अध्यापन कार्य के दौरान ही बुना गया था, जो इस संस्थान के गौरव को और अधिक बढ़ा देता है। रश्मिरथी केवल महाभारत के एक उपेक्षित पात्र की कथा नहीं है, बल्कि यह हर युग के उस शोषित, वंचित और अपनी योग्यता के दम पर समाज में स्थान खोजने वाले व्यक्ति का महाघोष है। प्रो कनुप्रिया ने आगे कहा कि यह आयोजन केवल इतिहास को याद करना नहीं है, बल्कि वर्तमान पीढ़ी में राष्ट्रवाद, स्वाभिमान और साहित्यिक चेतना की नई ऊर्जा का संचार करना है। विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित प्रख्यात कवि और साहित्यकार डॉ. संजय पंकज ने कहा कि रश्मिरथी केवल शब्दों का संकलन नहीं, वरन यह दिनकर के हृदय की धधकती हुई ज्वाला है जो सत्तर वर्षों से अधिक समय से सुलगते मानवीय प्रश्नों को प्रकाशित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह महज एक कविता नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा का आत्मसंवाद है। दिनकर स्मृति न्यास, पटना के सचिव अरविन्द कुमार सिंह ने अपने संबोधन में 'रश्मिरथी' के सुप्रसिद्ध तृतीय सर्ग का ओजपूर्ण पाठ किया तथा कहा कि दिनकर जी की लेखनी में जो अंगारे थे, वे समाज की कुरीतियों को भस्म करने और न्याय की स्थापना के लिए थे। संगोष्ठी की समन्वयक व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ राधा कुमारी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि दिनकर जी की विरासत को सहेजना और नई पीढ़ी तक उनके विचारों को पहुँचाना हिन्दी विभाग का परम कर्तव्य है। संगोष्ठी में प्रो एसआर चतुवेर्दी, प्रो पुष्पा कुमारी, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ रीमा कुमारी, डॉ वेदप्रकाश दुबे, डॉ नवीन कुमार, डॉ सुधांशु, डॉ आनंद कुमार सिंह सहित कई अन्य साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

# डॉ तृप्ति सिंह की काव्य पुस्तक 'उस दुनिया तक' का हुआ लोकार्पण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** स्थानीय कलमबाग चौक स्थित एक होटल के सभागार में डॉ तृप्ति सिंह द्वारा रचित काव्य-संग्रह 'उस दुनिया तक' का लोकार्पण करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि सह लोकार्पणकर्ता डॉ भगवान लाल सहनी ने कहा कि कविता मनुष्य के जीवन राग को प्रभावित करती हैं। मनुष्यता, संवेदना एवं मानवीयता के पक्ष में लिखी गई डॉ तृप्ति सिंह की कविताएँ सार्थक व स्वागतेय है। कार्यक्रम की

अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कहा कि डॉ तृप्ति सिंह की कविताएँ उनके व्यक्तिगत जीवन में महसूसे गए क्षणों की अभिव्यक्ति है। भीड़ और एकांत की मिली जुली भावनात्मक प्रतिक्रियाएं इनकी कविताओं में मिलती हैं। संग्रह की कविताएं मुखर होकर आत्मीय बातें करती हैं। विशिष्ट अतिथि एवं एल एन टी महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ममता रानी ने कहा कि डॉ तृप्ति सिंह ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नारी जीवन के अस्तित्व, भाव एवं मानवीय संवेदना को स्पर्श किया है। एमएलसी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रस्तुत पुस्तक लेखक के व्यापक जीवनानुभवों के दस्तावेज हैं। नगर विधायक रंजन कुमार ने कहा कि डॉ तृप्ति सिंह का प्रस्तुत संग्रह मनुष्यता की बात करती है।समाजसेवी डॉ हरेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ तृप्ति सिंह की पुस्तक की अहमियत और अंदाज प्रभावित करता है। पूर्व सांसद अजय निषाद ने कहा कि डॉ तृप्ति सिंह की कविताएँ मनुष्य के वास्तविक संवेदना की साक्षी हैं। धन्यवाद ज्ञापन के साथ दिए गए अपने भाव विह्वल उद्गार में डॉ तृप्ति सिंह ने कहा कि मुजफ्फरपुर की भूमि साहित्यिक उर्वरा की भूमि है। यहां अपनी संवेदना को व्यक्त करना ही मेरी साहित्यिक उपलब्धि है। मैने जैसा जिया है वैसा ही रचा है। इसके बाद उन्होंने संग्रह से कुछ कविताओं का पाठ किया।


उस दुनिया तक काव्य संग्रह का लोकार्पण करते अतिथि गण।

स्वागत, संचालन एवं विषय प्रवेश कराते हुए डॉ पंकज कर्ण ने कहा कि डॉ तृप्ति सिंह के इस काव्य संग्रह की कविताओं में भावनाओं का मिठास है जो मनुष्यता की इबारत गढ़ती है। मौके पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र से किया गया। समारोह में कृष्णा कुमार सिंह, कौस्तुभ मणि, डॉ नेहा सिंह, प्रीति सिंह, हर्षवर्धन, गुरुशरण, पुष्पा, डॉ जयति, डॉ दीपा, श्यामल श्रीवास्तव, डॉ अनु शांडिल्य, प्रवीण कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ निर्मल कुमार, डॉ रामविनोद सिंह, डॉ धनंजय सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ बिंदु भारती, डॉ अभिलाषा, डॉ अनामिका प्रो गुड्डी, डॉ रीना, प्रो राजकुमार, प्रो आकिब, केशव किशोर कनक, चैतन्य चेतन, शशि कुमार सहित साहित्यकार-सांस्कृतिकर्मी एवं राजनीति के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना में सीतामढ़ी जिला पूरे बिहार में प्रथम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा जारी जिला स्तरीय रैंकिंग में सीतामढ़ी जिला ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मालूम हो कि मई माह में जिला का स्थान पांचवां था। जून की रैंकिंग में जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। यह रैंकिंग राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन एवं सेवा गुणवत्ता से संबंधित निर्धारित मानकों की विस्तृत समीक्षा के उपरांत जारी की गई है।



योजना से संबंधित प्रतिकात्मक फोटो।

ज्ञातव्य है कि पंचायत स्तर पर संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में उत्क्रमित किया गया है, जहां आम नागरिकों को उनके घर के निकट ही गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिले की यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। रैंकिंग निर्धारण के दौरान जिन प्रमुख मानकों की समीक्षा की गई, उनमें आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, सभी केंद्रों पर एएनएम एवं सीएचओ की नियमित पदस्थापना, ओपीडी संचालन, 14 प्रकार की जांचों की उपलब्धता, गैर-संचारी रोग (ठउऊ) की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, योग सत्रों का आयोजन, टेलीमेडिसिन सेवा, जन आरोग्य समिति की नियमित बैठकें तथा सरकार द्वारा निर्धारित अन्य सभी संचालन संबंधी मानकों का प्रभावी अनुपालन शामिल था। सीतामढ़ी जिले ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, बेहतर प्रबंधन एवं आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों को दर्शाती है। जिलाधिकारी रिची पांडेय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सीतामढ़ी का राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करना जिले के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम की मेहनत, समर्पण एवं बेहतर समन्वय का परिणाम है।

**सरकार द्वारा निर्धारित सभी गुणवत्ता मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन का मिला पुरस्कार**

## जलजमाव में अज्ञात युवक का तैरता हुआ शव बरामद

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहर के वार्ड-1 सिंदुरिया गांव से उत्तर-पश्चिम रिंग बांध के नीचे जलजमाव में एक अज्ञात युवक का तैरता हुआ शव बरामद हुआ है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पानी मे तैरते हुए शव की सूचना पर एएसआई दिनेश पासवान, पीएसआई राजकुमार के नेतृत्व में सशस्त्र बल घटना स्थल पर पहुँचकर शव को पानी से निकलवाया परन्तु उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। हालांकि मौके पर देखने के लिए पुरुष, महिलाओं की काफी भीड़ जुट गई थी बाबजूद उसकी पहचान नहीं हुई है। शव को लेकर तरह तरह के चचाओं का बाजार गर्म है। कोई आत्महत्या तो को कोई हत्या कर शव को पानी मे डुबाकर घटना की दिशा को बदलने की बात कर रहे है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी बताते है कि पुलिस शव की पहचान कराने के साथ मौत के विभिन्न कारणों की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बीते गुरुवार को सिंदुरिया गांव के पास रिंग बांध से उतर पानी मे डूबकर अशोगी वार्ड-5 मुन्ना कुमार पटेल की भी मौत हुई थी।


घटनास्थल पर जुटी भीड़, पुलिस प्रशासन व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑल इंडिया मुकाबला हुस्न में शफतीन रजा ने किया प्रथम स्थान हासिल

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** उत्तर प्रदेश के गोंडा स्थित मदरसा अमीरुल उलूम में आयोजित ऑल इंडिया मुकाबला हुस्न में बाजपट्टी प्रखंड के मोहम्मदा वार्ड 2 निवासी मुजफ्फर हुसैन के पुत्र मो. शफतीन रजा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। इस उपलब्धि पर मदरसा प्रबंधन की ओर से उन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मदरसा अमीरुल उलूम द्वारा हजरत सरकार महबूबुल उलूम व मशायख-ए-किराम (रहमतुल्लाहि अलैहिम) की याद में प्रतिवर्ष इस ऑल इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में छात्र इसमें भाग लेते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत किराअत, अजान, वाद-विवाद का आयोजन किया जाता है। इन सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। मो शफतीन रजा की इस सफलता से उनके परिवार, शिक्षकों तथा क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


ऑल इंडिया मुकाबला हुस्न में प्रथम विजेता रहे मो शफ़्तीन रजा।

### सरैया के छात्र आकाश कुमार ने नीट में 608 अंक हासिल कर क्षेत्र का बढ़ाया मान, तीसरे प्रयास में सफलता के साथ मिला ऑल इंडिया रैंक 7637

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरैया प्रखंड के गोपीधनवत (चनपकरी) गांव निवासी आकाश कुमार ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने तीसरे प्रयास में 720 में से 608 अंक प्राप्त किए हैं। यह परिणाम शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को घोषित किया गया। आकाश को ऑल इंडिया रैंक 7637 रही, जबकि ईडब्ल्यूएस (एहर) कैटेगरी में उन्हें 821 वीं रैंक मिली है। आकाश के माता-पिता, रागिनी देवी और मुकेश ओझा ने बताया कि आकाश बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उनकी इस सफलता में कड़ी मेहनत के साथ-साथ निजी शिक्षकों सहिंद्र भगत और रामचंद्र साह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आकाश के चाचा रणधीर कुमार ने जानकारी दी कि आकाश ने अपनी दसवीं की पढ़ाई अम्बिका भवानी विद्यालय, सरैया से पूरी की। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2024 में लंगट सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर से बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें उन्होंने जिले में 7वां स्थान प्राप्त किया था। उनके पिता मुकेश ओझा मुजफ्फरपुर में एक निजी प्रतिष्ठान में कार्यरत हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं।



### बिहार में कला संस्कृति के संबर्धन के लिए कला संस्कृति विश्वविद्यालय की स्थापना की जरूरत : डॉ प्रमोद चन्द्रवंशी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शाकुन्तलम् कला संस्कृति मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन छाता चौक के चित्रगुप्त एसोसिएशन में राज्य के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम अपने आप में अनोखा है और यह इंगित कर रहा है कि देश खुशहाल है। उन्होंने कला संस्कृति के विकास के लिए बिहार में कला संस्कृति विश्वविद्यालय की स्थापना की जरूरत पर बल दिया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में पद्मश्री श्याम शर्मा ने कहा कि ऐसी आयोजन से राज्य में कला संस्कृति के प्रति रुझान पैदा होता है। उन्होंने शाकुंतलम के इस अद्भुत प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम में कुल 90 कलाकारों के 180 चित्र प्रदर्शित थे जिसे सैंकड़ो दर्शकों ने देखा और सरहाना की। संस्था के निदेशक डॉ मुकेश सोना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शाकुंतलम संस्था विगत 1995 से निरंतर कार्य कर रही है और अपनी सफलता की मुकाम पर पहुंच चुकी है। इस संस्था के माध्यम से हजारों नए कलाकार आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार बच्चन, जितेंद्र मोहन, राकेश जेर, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय नारायण सिंह एवं जिला अध्यक्ष विवेक कुमार एवं हरिमोहन चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित ठाकुर, प्रेम सिंह, उदय कुमार, जय कुमार, उदय नारायण सिंह, वर्षा कुमारी, दीक्षा गिरी भारती, सत्येंद्र कुमार पिंकू, राकेश सम्राट, सरबजीत प्रियदर्शी, मेहुल सोना, विक्की शर्मा, रिचा, प्राची, श्रीनिवास चौधरी, सुभाष कुमार, संतोष कुमार, सदाशिव वर्मा आदि उपस्थित थे।

**राज्य के कला संस्कृति मंत्री ने मुजफ्फरपुर में किया तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन**


राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते मंत्री प्रमोद कुमार।

## अयोध्या राम मंदिर में हुई चंदा चोरी के विरोध में सीतामढ़ी में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाल किया प्रदर्शन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी के खिलाफ सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी मैदान से जानकी मंदिर तक विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी चढ़ावा चोरी मामले की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि चढ़ावा चोरी मामले में सच को छिपाया जा रहा है। जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है, लेकिन कांग्रेस चढ़ावा चोरी के इस महापाप पर चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर के चढ़ावे में हुई हजारों करोड़ रुपये की यह चोरी भाजपा के संरक्षण में हुई है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रकटू प्रसाद, संजय कुमार बिररख, सीताराम झा, रितेश रमण सिंह, डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, अंजारुल हक तौहीद, दिलीप खिरहर, रामू मिश्रा, मनोज सिंह, अवध किशोर राय, ताराकांत झा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, संपूणार्नंद झा, आफताब अंजुम बिहारी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन कुमार, नगर महिला अध्यक्ष ऋतु ठाकुर, एनएसयूआई अध्यक्ष सक्षम कुमार आदि ने कहा कि धार्मिक स्थलों की दान-पेटी से चोरी करना सीधे तौर पर लोगों की आस्था पर डांका है। श्री राम मंदिर निर्माण के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश-विदेश के लोगों से ज्यादा से ज्यादा चढ़ावा देने की अपील की थी। आज इस चोरी पर उनकी चुप्पी बेहद संदेहास्पद है। विरोध प्रदर्शन में विपिन झा, आलोक सिंह राठौर, घनश्याम मिश्र, विजय सिंह राठौर, संतोष पासवान, वीरेंद्र कुशवाहा, बदरे आलम, चुन्नू सिंह, संतोष पासवान, धीरज सिंह, इंटक अध्यक्ष दिलीप पांडे, एमआई आदिल, संजय शर्मा, विवेक कुमार झा, बदरे आलम, विजय कुमार, अजय कुमार मिश्र, मनोज कुमार झा, चन्द्र भूषण सिंह, इंदल पासवान, संजय प्रसाद, शैलेन्द्र खिरहर, हरिदास, राजू कुमार, मो. सालिम, उमा देवी, आनंद कुमार, पंकज कुमार, इरशाद खान, जवाहर पासवान, नसीरुल हसन, मो. अय्यूब, अब्दुल जब्बार, श्याम दास, वीणा देवी, राम सुंदर देवी, राम प्रवेश राम आशिक हुसैन, अनिल कुमार दिनेश राय, बृज किशोर सिंह, राम विनय साह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



नगर में विरोध मार्च निकलकर प्रदर्शन करते कांग्रेस के कार्यकर्ता गण।

### आरडीएस कॉलेज का स्थापना दिवस 19 को पत्रिका 'वर्तिका' के प्रकाशन की तैयारी पूरी


पत्रिका के प्रकाशन को लेकर बैठक करते प्राचार्य।।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु सिंह कॉलेज की वार्षिक पत्रिका "वर्तिका" का विमोचन कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में 19 जुलाई को किया जाएगा। प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने शुक्रवार को संपादकीय टीम के साथ बैठक कर पत्रिका के साज-सज्जा, संकलित रचना और छपाई को लेकर विचार- विमर्श कर अंतिम रूप दिया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज पत्रिका बिल्कुल नए कलेवर के साथ तैयार हो चुकी है। छात्रों और शिक्षकों के बेहतर आलेख संकलित किए गए हैं। निश्चित रूप से यह पत्रिका नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत व धरोहर अंक के रूप में प्रस्तुत होने जा रही है।

संपादक डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि "वर्तिका पत्रिका" में कॉलेज के पुराने व महान विभूतियों की दुर्लभ छवियों को संकलित किया गया है। रामदयालु बाबू के जीवन चरित्र पर छात्रों ने शोध-परक आलेख भी लिखें हैं। संपादक प्रो गुप्ता ने बताया कि 1952 से रामदयालु कॉलेज पत्रिका के नाम से प्रतिवर्ष इसका प्रकाशन होता था। प्राचार्य प्रो तारा शंकर सिंह के समय वर्ष 2004 से कॉलेज पत्रिका का नाम बदलकर "वर्तिका" रखा गया।अब इसी नाम से कॉलेज पत्रिका का प्रकाशन हर वर्ष होता है। पत्रिका को धरोहर पत्रिका के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से 1952-53 में छपे लेख को संकलित किया गया है,जो रामदयालु सिंह कॉलेज के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डालता है। रामदयालु सिंह कॉलेज के पूर्व शिक्षकों में महान कवि जानकी वल्लभ शास्त्री, प्रो उमाकांत प्रलयंकर, प्रो उदय सिंह, प्रो जगन्नाथ पांडे, प्रो इंद्रासन सिंह, प्रो अवधेश्वर अरुण, प्रो गोपेश्वर सिंह, प्रो मदन कश्यप, प्रो शेखर शंकर मिश्र आदि के दुर्लभ लेख व विरल कविताओं को इस पत्रिका में जगह दी गई है। वर्ष भर की सांस्कृतिक गतिविधि, खेलकूद, एनएसएस और एनसीसी के कार्यक्रमों की झलक को पत्रिका में विशेष जगह दी गई है। वर्ष भर के समाचारों का संकलन एवं चित्र को पत्रिका में "मीडिया की नजर में रामदयालु सिंह कॉलेज" कॉलम में स्थान दिया गया है। बैठक में संपादकीय टीम के प्रो रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ एम एन रजवी, सह- संपादक डॉ अनुराधा पाठक, डॉ अजमत अली, सहायक संपादक डॉ सौरभ राज, डॉ प्रियंका दिक्षित, डॉ हसन रजा, डॉ नीरज कुमार मिश्रा, डॉ आरती कुमारी, डॉ संध्या कुमारी आदि उपस्थित थे।

### पांच माह से वेतन नहीं मिलने से मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक भुखमरी के कगार पर : अजमल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मदरसा डेवलपमेंट ऑगेनाईजेशन (एमडीओ) के सचिव मो. अजमल ने कहा है कि बिहार के मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। जांच के नाम पर वेतन भुगतान रोक देना हजारों शिक्षकों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं, लेकिन सरकार और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है।


एमडीओ के सचिव मो अजमल की तस्वीर।

परिणामस्वरूप अनेक शिक्षकों के सामने अपने परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई, इलाज, बैंक ऋण की किस्त, बिजली बिल तथा अन्य आवश्यक खर्चों का वहन करना मुश्किल हो गया है। कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। मो अजमल ने कहा कि यदि किसी प्रकार की प्रशासनिक या दस्तावेज संबंधी जांच चल रही है तो उसकी प्रक्रिया अलग से जारी रखी जाए, लेकिन शिक्षकों का वेतन रोकना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। जांच की आड़ में शिक्षकों को आर्थिक दंड देना उनके मनोबल को कमजोर करने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि लंबित जांच का शीघ्र निष्पादन कर सभी शिक्षकों का पांच माह का बकाया वेतन अविलंब जारी करे। एमडीओ सचिव ने राज्य सरकार, तथा शिक्षा विभाग से मांग की कि शिक्षकों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो राज्यभर के मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और संबंधित विभाग की होगी।

### पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस की स्मृति में नगर में एक सभागार का निर्माण की मांग को लेकर पूर्व सांसद ने डीएम को सौपा ज्ञापन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार ने शुक्रवार को जिला अधिकारी मुजफ्फरपुर से मिलकर मुजफ्फरपुर में समाजवादी नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस की स्मृति में एक सभागार का निर्माण करने के लिए लिच्छवी फाउंडेशन मुजफ्फरपुर की ओर से एक ज्ञापन सौंपा।

डॉ कुमार ने जॉर्ज स्मृति उपवन में एक जॉर्ज साहब के संक्षिप्त जीवनी का एक शिलापट्ट लगाने का भी आग्रह किया। इस मौके पर लिच्छवी फाउंडेशन के संयोजक प्रभात कुमार भी मौजूद थे। डीएम कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस लाइन के निकट एक सभागार का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है। जिसके तीन-चार महीना में पूरा होने की संभावना है। अगर सरकार की सहमति मिली तो इसका नामकरण जॉर्ज फर्नांडीज के नाम पर किया जाएगा। इसके लिए इस ज्ञापन के आलोक में सरकार को पत्र लिखा जाएगा। मौके पर मौजूद नगर आयुक्त ऋतुराज सिंह ने कहा कि नगर निगम की तरफ से भी एक ऑडिटोरियम का निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले साल तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जॉर्ज फर्नांडिस पार्क के आगे एक नाम की पट्टी और शिलालेख लगाने के लिए जल्द ही फैसला लिया जाएगा। इस मौके पर विधान परिषद अजय अलमस्त, पूर्व जिला पार्षद शशि कुमार सिंह, संजय ठाकुर, हर्षवर्धन ठाकुर भी मौजूद थे। मौके पर डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वह शीघ्र ही मुजफ्फरपुर थर्मल पावर का नामकरण पद्म भूषण जॉर्ज फर्नांडीज के नाम पर करने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर आग्रह करेंगे। मुजफ्फरपुर पहुंचने पर डॉ. कुमार का स्वागत बड़ी संख्या में जनता दल यूनाइटेड के नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने किया। सुबोध कुमार सिंह, सच्चिदानंद शाही, जिसमें मनोज कुमार सिंह, बबन सिंह आदि ने किया।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।


आमजनों की शिकायत सुनते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

जन सुनवाई के दौरान 162 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद शामिल थे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वही इस क्रम में जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। कुल 10 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 06 पर आदेश पारित किया गया ।

## सम्पादकीय

# जहाँ शहर मंजिल तलाशते हैं, वहीं गाँव हर सुबह बोता है राष्ट्र का भविष्य

भारत को समझना है तो उसकी पहचान महानगरों की चकाचौंध में नहीं, बल्कि उन कच्ची पगडंडियों पर तलाशनी होगी जहाँ भोर की पहली किरण के साथ जीवन का सबसे बड़ा सत्य जन्म लेता है। वहाँ कोई शोर नहीं होता, कोई कृत्रिम चमक नहीं होती, कोई ऊँची इमारतें नहीं होतीं, फिर भी वहीं से पूरे राष्ट्र की धड़कन चलती है। शहरों की ऊँचाइयाँ गाँवों की नींव पर खड़ी हैं। शहर मंजिलों का सपना देखते हैं, लेकिन गाँव हर सुबह उन सपनों को सच करने का संकल्प बोता है।

जब पूरा देश अभी नींद की आगोश में होता है, तब गाँव का किसान धरती माँ को प्रणाम कर अपने खेत की ओर निकल पड़ता है। उसके कदमों में कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि कर्तव्य का मौन संगीत होता है। उसके हाथों में केवल हल नहीं होता, बल्कि करोड़ों लोगों की भूख मिटाने का दायित्व होता है। उसके माथे पर चमकता पसीना केवल श्रम का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे पवित्र तिलक होता है।

आज विकास की परिभाषा अक्सर कंक्रीट, फ्लाईओवर, एक्सप्रेस-वे और गगनचुंबी इमारतों से तय की जाने लगी है। लेकिन यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि यदि गाँव की मिट्टी बंजर हो जाए तो शहरों की चकाचौंध भी कुछ ही दिनों में फीकी पड़ जाएगी। महानगरों की रफ्तार को गति देने वाला ईंधन गाँवों के खेतों से आता है। हर रोटी, हर दाना, हर फल, हर सब्जी और हर जीवनदायिनी फसल उस किसान की तपस्या का परिणाम है, जो मौसम की मार, आर्थिक संकट और अनिश्चितताओं के बीच भी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटता।

गाँव की पगडंडियाँ केवल मिट्टी के रास्ते नहीं हैं, वे भारत की सभ्यता की जीवनरेखाएँ हैं। इन्हीं पगडंडियों से होकर खेत तक पहुँचने वाले कदम राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा का इतिहास लिखते हैं। जिन रास्तों को दुनिया पिछड़ेपन की निशानी समझती है, वही रास्ते भारत की आत्मनिर्भरता की सबसे मजबूत डोर हैं। यही वे पथ हैं जहाँ श्रम पूजा बन जाता है, जहाँ प्रति परिवार का हिस्सा होती है और जहाँ जीवन का हर संघर्ष मुस्कान के साथ स्वीकार किया जाता है।

मिट्टी की खुशबू किसी इत्र से कम नहीं होती। उसमें किसान की मेहनत, माँ की ममता और धरती की करुणा एक साथ बसती है। जब किसान का पसीना मिट्टी में मिलता है, तब केवल फसल नहीं उगती, बल्कि उम्मीदें अंकुरित होती हैं, विश्वास लहलहाता है और राष्ट्र की समृद्धि आकार लेती है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता और किसान को अन्नदाता कहा गया है। यह सम्मान किसी उपाधि से नहीं, बल्कि उसके त्याग और तपस्या से अर्जित हुआ है।

विडंबना यह है कि जिस किसान के हाथों से राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित होता है, वही सबसे अधिक असुरक्षित जीवन जीता है। कभी सूखा, कभी बाढ़, कभी ओलावृष्टि, कभी बाजार की मार और कभी लागत का बोझहर परीक्षा सबसे पहले उसी के दरवाजे पर दस्तक देती है। फिर भी वह हार नहीं मानता। क्योंकि वह जानता है कि यदि खेत सूने पड़ गए तो देश की थाली भी सूनी हो जाएगी। उसका संघर्ष व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय है।

गाँव केवल कृषि का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का सबसे जीवंत विद्यालय है। यहाँ संस्कार विरासत बनकर पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलते हैं। यहाँ रिश्ते लाभ-हानि से नहीं, विश्वास से बनते हैं। यहाँ त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता के महापर्व होते हैं। यहाँ श्रम को सम्मान मिलता है, प्रकृति को माता माना जाता है और सहयोग जीवन का स्वभाव होता है। यही मूल्य भारत को केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता बनाते हैं।

आज जब युवा पीढ़ी सफलता की तलाश में शहरों की ओर बढ़ रही है, तब यह स्मरण रखना होगा कि किसी भी राष्ट्र की स्थायी प्रगति उसकी जड़ों से ही संभव होती है। जड़ें सूख जाएँ तो शाखाएँ अधिक समय तक हरी नहीं रह सकतीं। इसलिए यदि भारत को विश्वगुरु बनना है, तो सबसे पहले गाँवों को समृद्ध, शिक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाना होगा। ग्रामीण भारत का विकास कोई सामाजिक दायित्व भर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है।

आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न केवल उद्योगों और तकनीक से पूरा नहीं होगा। उसकी वास्तविक शक्ति खेतों में पसीना बहाने वाले किसान, पशुपालक, खेतिहर महिलाएँ और ग्रामीण श्रमिक हैं। वे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के मौन प्रहरी हैं। उनके हाथों में केवल हल नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की बागडोर है। जब वे धरती में बीज डालते हैं, तब वे केवल अन्न नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, समृद्धि और राष्ट्रीय स्वाभिमान भी बोते हैं।

# सीबीएसई की त्रिभाषा नीति पर सुप्रीम कोर्ट का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण



कुमार शरद

भारत के शिक्षा तंत्र में भाषाओं की पढ़ाई हमेशा से ही एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय रहा है। देश की भाषाई विविधता को देखते हुए त्रिभाषा सूत्र (थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला) की परिकल्पना दशकों पहले की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को बहुभाषी बनाना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना था।

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की त्रिभाषा नीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और व्यावहारिक टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने सुझाव दिया है कि छात्रों के लिए तीसरी भाषा की पढ़ाई नौवीं कक्षा के बजाय छठी कक्षा से ही शुरू की जानी चाहिए। अदालत की यह टिप्पणी केवल एक कानूनी या प्रशासनिक निर्देश भर नहीं है, बल्कि इसके गहरे मनोवैज्ञानिक, शिक्षाशास्त्रीय और व्यावहारिक मायने हैं, जो सीधे तौर पर छात्रों के मानसिक विकास और उनके शैक्षणिक भविष्य से जुड़े हैं। इस सुझाव का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि यह कदम भारतीय शिक्षा व्यवस्था की एक बड़ी खामी को सुधारने की दिशा में एक तार्किक पहल है।

सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के महत्व को समझने के लिए सबसे पहले हमें भाषा विज्ञान और बाल मनोविज्ञान के उस सिद्धांत को समझना होगा, जो यह बताता है कि बच्चे नई भाषाएं कैसे सीखते हैं। दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक और भाषा विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ इंसान के लिए कोई भी नई भाषा सीखना जटिल होता जाता है। बचपन में बच्चों का मस्तिष्क एक स्पंज की तरह काम करता है, जो अपने आस-पास के वातावरण से ध्वनियों, व्याकरणिक संरचनाओं और नए शब्दों को बहुत तेजी से ग्रहण करता है।

छठी कक्षा में आने वाले छात्र की उम्र अमूमन 10 से 11 वर्ष के बीच होती है। इस उम्र में बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमताएं (कगिटिव एबिलिटीज) इतनी लचीली होती हैं कि वे बिना किसी विशेष मानसिक दबाव के एक नई भाषा के मूल तत्वों को आसानी से आत्मसात कर सकते हैं। इसके विपरीत, नौवीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते छात्र 14 या 15 वर्ष के हो जाते हैं। इस उम्र में उनके मस्तिष्क का भाषाई ढांचा काफी हद तक परिपक्व और स्थिर हो चुका होता है, जिससे किसी बिल्कुल नई भाषा की ध्वनियों और व्याकरण को अपनाना उनके लिए एक संघर्ष बन जाता है। छठी कक्षा से तीसरी भाषा की शुरुआत करने से बच्चों को उस भाषा को सीखने, समझने और उसमें सहज होने के लिए तीन साल (छठी, सातवीं और आठवीं) का एक लंबा और तनावमुक्त समय मिल जाता है।

नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा शुरू करने का सबसे बड़ा नुकसान छात्रों पर पड़ने वाले अत्यधिक शैक्षणिक दबाव के रूप में सामने आता है। भारतीय शिक्षा प्रणाली में आठवीं से नौवीं कक्षा में जाना एक बहुत बड़ा अकादमिक बदलाव माना जाता है। नौवीं कक्षा से ही विषयों की गहराई और जटिलता अचानक बढ़ जाती है। विज्ञान विषय स्पष्ट रूप से भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के जटिल सिद्धांतों में बंट जाता है, गणित में बीजगणित और ज्यामिति का स्तर काफी ऊंचा हो जाता है, और सामाजिक विज्ञान का पाठ्यक्रम भी काफी विस्तृत हो जाता है। इसके अलावा, नौवीं कक्षा को दसवीं बोर्ड परीक्षा की नींव माना जाता है, जिसके कारण छात्रों और अभिभावकों पर करियर और अंकों को लेकर एक अलग तरह का मनोवैज्ञानिक दबाव पैदा हो जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण पड़ाव पर किसी छात्र को अचानक एक बिल्कुल नई भाषा जिसका उसे कोई पूर्व ज्ञान नहीं है सीखने के लिए बाध्य करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि यह उसके समग्र प्रदर्शन को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

जब छात्र अपने मुख्य विषयों के भारी पाठ्यक्रम से जूझ रहे होते हैं, तब उनके पास एक नई भाषा की वर्णमाला और बुनियादी व्याकरण रटने का न तो समय होता है और न ही मानसिक ऊर्जा। नतीजतन, तीसरी भाषा केवल रटने और पास होने भर का विषय बनकर रह जाती है, और भाषा सीखने का जो असली उद्देश्य है, वह पूरी तरह से विफल हो जाता है।

सुप्रीम कोर्ट का यह सुझाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के मूल दृष्टिकोण के भी बिल्कुल अनुकूल है। एनईपी 2020 प्रारंभिक स्तर से ही बहुभाषिकता (मल्टी लिंगुअलिज्म) को बढ़ावा देने पर जोर देती है। नीति में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कम से कम पांचवीं कक्षा तक (और संभव हो तो आठवीं तक) शिक्षा का माध्यम मातृभाषा या स्थानीय भाषा होनी चाहिए, और इसके साथ ही अन्य भाषाओं से भी छात्रों का परिचय कराया जाना चाहिए।

यदि पांचवीं कक्षा तक छात्र अपनी मातृभाषा और एक अन्य संपर्क भाषा (जैसे अंग्रेजी या हिंदी) में मजबूत नींव तैयार कर लेते हैं, तो छठी कक्षा उनके लिए तीसरी भाषा से परिचित होने का सबसे आदर्श समय बन जाता है। मिडिल स्कूल (छठी से आठवीं कक्षा) की प्रकृति एक्सप्लोरेटरी यानी खोजपूर्ण होती है। यहां अंकों की अंधी दौड़ या बोर्ड परीक्षा का खौफ नहीं होता। इस दौरान अगर तीसरी भाषा चाहे वह कोई क्षेत्रीय भारतीय भाषा हो, संस्कृत हो या फिर कोई विदेशी भाषा पढ़ाई जाए, तो उसे कहानियों, कविताओं, नाटकों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से एक आनंददायक अनुभव बनाया जा सकता है। इससे बच्चे भाषा को एक बोझ के रूप में नहीं, बल्कि एक नए कौशल के रूप में सीखेंगे।

> **अब जिम्मेदारी शिक्षा बोर्डो, नीति-निर्माताओं और स्कूलों की है कि वे सर्वोच्च न्यायालय के इस दूरदर्शी सुझाव को कितनी जल्दी और कितनी कुशलता के साथ अपनी पाठ्यचर्या में शामिल करते हैं। सही मायनों में, अगर इस सुझाव को उचित संसाधन और सही नीयत के साथ लागू किया गया, तो यह भारत की भावी पीढ़ी को न केवल एक बेहतर छात्र बनाएगा, बल्कि उन्हें एक अधिक संवेदनशील, बहुभाषी और वैश्विक नागरिक बनने में भी मदद करेगा।**

इसके साथ ही, तीसरी भाषा के रूप में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के सामाजिक और सांस्कृतिक लाभ भी हैं।

त्रिभाषा सूत्र का मुख्य उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत, तथा देश के विभिन्न हिस्सों के बीच भाषाई दूरियों को पाटना था। यदि उत्तर भारत का कोई छात्र छठी कक्षा से तमिल, तेलुगु या बांग्ला जैसी कोई क्षेत्रीय भाषा सीखना शुरू करता है, तो नौवीं कक्षा तक वह उस भाषा और उससे जुड़ी संस्कृति की बुनियादी समझ विकसित कर लेगा।

इसी तरह, गैर-हिंदी भाषी राज्यों के छात्र अगर कम उम्र में तीसरी भाषा सीखते हैं, तो उनका भाषाई दायरा विस्तृत होता है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, यह किसी भी समाज की संस्कृति, इतिहास और जीवनशैली को समझने का द्वार होती है। किशोरावस्था से ठीक पहले (छठी कक्षा में) सीखी गई भाषा बच्चों में अन्य संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता, सम्मान और संवेदनशीलता पैदा करती है। लेकिन यही भाषा अगर नौवीं कक्षा में थोपी जाए, तो यह सांस्कृतिक जुड़ाव पैदा करने के बजाय छात्रों में एक तरह की भाषाई चिड़चिड़ाहट या अरुचि पैदा कर सकती है।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के इस सुझाव को धरातल पर लागू करने के लिए सीबीएसई और शिक्षा मंत्रालय को कई व्यावहारिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। छठी कक्षा से तीसरी भाषा को अनिवार्य रूप से लागू करने का सीधा अर्थ यह है कि देश भर के हजारों मान्यता प्राप्त स्कूलों में भारी संख्या में योग्य भाषा शिक्षकों की आवश्यकता होगी।

वर्तमान में भारत के कई स्कूलों, विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों के स्कूलों में तीसरी भाषा के प्रशिक्षित शिक्षकों का भारी अभाव है। विदेशी भाषाओं (जैसे फ्रेंच, जर्मन या स्पेनिश) या अन्य राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं को पढ़ाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन रातों-रात तैयार नहीं किए जा सकते। इसके लिए स्कूलों को समय और पर्याप्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, पाठ्यक्रम निर्माताओं (जैसे एनसीईआरटी) को छठी से आठवीं कक्षा के लिए तीसरी भाषा का ऐसा सिलेबस तैयार करना होगा जो रोचक हो, जिसे पढ़ते समय छात्र बोझ महसूस न करें और जिसका मूल्यांकन बहुत अधिक कठोर न हो। भाषा का मूल्यांकन शुरुआत में केवल बोलचाल और बुनियादी समझ (कम्युनिकेटिव एप्रोच) पर आधारित होना चाहिए, न कि भारी-भरकम व्याकरण और जटिल साहित्य पर।

वैश्वीकरण के इस वर्तमान दौर में, जहां दुनिया एक ग्लोबल विलेज में तब्दील हो चुकी है, एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान छात्रों के लिए एक बहुत बड़ा हथियार है। आज मल्टीनेशनल कंपनियां, कूटनीतिक क्षेत्र, पर्यटन और यहां तक कि विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में भी बहुभाषी युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत के छात्र मिडिल स्कूल से ही तीसरी भाषा पर अपनी पकड़ बनानी शुरू कर दें, तो उच्च शिक्षा और करियर के स्तर पर यह उनके लिए एक असीमित संभावनाओं वाला मार्ग खोल सकता है। अदालत का यह अवलोकन हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षा नीतियां केवल कागजों पर अच्छी लगने के लिए नहीं बननी चाहिए, बल्कि उनका केंद्र हमेशा विद्यार्थी की सुविधा और उसके सीखने की क्षमता होनी चाहिए।

निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि सीबीएसई की 3 भाषा पलिसी पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी भारतीय शिक्षा व्यवस्था को एक सही दिशा दिखाने वाला कदम है। नौवीं कक्षा के बजाय छठी कक्षा से तीसरी भाषा की शुरुआत करने का विचार अकादमिक, मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक तीनों ही पैमानों पर बिल्कुल खरा उतरता है। यह छात्रों को नौवीं कक्षा के भारी तनाव से बचाएगा, उन्हें भाषा सीखने का एक स्वाभाविक और पर्याप्त समय देगा, और शिक्षा को रटने की प्रवृत्ति से निकालकर सीखने की आनंददायक प्रक्रिया में बदलेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

# सैमसंग ने भारत में लॉन्च की म्यूजिक स्टूडियो सीरीज

## म्यूजिक स्टुडियो सीरीज को सैमसंग स्मार्टथिंग्स ऐप के जरिए आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है


**सैमसंग इंडिया** ने भारतीय बाजार में अपनी नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज लॉन्च की है। इस नई सीरीज में म्यूजिक स्टुडियो 5 (एलएस 50 एच) और म्यूजिक स्टुडियो 7 (एलएस 70 एच) नाम के दो वाई-फाई स्पीकर्स शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि ये स्पीकर्स बेहतरीन साउंड क्वालिटी और आकर्षक डिजाइन का मेल हैं, जो घर के किसी भी हिस्से में आसानी से फिट हो जाते हैं और दमदार ऑडियो अनुभव देते हैं।

> **बेहतरीन साउंड और शानदार डिजाइन के साथ घर में मिलेगा नया ऑडियो अनुभव**

> **नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज के स्पीकर्स बेहतर क्यू-सिम्फनी तकनीक की मदद से पहले से ज्यादा दमदार, साफ और शानदार आवाज का अनुभव देते हैं**

म्यूजिक स्टुडियो सीरीज, सैमसंग के ऑडियो प्रोडक्ट्स की नई पेशकश है। ये स्पीकर्स सैमसंग टीवी और साउंडबार के साथ आसानी से कनेक्ट होकर बेहतर ऑडियो अनुभव प्रदान करते हैं। इनका डिजाइन दुनिया के प्रसिद्ध डिजाइनर एर्वन बुरोलेक ने तैयार किया है। स्पीकर्स का खास डॉट डिजाइन संगीत और कला से प्रेरित है, जो इन्हें स्टाइलिश और उपयोगी दोनों बनाता है।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा, "सैमसंग लंबे समय से भारत में नई ऑडियो तकनीक और स्मार्ट फीचर्स के जरिए होम अडियो अनुभव को बेहतर बना रहा है। नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज के साथ हम इसी दिशा में एक और कदम बढ़ा रहे हैं। ये स्पीकर्स हर तरह के घर और हर मौके के लिए दमदार, साफ और शानदार साउंड देने के लिए तैयार किए गए हैं। हमें विश्वास है कि यह सीरीज भारतीय ग्राहकों के ऑडियो अनुभव को नई ऊंचाई देगी।




अनोखे डॉट डिजाइन के साथ दमदार साउंड : सैमसंग के म्यूजिक स्टुडियो सीरीज के दोनों नए स्पीकर्स, म्यूजिक स्टुडियो 5 और म्यूजिक स्टुडियो 7, को ऐसे डिजाइन किया गया है कि वे घर की सजावट के साथ भी अच्छी तरह मेल खाते हैं और बेहतरीन साउंड भी देते हैं। इन्हें सैमसंग टीवी और अन्य सैमसंग ऑडियो डिवाइस के साथ जोड़कर अलग-अलग साउंड सिस्टम तैयार किए जा सकते हैं, जिससे मनोरंजन का अनुभव और बेहतर हो जाता है।

म्यूजिक स्टुडियो 7 (एलएस 70 एच) इस सीरीज का सबसे प्रीमियम मॉडल है। इसमें 3.1.1-चैनल स्पैशियल ऑडियो दिया गया है, जो चारों दिशाओं से आने वाली आवाज का एहसास कराता है।

इसमें मौजूद ऑडियो लैब पैटर्न कंट्रोल टेक्नोलॉजी आवाज को अधिक स्पष्ट बनाती है, जबकि एआई डायनैमिक बास कंट्रोल डिस्टर्शन के साथ गहरा और दमदार बास देता है। इस स्पीकर को अकेले भी इस्तेमाल किया जा सकता है और सैमसंग टीवी या अन्य सैमसंग ऑडियो डिवाइस के साथ भी जोड़ा जा सकता है।

म्यूजिक स्टुडियो 5 (एलएस 50 एच) उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो अच्छी साउंड क्वालिटी के साथ स्टाइलिश डिजाइन भी चाहते हैं। इसका कम्पैक्ट और गैलरी-प्रेरित डिजाइन घर की सजावट में आसानी से घुल-मिल जाता है। सैमसंग ऑडियो लैब द्वारा ट्यून किए गए इस स्पीकर में वूफर, डुअल ट्वीटर और बिल्ट-इन वेवगाइड दिया गया है, जो संतुलित और साफ आवाज देता है। इसमें भी एआई डायनैमिक बास कंट्रोल तकनीक है, जो कम डिस्टर्शन के साथ बेहतर बास उपलब्ध कराती है। इसके अलावा वाई-फाई कास्टिंग, म्यूजिक स्ट्रीमिंग, वॉयस कंट्रोल और ब्लूटुथ जैसी स्मार्ट कनेक्टिविटी सुविधाएं भी मिलती हैं।

स्मार्ट कनेक्टिविटी, बेहतरीन ऑडियो अनुभव : म्यूजिक स्टुडियो सीरीज को सैमसंग स्मार्टथिंग्स ऐप के जरिए आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। इसके माध्यम से यूजर्स साउंड सेटिंग्स बदल सकते हैं, एक साथ कई स्पीकर्स पर म्यूजिक चला सकते हैं और अलग-अलग म्यूजिक स्ट्रीमिंग सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा क्यू-सिम्फनी तकनीक की मदद से सैमसंग टीवी के साथ एक साथ पांच तक साउंड डिवाइस जोड़े जा सकते हैं। इससे आवाज अलग-अलग डिवाइस में बेहतर तरीके से बंटती है और अधिक इमर्सिव ऑडियो अनुभव मिलता है।

कीमत और उपलब्धता : सैमसंग की म्यूजिक स्टुडियो सीरीज अब सैमसंग.कॉम , प्रमुख ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स और बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 27,900 रुपये रखी गई है।

# विख्यात कथक कलाकार सुश्री रमा दास के गंगा अवतरण और राम की शक्ति पूजा की भव्य जुगलबंदी प्रस्तुति से दिल्ली के दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**दिल्ली** के एनएसडी (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय) सभागार में बिहार की विख्यात कत्थक कलाकार, डा रमा दास ने महाकवि निराला कृत राम की शक्ति पूजा के अद्भुत प्रस्तुतिकरण से दिल्ली के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

यह एक युगलबंदी थी जिसे रमा दास ने अपने सहयोगी, साहित्यकार- संगीत साधक तथा वन पदाधिकारी, दिनेश कुमार के साथ प्रस्तुत किया जिसे देश की राजधानी में विशेष सराहना मिला।

यह अवसर था विविधा राष्ट्रीय उत्सव का जिसे दिल्ली की संस्था, कला मंडली संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से कर रही है । इस चार दिवसीय समारोह के दिन के सत्र में राम की शक्ति पूजा के युगलबंदी को डा रमा दास और दिनेश कुमार ने प्रस्तुत किया।

काव्य मंचन से पहले रमा दास ने कहा कि इस महाकाव्य को उन्होने पहली बार सन् 1975 में पटना के भारतीय नृत्य कला मंदिर में प्रस्तुत किया था। मैं मूलतः तो कत्थक कलाकार हूँ और इसके भाव नृत्य में सूरदास, तुलसी और मीराबाई तथा महाकवि विद्यापति की रचनाएँ प्रस्तुत करती रही थी। लेकिन अमला शंकर जी को पटना मे ही राम पर आधारित नृत्य नाटिका करते देखा तो मेरा मन हुआ ऐसी ही नृत्य नाटिका करूँ । वैसे मैं कथक कार्यक्रम की शुरुआत मैं श्रीराम चँद्र कृपालु भजमन से ही करती रही थी।. लेकिन नृत्य नाटिका के लिए निराला जी का महाकाव्य चुना था। और लेकिन यह एकल मंचन था जिसके तहत तीन सौ से अधिक पंक्तियों की इस कविता में जितने तरह के पात्र हैं । उन सभी को अकेले मंच पर जिया था । मैंने लेकिन आज दिल्ली मे इसकी युगलबंदी प्रस्तुत की मैने जिसे दिल्ली के कला प्रेमियों ने बहुत सराहा।

काव्य प्रस्तुतिकरण के बाद दर्शकों के विशेष आग्रह पर रमा दास ने रायगढ घराने की महाराज चक्रधर कृत गंगा अवतरण प्रस्तुत की। इसके प्रस्तुतिकरण से उत्साहित



दर्शक दीर्घा में मौजूद युवा कलाकार, प्रतिभा सिंह, श्रुति सिन्हा और तिवारी भी इस गंगावतरण प्रस्तुति में शामिल हो गए। इसके पहले रमा दास ने कत्थख नृत्य सीखने और मंचीय कलाकार बनने के अपने अनुभवों को साझा किया।

इस सत्र में शून्य थियेटर ग्रुप द्वारा नाटक, शहर जिसे कहते हैं दिल्ली की प्रस्तुति हुई। साथ ही, रूबरू ग्रुप की काजल सूरी ने एक और सच नाटक दिखाया। आगरा की डा. कामिनी शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए।

पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन किया, संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली के उप निदेशक तथा रंग निर्देशक, सुमन कुमार ने ।

## प्रवचन

# प्राणियों के निमित्त सभी सकारात्मक कार्य यज्ञ : जीयर स्वामी

> **विषम परिस्थिति में भी धैर्य और सद्विचार बनाये रखें**

> **परोपकार से बड़ा धर्म और परपीड़ा से बड़ा अधर्म नहीं**

> **वैष्णव का प्रतीक है उर्ध्व पूंड**

विषम परिस्थिति में भी धैर्य और सद्विचार का त्याग न करें। उन्माद और उत्पात का सहारा नहीं ले। अपने पास उपलब्ध संसाधनों से ही समाज का कल्याण करें। आजीवन परोपकार के मार्ग पर चलते रहें। परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं और परपीड़ा से बड़ा कोई अधर्म नहीं है। उपरोक्त बाते श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम स्कंध के तहत ऋषभदेव के पावन प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि संत महात्मा की शोभा सदाचार एवं दया है। पुरुष की शोभा परोपकार एवं दान है। नारी की शोभा पति परायणता, राजा की शोभा प्रजा की सेवा और प्रजा की शोभा समाज एवं राष्ट्र की गरिमा बरकरार रखना है।

स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य को अपना स्वरुप पहचानना चाहिए। यानी पाँच तत्वों को जानना चाहिए। स्वरुप अर्थात मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ और क्यों आया हूँ पर स्वरुप को जानना यानी उसको भी जानना जो संसार को संचालित एवं नियंत्रित करता है। उपाय स्वरुप को जानना अर्थात उस पर स्वरुप की प्राप्ति का उपाय क्या है विरोधी स्वरुप को जानना। यानी उस ब्रह्म की प्राप्ति में अवरोध पैदा करने वाले तत्वों का जानना। इसे शास्त्रों में 'अर्थ पंचक' कहा गया है। पुरुषार्थ स्वरुप को जानना यानी मानव कर्तव्य क्या है । साथ ही तीन तत्व ब्रह्म, जीव और माया को भी जानना चाहिये। पॉच संस्कार जानना चाहिए। ताप संस्कार, पुण्य संस्कार, नाम संस्कार, मंत्र संस्कार और यज्ञ संस्कार। ताप संस्कार के तहत शंख-चक्र धारण करना चाहिए। यह प्रतीक आवागमन से मुक्ति दिलाने वाला है। यह केवल भगवान का आयुध नहीं है। शंख-चक्र धारण करने वाले पर किसी प्रभावषाली का प्रभाव नहीं होता। उर्ध्व-पुंड का महत्व है। जिस तरह किसी प्रतीक विशेष का महत्व होता है, उसी तरह सनातन में उर्ध्वपुंड का महत्व होता है। दोनो और सफेद चिन्ह भगवान के चरण एवं बीच में लाल चिन्ह लक्ष्मी जी का प्रतीक है। नाक पर सफेद चिन्ह आसन है। इसे सतो गुण, रजो गुण और तमो गुण का प्रतीक भी माना जाता है। जिस तरह



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

तिरंगा झंडा राष्ट्र का प्रतीक और गौरव है, उसी तरह वैष्णव का प्रतीक उर्ध्वपूंड है। जिन शब्दों को सुनने के बाद जागृति पैदा हो वह नाम है। नाम हमेशा अच्छा रखना चाहिये। खासकार नारायण और लक्ष्मी के नामों से जुड़ा हुआ। शास्त्रों और महापुरुषों से परम तत्व के बारें में जानना ज्ञान है, लेकिन अपने शरीर रुपी प्रयोगशाला में उसका अनुभव करना विज्ञान है। जो रक्षा करे वह मंत्र है। मंत्र वह दर्शन है, जिससे हम छुपे हुए ज्ञान शक्ति को प्राप्त करते हैं। जो समाज और संसार को प्रेरणा दे, वह भी मंत्र है।

यज्ञ संस्कार की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि दुनिया यज्ञ पर टिका है। मानव द्वारा प्राणियों के निमित्त जितने भी सकारात्मक कार्य किये जाते हैं, वे सभी यज्ञ हैं। भोजन, जीविकोपार्जन, पुत्र-पुत्री की शादी, परिजनों का भरण-पोषण और अंतिम संस्कार भी यज्ञ है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# पंच परिवर्तन से विकसित भारत का सपना होगा साकार : शिवम् सोनू

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के राजनीति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को ष्पंच परिवर्तन आधारित युवा संकल्पष विषय पर युवा संवाद एवं प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मोतिहारी के जिला प्रचारक शिवम् सोनू मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन का भी है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी स्वाभिमान, परिवार एवं समाज समन्वय, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता जैसे ष्पंच परिवर्तनष के पांच आयाम विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। उनका कहना था कि यदि युवा अपने जीवन में सेवा, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभाव को अपनाएं तो विकसित भारत का लक्ष्य शीघ्र साकार हो सकता है।उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, मातृभाषा के सम्मान, संविधान एवं कानून के प्रति सम्मान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारों और कर्तव्यों में संतुलन ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है।व्याख्यान के बाद आयोजित संवाद सत्र में विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने नागरिक कर्तव्यों, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, सामाजिक समरसता तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया। मौके पर कार्यक्रम में प्रो श्याम कुमार झा, प्रो पंकज कुमार सिंह, ड़ नरेंद्र सिंह, ड़ ओम प्रकाश गुप्ता, ड़ अनुपम कुमार वर्मा, ड़ अभय विक्रम सिंह, ड़ बबलू पाल, ड़ मणिशंकर तिवारी, ड़ मोहनी श्रीवास्तव, ड़ अरुण कुमार सहित विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




संबोधित करते वक्ता।

## जिला भू-अर्जन कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण


**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव के द्वारा आज जिला भू अर्जन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मियों के उपस्थित की जांच की गई। बायोमैट्रिक अटेंडेंस देखा गया एवं एक-एक कर्मी का परिचय प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा कार्यालय में संधारित लग बुक एवं कार्य आवंटन को देखा गया एवं जरूरी निर्देश दिए गए। भू-अर्जन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा की परिवाद पत्रों का निष्पादन गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। जो भी परिवादी आते हैं उनके साथ सम्यक व्यवहार किया जाए। कई परिवाद पत्र एवं उसके निष्पादन का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला में चल रहे सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं यथा रक्सौल हवाई अड्डा एवं 139 पथ निर्माण से संबंधित रैयतों के भुगतान में तेजी लाई जाए। जिनका भी फाइल अंचल से प्राप्त हो गया है, नियमानुसार जांच करते हुए उसका शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करायी जाए। जिलाधिकारी के द्वारा भुगतान सम्बन्धी अभिलेखों को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया। इसके लिए जरूरी इंफ्रास्ट्र र की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। जो नए लिपिकध सहायक जिला भू अर्जन कार्यालय में ट्रांसफर होकर आए हैं वे तुरंत प्रभार ग्रहण करें एवं कार्यों को गति देंस निरीक्षण के समय अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्री अरुण कुमार भी उपस्थित थे।



निरीक्षण करते डीएम।

## विशेष लोक अदालत में होंगे चेक बाउंस मामलों का निस्तारण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के तत्वावधान में शनिवार, 18 जुलाई को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) के तहत चेक बाउंस मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन त्रिपाठी ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि वादकारियों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। सचिव ने सभी पैरालीगल वलंटियर्स (पीएलवी) एवं पैनल अधिवक्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने चेक बाउंस मामलों का समाधान कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता से भी विशेष लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा लंबित चेक बाउंस मामलों का आपसी सहमति से त्वरित, सस्ता एवं प्रभावी निस्तारण कराने की अपील की है। प्राधिकरण के अनुसार लोक अदालत के माध्यम से समय और धन की बचत होने के साथ-साथ आपसी सौहार्द भी बना रहता है।



समीक्षा करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

## सीमावर्ती गांवों के विकास को मिलेगी नई गति, जिला स्तरीय समिति की बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-प्प (टटच-प्प) के तहत जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए चयनित रणनीतिक गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास योजनाओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के छह सीमावर्ती प्रखंडों के 12 रणनीतिक गांवों का चयन इस योजना के तहत किया गया है। इनमें आदापुर का चन्द्रमन, बनकटवा का बिजबनी, छौड़ादानो के धर्मनगर, महुआवा एवं परसा, घोड़ासहन के बरवा खुर्द, जमुनिया कवैया, झरोखर एवं समनपुर, ढाका का परसा तथा रक्सौल के भरतमही एवं पनटोका शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को चयनित गांवों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, षि, आजीविका, कौशल विकास, लघु उद्योग, बैंकिंग एवं दूरसंचार जैसी आधारभूत सुविधाओं का गैप एनालिसिस कर प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों को आपसी समन्वय से विस्तृत कार्ययोजना एवं अनुमानित लागत का प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विकास, रोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़ाना, पलायन पर रोक लगाना, स्थानीय संस्ति का संरक्षण तथा सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी विभागों को उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, एसएसबी की 71वीं, 47वीं एवं 20वीं बटालियन के समादेष्टा, जिला योजना पदाधिकारी-सह-सहायक नोडल पदाधिकारी राहुल रंजन, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## फिल्म 'द आउटकास्ट बड' की शूटिंग का दूसरा शिड्यूल संपन्न

### सामाजिक समानता और मानवीय संवेदना की कहानी है फिल्म

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ओम शांति प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले निर्माणाधीन हिन्दी फीचर फिल्म 'द आउटकास्ट बड' की शूटिंग का दूसरा शिड्यूल 26 जून से 4 जुलाई तक सफलतापूर्वक पूरा किया गया। बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, कला, संस्ति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार से स्वीति प्राप्त इस फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक नीतीश राज और सुमित मौर्या हैं। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में चर्चित अभिनेता संजय पाण्डेय, सुशील सिंह, सतीश राज, रश्मि पाठक, श्रेया श्रीवास्तव, निशांत पल्लव सहित अन्य कलाकार अभिनय कर रहे हैं।फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक नीतीश राज ने बताया कि फिल्म की कहानी सुमित मौर्या ने लिखी है। 'द आउटकास्ट बड' समाज द्वारा बहिष्त उस शोषित वर्ग के संघर्ष, पीड़ा और अधिकारों की लड़ाई को दर्शाती है, जिन्हें जातिगत भेदभाव के कारण वर्षो से बुनियादी अधिकारों और सम्मान से वंचित रखा गया है। फिल्म में पिता-पुत्री के भावनात्मक रिश्ते के माध्यम से प्रेम, समानता और मानवीय संवेदना की शक्ति को दिखाया गया है। यह फिल्म रूढ़िवादी सोच की जंजीरों को तोड़कर इंसानियत और समान अधिकारों की जीत का संदेश देती है।नीतीश राज ने बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, कला, संस्ति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में फिल्म-अनुकूल वातावरण तैयार करने और क्षेत्रीय रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से बिहार में फिल्म निर्माण कंपनियों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। अब बिहार में फिल्म निर्माण पहले की अपेक्षा काफी आसान हुआ है।फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक सुमित मौर्या ने बताया कि फिल्म की तकनीकी टीम में एसोसिएट डायरेक्टर निखिल श्याम और सौरभ सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर साहिल सरोज शामिल हैं। वहीं कैमरा टीम में निस्मल नौशाद, अपसील अजोश और संपूर्णानंद ने कार्य किया। फोकस पुल्लर बिजेंद्र कुमार यादव, साउंड रिकर्डिस्ट रंजीत कुमार, आर्ट विभाग में आरुषि खेरवाल और प्रमोद, प्रोडक्शन टीम में जूही सुमन, आनंद शिवाय, रौनक और सिद्धार्थ, बीटीएस टीम में राहुल और अभिषेक, हेयर आर्टिस्ट गुंजन, मेकअप आर्टिस्ट राजन तथा कस्ट्यूम डिजाइनर विवेक ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।फिल्म की शूटिंग का पहला शिड्यूल 25 मार्च से 9 अप्रैल तक पूरा किया गया था। फिल्म की शूटिंग बिहार के पटना, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है। ओम शांति प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के एम़डी़ एवं फिल्म के निर्माता-निर्देशक नीतीश राज ने सहयोग के लिए बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना एवं पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, डीपीआरओ (पीआरडी), जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हार्ट अटैक से राजेपुर थाना में पदस्थापित दीप नारायण प्रसाद का निधन

**तेतरिया(एनएसबी)।** राजेपुर थाना में पदस्थापित 'पुलिस अवर निरीक्षक दीप नारायण प्रसाद' का हार्ट अटैक से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वे 'मोतिहारी कोर्ट' में सरकारी काम से गए थे। इसी दौरान अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई और उन्हें हार्ट अटैक आ गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर है। साथी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। स्व़ दीप नारायण प्रसाद अपने कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। राजेपुर थाना में उनकी सेवा को हमेशा याद किया जाएगा।

# जटवा जानेरवा में सिकरहना नदी का लिया जायजा, कटाव रोकने की तैयारी के निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार ने शुक्रवार को बंजरिया प्रखंड के जटवा जानेरवा क्षेत्र का भ्रमण कर सिकरहना नदी के जलस्तर एवं नदी के दबाव की स्थिति का निरीक्षण कियास निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ प्रमंडल, मोतिहारी के कार्यपालक अभियंता को नदी की स्थिति पर लगातार सूक्ष्म निगरानी रखने तथा संभावित कटाव से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कटावरोधी कार्य प्रारंभ कराया जाएसअनुमंडल पदाधिकारी ने बंजरिया के अंचल अधिकारी को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग कराने तथा बाढ़ प्रमंडल के अभियंताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दियास इसके बाद उन्होंने बंजरिया प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरटीपीएस काउंटर, आधार केंद्र तथा सीएससी सेंटर की व्यवस्था का जायजा लिया और काउंटर पर कार्यरत कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यालय में आए आम लोगों से भी मुलाकात कर सरकारी सेवाओं एवं कार्य संस्ति के संबंध में फीडबैक लियास निरीक्षण के क्रम में सीडीपीओ कार्यालय की जांच के दौरान कुछ कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मामले की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



जायजा लेते सदर एसडीओ।

## संक्षिप्त खबरें

### फेनहारा प्रखंड में खाद्य दुकान पर अनुमंडल षि पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण'

**फेनहारा(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में अनुमंडल षि पदाधिकारी बजरंग कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के खुदरा उर्वरक विक्रेता दुकान का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया सभी दुकानों पर उर्वरक खाद्य की बिक्री सुचारू रूप से हो रही हैं अनुमंडल षि पदाधिकारी ने निर्देश दिया किसानों को समय से उर्वरक वितरण करें और उनके जरूरत के अनुसार खाद्य उपलब्ध कराए अनुमंडल षि पदाधिकारी श्री बजरंग कुमार सिंह ने कहा खाद्य का सरकारी दर 266 रुपये 50 पैसा निर्धारित की गई है अभी प्रखंड में 4400 खाद्य उपलब्ध हैं और आगे भी स्टक की कमी नहीं होगी जाँच की गई दुकान प्रीति खाद्य बीज भंडार फेनहारा,, जय माता दी ट्रेडर्स फेनहारा,, सिंह खाद्य बीज भंडार गोवंधी परसौनी निरीक्षण के समय समन्वयक राजेश कुमार, संतोष कुमार षि सलाहकार पप्पू कुमार सहित अन्य षि कर्मी उपस्थित रहे।

### शराबबंदी मामले के आरोपी समेत दो वारंटी गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** पहाड़पुर थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत दर्ज एक मामले के आरोपी समेत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों की मेडिकल जांच कराने के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पहाड़पुर थाना कांड संख्या-371ध्26, दिनांक 24 जून 2026 में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 की धारा 30(9) के तहत दर्ज मामले के आरोपी मैनुद्दीन अंसारी, पिता कमाल अंसारी, निवासी सिसवा मलदहिया, को गिरफ्तार किया गया।वहीं, न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में नागेन्द्र साह, पिता स्वर्गीय कमल साह, निवासी सरैया कचहरी टोला (टीआर संख्या-667ध्26) तथा जई साह, पिता स्वर्गीय परसन साह, निवासी मिश्राइन टोला, संगी छाप (टीआर संख्या-642ध्24) को भी गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों की मेडिकल जांच कराने के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### समीक्षात्मक बैठक

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रगुप्त बैठा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमे संबंधित पदाधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। भारत सरकार के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीरज कुमार दौरे के दौरान नीति आयोग की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संचालित विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे। कल्याणपुर में 21 एवं 22 जुलाई को भ्रमण कार्यक्रम है। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीपीएम जीविका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन से राणा फिरदौस, अब्दुल सलमान इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### कुर्की के भय से पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** पुलिस द्वारा विशेष कुर्की अभियान चलाकर कुर्की जब्ती कर रही है । कुर्की के भय व पुलिस कार्रवाई से जलहाँ सीसवानिया टोला निवासी बृजकिशोर सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया ।थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने बताया कि न्याययिक हिरासत में भेज दिया गया।

### फरार वारंटी के घर पुलिस ने की कुर्की

**पीपराकोठी।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को चांद सरैया गांव में एक फरार वारंटी के घर कुर्की की कार्रवाई की। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, चांद सरैया निवासी खेदु चौधरी के खिलाफ वारंट जारी था, लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहा था। बार-बार गिरफ्तारी के प्रयासों के बावजूद उसके न्यायालय में उपस्थित न होने पर कुर्की का आदेश प्राप्त हुआ था।न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस टीम गांव पहुंची और दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा रही, लेकिन पुलिस ने पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने कुर्की की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों और आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने वालों के विरुद्ध ऐसी ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट की परीक्षा में अविनाश को मिली सफलता, परिजनों में खुशी की लहर

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** नीट की परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित होते हीं प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया है। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के एक शिक्षक के पुत्र अविनाश ने नीट परीक्षा में परचम लहराकर प्रखंड व अपने गांव का मान बढ़ाया है। उतरी भवानीपुर पंचायत के भवानीपुर कुशवाहा ग्राम वार्ड सात निवासी सचिंद्र प्रसाद कुशवाहा के पुत्र अविनाश कुमार ने चौथी बार में यह उपलब्धि हासिल की है। पिता सचिन्द उतरी मधुबनी पंचायत अंतर्गत सिंहोरवा पाण्डेय टोला प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक व माँ रेणु देवी कुशल गृहणी हैं। अविनाश चार वर्ष से कोटा में रहकर तैयारी कर रहा था। उसकी लगन एवं कड़ी मेहनत का फल यह परिणाम है। उसकी प्राथमिक शिक्षा गांव से ही हुई है। श्री हनुमान उच्च माध्यमिक़ 2 विद्यालय भवानीपुर ठिकहा से 10 वी और 12वीं तक पढ़ाई पूरी कर तैयारी के लिए कोटा चला गया था। उसकी सफलता पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नितेश कुमार सिंह, परमानंद पाण्डेय,उतरी भवानीपुर पंचायत के मुखिया रेणु देवी,संतोष कुशवाहा ,शिक्षक मिथलेश कुमार घायल, आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय, गोपालजी सिंह आदि ने शुभकामनाएं व बधाई दी है।

### खगड़िया जलापूर्ति परियोजना को लेकर 170.86 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

#### अमृत 2.0 मिशन के तहत शहरवासियों को मिलेगी सुदृढ़ एवं आधुनिक पेयजल व्यवस्था

**खगड़िया।** बिहार सरकार द्वारा राज्य में शहरी आधारभूत संरचना को सुढ़ करने एवं प्रत्येक नागरिक तक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन के अंतर्गत खगड़िया जलापूर्ति परियोजना हेतु 170,86,22,260 (एक सौ सत्तर करोड़ छियासी लाख बाईस हजार दो सौ साठ रुपये) की प्रशासनिक स्वीति प्रदान की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से खगड़िया नगर क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत आधुनिक जलापूर्ति अवसंरचना का विकास किया जाएगा, जिससे घर-घर तक गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही भू-जल पर निर्भरता एवं अत्यधिक दोहन में कमी आएगी, जल संसाधनों का सतत एवं वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित होगा तथा नागरिकों को जलजनित बीमारियों से भी राहत मिलेगी। यह परियोजना खगड़िया के समग्र शहरी विकास एवं जनस्वास्थ्य की ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। परियोजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियंताओं एवं संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा परियोजना के विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, ताकि परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जा सके और खगड़िया नगर क्षेत्र के नागरिकों को इस जनहितकारी योजना का लाभ समय पर उपलब्ध हो सके।

### 11 वारंटी सहित 31 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार, अवैध शराब भी किये गये जप्त

**छपरा।** वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों ध अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन ध बिक्रीध भंडारण ध निर्माण ध परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को ष्टिगत रखते हुए दिनांक-16़07़2026 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-31 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया साथ ही जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के ष्टिकोण से कुल-71 वाहनों से 93,500ध- (तिरानवे हजार पांच सौ) रूपए जुर्माना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-156 लीटर, मोबाईल-06, मोटरसाईकिल-01, कार-01, अपहृता-01 एवं नगद राशि-1230 रुपये बरामद किया गया है।

### नीट परीक्षा में दिघवारा के सृजन व अनीश का जलवा, परिजनों में खुशी की लहर

**दिघवारा।** नीट परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही दिघवारा क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला।नगर पंचायत के दो होनहार छात्रों सृजन सिंह और अनीश कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों की सफलता पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है। नगर पंचायत के पूर्वी ढाला निवासी स्वर्गीय हरेराम सिंह एवं शालिनी सिंह के 17 वर्षीय पुत्र सृजन सिंह ने नीट परीक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए 720 में 657 अंक प्राप्त किए हैं। इस शानदार उपलब्धि के साथ उन्होंने अल इंडिया रैंक (।प्त) में 1003वां स्थान तथा ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में 65वां स्थान हासिल किया है। सृजन की इस सफलता से पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं, चकनूर निवासी शिक्षक उमेश कुमार एवं उर्मिला देवी के 21 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार ने भी नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अनीश को अल इंडिया रैंक में 25241वां तथा कैटेगरी रैंक में 12114वां स्थान मिला है। अनीश ने होली ट्रिनिटी मिशन स्कूल, दिघवारा से दसवीं तथा रामजंगल सिंह इंटर कलेज से बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद मेडिकल की तैयारी शुरू की थी और अपने लक्ष्य को हासिल किया। अनीश ने बताया कि वह भविष्य में एक सफल डक्टर बनकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहता है। दोनों छात्रों की सफलता पर आरजेएस सचिव अशोक सिंह,पूर्व प्राचार्य प्रो कन्हैया सिंह,प्रो ड सुरजीत सिंह सोनू,बबलू पांडेय,प्रभात कुमार,दिनेश प्रसाद,मनोज कुमार सिंह,प्राचार्या कुंदन सिंह,पंचम मेहरा,हृदयानंद यादव,राजीव रंजन शरण, एन के संतोष,शंभू सिंह,अनिल भारद्वाज,जितेंद्र सिंह,उमाशंकर सिंह,अब्दुल कादिर,मनव्वर आलम,अरुण सिंह,सुनील पांडेय,अफसाना खातून सरीखे प्रबुद्ध लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 29 जुलाई को सारण में होगा 'शौर्य संवाद सम्मेलन पूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं के लिए विशेष सम्मान शिविर

**छपरा, सारण।** जिले के पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण और सम्मान को समर्पित 'शौर्य संवाद सम्मेलन' का आयोजन आगामी 29 जुलाई 2026 को दोपहर 2रू30 बजे से भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी सारण (छपरा) में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वेटरंस ब्रांच हैडाटर झारखंड और बिहार सब एरिया के सौजन्य से बिहार रेजिमेंट सेंटर द्वारा किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सम्मान देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों, चयनित वीर नारियों तथा सेवा काल में दिवंगत सैनिकों की चयनित विधवाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से सेना और समाज के बीच संवाद को मजबूत करने तथा सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान की भावना को और सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलन में केवल सम्मान समारोह ही नहीं, बल्कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न विभागों के विशेष सहायता काउंटर भी लगाए जाएंगे। इनमें स्पर्श केंद्र के माध्यम से पेंशन संबंधी मामलों का निस्तारण, सैनिक हेल्प डेस्क द्वारा थाना एवं प्रशासनिक मामलों में सहायता, विधिक सहायता केंद्र द्वारा कानूनी परामर्श, राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवादों से संबंधित मामलों का समाधान तथा जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहेगी। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल मनीष कुमार ने जिले के सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, सैनिक आश्रितों एवं उनके परिवारों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होकर सरकार एवं सैनिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सैनिक परिवारों की समस्याओं को सुनने, उनके समाधान की दिशा में पहल करने तथा उन्हें सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजन से सैनिकों और उनके परिजनों का मनोबल बढ़ेगा तथा उन्हें विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सारण, छपरा से संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन एवं सैनिक कल्याण विभाग ने सभी पात्र पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं आश्रित परिवारों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस जनहितकारी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें


### स्टेशन मैनेजर की बेटी ने नीट में पाई सफलता, डीआरएम ने दुरभाष पर दी बधाई

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर तैनात स्टेशन मैनेजर रमेश कुमार की बेटी कनिष्का ने नीट यूजी परीक्षा में सफल होकर अपने माता पिता का नाम रौशन कर परचम लहराया है। कनिष्का ने बताया कि उसने भागलपुर नानी घर रहकर पढ़ाई पूरी की है। कनिष्का इसका पूरा श्रेय नाना सेवानिवृत्ति मुख्य इंजीनियर रामानंद राजीव और नानी हिंदू राजीव के अलावा माता-पिता को देती है। कनिष्का ने कहा कि वह पढ़ाई पूरी कर आगे समाज सेवा क्षेत्र में जाना चाहती है। वही समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने फोन पर स्टेशन मैनेजर रमेश कुमार को बधाई दी और कनिष्का के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने रेल परिवार की ओर से भी बधाई दी है। ज्ञात हो कि स्टेशन मैनेजर रमेश कुमार पूर्व में सहरसा के स्टेशन अधीक्षक भी रह चुके हैं। कनिष्का का कैटिगरी रैंक 4133 है उसके दसवीं परीक्षा में भी 98: अंक है। इस अवसर पर रेल कर्मचारियों ने कनिष्का की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कामना की।



### पतरघट में मंत्री रत्नेश सादा ने जताया शोक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष के पुत्र व भतीजे को दी श्रद्धांजलि

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सादा शुक्रवार को पतरघट पहुंचे, जहां उन्होंने जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार साह के इकलौते पुत्र ओम कुमार उर्फ छोटू (22 वर्ष) एवं भतीजे प्रिंस कुमार (24 वर्ष) के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मंत्री ने दिवंगत दोनों युवकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि इतनी कम उम्र में दो युवाओं का निधन अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान जदयू के स्थानीय नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### किशोर-किशोरियों को महिला सुरक्षा, संरक्षा एवं सशक्तिकरण करने हेतु दी गई जानकारी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन डीएचईडब्लू, द्वारा शुक्रवार को कन्या मध्य विद्यालय, पंचगछिया, सत्तरकटैया में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 तथा बाल विवाह की रोकथाम हेतु कानूनी प्रावधानों एवं बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा, बाल अधिकार, साइबर अपराध, बाल विवाह तथा करियर से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका संतोषजनक एवं सरल भाषा में उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।यह जागरूकता कार्यक्रम जिला मिशन समन्वयक, जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा संचालित किया गया। जिसमें अनुसेवक भी शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।



### नगर निगम द्वारा बच्चों की प्रतिभा को मिलेगा नया मंच, बिहार बाल भवन किलकारी का निरीक्षण

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम आयुक्त प्रभात कुमार झा ने शुक्रवार को बिहार बाल भवन किलकारी का निरीक्षण कर संस्थान में संचालित शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।नगर आयुक्त ने कंप्यूटर, चित्रकला, हस्तकला, संगीत, वादन, नृत्य, कराटे, कबड्डी, चेस, नाटक, लेखन एवं फोटोग्राफी सहित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा बच्चों से संवाद कर उन्हें निरंतर अपनी प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों एवं संचालकों ने नगर आयुक्त को संस्थान की विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया। नगर आयुक्त महोदय ने कई समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा शेष विषयों पर भी यथाशीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि बिहार बाल भवन किलकारी में संचालित प्रेरणादायी गतिविधियों का प्रसारण सहरसा नगर निगम क्षेत्र में स्थापित एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इन गतिविधियों से प्रेरित होकर अपनी रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप किलकारी से जुड़ सकें। निरीक्षण के समापन पर संस्थान के बच्चों ने अपने स्नेह एवं सम्मान के प्रतीक स्वरूप नगर आयुक्त महोदय को अपने हाथों से निर्मित एक सुंदर चित्र भेंट किया। इस आत्मीय क्षण ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा, कला के प्रति समर्पण एवं उत्साह को प्रदर्शित किया। सहरसा नगर निगम शिक्षा, संस्कृति, खेल एवं बाल प्रतिभाओं के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्यरत है तथा बच्चों को बेहतर अवसर एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।



### हिंदू दर्शन की स्वीकार्यता देश विदेश में सर्वत्र बढ़ रही है, संघ कार्य भगवद कार्यः रामदत्त चक्रधर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा नगर का एकत्रीकरण पूजा बैंक्विट हॉल में शुक्रवार को आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के साथ योग आसन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। उसके पश्चात जिला सेवा प्रमुख के द्वारा सामूहिक गीत, श्रवण कुमार नगर कार्यवाह द्वारा मंचासीन अधिकारी का परिचय एवं बौद्धिककर्ता का परिचय कराया गया। उसके पश्चात नगर प्रचार प्रमुख आशुतोष जी के द्वारा अमृत वचन सूरज जी के द्वारा एकल गीत के पश्चात नगर एकत्रीकरण में उपस्थित सह सर कार्यवाह रामदत्त चक्रधर जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर द्वारा द्वारा सहरसा एवं मधेपुरा जिले का दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार की सुबह डीवी रोड स्थित पूजा बैंकट हॉल में नगर के स्वयंसेवकों का हुए एकत्रीकरण को संबोधित कर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षो से राष्ट्र साधना एवं सेवा कार्य में रत है। यह यात्रा समाज के सहयोग तथा आशीर्वाद से अत्यंत गौरवमय तथा प्रेरणादायी बनी है। समाज की सामूहिक पुरुषार्थ से सामान्य नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना का विकास निरंतर हो रहा है एवं हिंदू दर्शन के स्वीकार्यता देश विदेश में सर्वत्र बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में हुई थी तब से लेकर आज तक के 100 वर्षो में संघ में कोई भी फूट नहीं पड़ा है। इससे यह साबित होता है कि संघ का कार्य भगवान का कार्य है। समाज में परिवर्तन के लिए स्वयं अपने घर से पांच संस्कारों को पारिवारिक संस्कार में बदलना है। उन्होंने कहा कि 1948 में गांधी हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाया गया। गुरु जी के ऊपर हत्या का आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया गया लेकिन सरकार द्वारा संघ के विरुद्ध कोई भी दोष साबित नहीं हो सका।



# प्रधानमंत्री मोदी की सस्ती दवा की मेडिसिन स्टोर का शुभारंभ, सांसद दिनेश चंद्र यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन, कहा काम वही, दाम सही से आम जनता को मिलेगा लाभ

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सहरसा नगर निगम क्षेत्र के सराही कब्रिस्तान चैक के निकट शुक्रवार को जेनेरिक कार्ट मेडिसिन स्टोर का शुभारंभ मधेपुरा के लोकप्रिय सांसद श्री दिनेश चंद्र यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं आम लोगों तक पहुंचाने का अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे प्रयास आम नागरिकों, विशेषकर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। सांसद श्री यादव ने कहा कि शहर में लगातार नए-नए प्रतिष्ठानों का खुलना विकास और रोजगार का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने स्टोर के संचालक जदयू नेता देवेंद्र कुमार देव को बधाई देते हुए कहा कि इस मेडिकल स्टोर के माध्यम से लोगों को वही गुणवत्तापूर्ण दवाएं सामान्य मेडिकल स्टोर की अपेक्षा काफी कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। कई दवाएं जहां अन्य मेडिकल स्टोरों पर एक रुपये में मिलती हैं, वहीं यहां लगभग 40 से 45 पैसे की लागत में उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस सुविधा का लाभ उठाने और इसकी जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रदेव मुखिया, वैश्य समाज सहरसा के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह, राजद के प्रदेश महासचिव धनिक लाल मुखिया, जदयू नेता अक्षय झा, संजीव सिंह, राकेश मंडल, हरिनारायण यादव, मुकेश यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता, राजीव रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, पूर्व पार्षद सुबोध साह, व्यापार संघ के सचिव विकास गुप्ता, पार्षद कामेश्वर साह, पूर्व प्रमुख सीताराम साह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज साह, उमेश साह, पूर्व पार्षद राजेश दास, मुखिया संघ के अध्यक्ष विनय यादव, मुखिया संजीव जायसवाल, भाजपा नेता संजीव कुंवर, कमल नारायण गुप्ता, जवाहर गुप्ता, कपिलदेव गुप्ता, दीपक फोटो, जवाहर यादव, नाई संघ के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र ठाकुर, सचिव शिवशंकर ठाकुर, पोद्दार वैश्य महासभा के महामंत्री शशिभूषण गांधी, वैश्य समाज के महामंत्री संजय कुमार, युवा अध्यक्ष अजीत कुमार अजय, नीरज सोनू, गिरधारी गुप्ता, विलास साह, छात्र नेता मनीष कुमार, डॉ. विनोद कुमार, प्रतीम कुमार, मो. मोइनुद्दीन राइन, रामचंद्र साह, वकील साह, नीतीश बिट्टू, शिवम सिंह सिट्टू, चन्द्रकिशोर, आशीष कुमार, सुंदर कुमार, राजेन्द्र साहू, वीरेंद्र साहा, रविन्द्र साहा, सुनील सूर्या, कौशल राय, जितेन्द्र राय, आकाश कुमार, सत्यनारायण साह सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सस्ती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवा हर नागरिक तकष पहुंचाने की सोच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सहरसा के हजारों परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।



उद्घाटन करते सांसद व अन्य

## एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा हूए उत्तीर्ण

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के तुलसियाही गांव के एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। किराना दुकान चलाने वाले रोहित कुमार के दो बेटों और एक बेटी की इस सफलता से गांव और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा अंक पत्र जारी होने के बाद तीनों भाई-बहनों के शानदार प्रदर्शन की चारों तरफ सराहना हो रही है। तीनों सफल उम्मीदवारों के परीक्षा परिणाम के मुख्य आंकड़े इस प्रकार हैंरू सबसे बड़े भाई रजनीश कुमार ने 720 में से 633 अंक प्राप्त किए, उनका कुल परसेंटाइल 99.8425917 रहा और ऑल इंडिया रैंक 3122 थी। उन्होंने यह सफलता तीसरे प्रयास में हासिल की। उनकी बहन साक्षी कुमारी ने 720 में से 601 अंक प्राप्त किए, उनका कुल परसेंटाइल 99.5092242 रहा और ऑल इंडिया रैंक 9762 थी। साक्षी ने भी तीसरे प्रयास में सफलता पाई। सबसे छोटे भाई प्रहलाद कुमार ने अपने पहले ही प्रयास में 720 में से 565 अंक प्राप्त किए। उनका कुल परसेंटाइल 98.6615297 रहा और ऑल इंडिया रैंक 26751 थी। तीनों भाई-बहनों ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय से पूरी की। साक्षी और रजनीश ने सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक करने के बाद बिहार बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। वहीं, सबसे छोटे भाई प्रहलाद कुमार ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट दोनों ही परीक्षाएं बिहार बोर्ड से उत्तीर्ण की हैं। बच्चों के पिता रोहित कुमार गांव में ही एक छोटी सी किराना दुकान चलाते हैं। आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत न होने के बावजूद उन्होंने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में कोई कमी नहीं आने दी और उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया। बच्चों की इस ऐतिहासिक सफलता पर उनकी माँ पूनम देवी की आँखें खुशी से नम हैं। उन्होंने कहा, ष्मुझे बचपन से ही विश्वास था कि मेरे बच्चे एक दिन अपनी मेहनत के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर हमारा नाम जरूर रोशन करेंगे। पहले ही प्रयास में नीट उत्तीर्ण करने वाले प्रहलाद कुमार ने परीक्षा परिणाम बिल्कुल समय पर जारी होने को लेकर सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की सराहना की। प्रहलाद ने बताया कि पूर्व में नीट परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों के मन में जो संशय या अविश्वास बना था, समय पर और सुचारू रूप से परिणाम जारी होने से अब वह भरोसा काफी बढ़ा है। प्रहलाद भविष्य में एक कुशल ऑर्थोपेडिक सर्जन बनकर समाज की सेवा करना चाहते हैं। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली साक्षी कुमारी ने बताया कि तैयारी के लिए वह कभी किसी दूसरे राज्य या बड़े शहर नहीं गईं। उन्होंने अपने गृह जिला मुख्यालय सहरसा में ही रहकर स्थानीय कोचिंग से पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। साक्षी भविष्य में चाइल्ड स्पेशलिस्ट (बाल रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर बनकर अपने क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना चाहती हैं। सबसे बड़े भाई रजनीश कुमार ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होना कभी भी आपकी राह का रोड़ा नहीं बन सकती। उन्होंने कहा, ह्लहमने सहरसा में ही रहकर सेल्फ स्टडी और स्थानीय मार्गदर्शन से तैयारी की और यह साबित कर दिया कि यदि मन में दृढ़ संकल्प और सच्ची लगन हो, तो हर मंजिल आसान हो जाती है। तीनों भाई-बहनों की इस बेमिसाल कामयाबी पर पूरे तुलसियाही गांव में मिठाइयां बांटी गईं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने रोहित कुमार के आवास पर पहुंचकर तीनों बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



खुशी मनाते उत्तीर्ण दो भाई एक

## शोकाकुल परिवारों से मिले आपदा मंत्री, वज्रपात पीड़ित परिवार को सौंपा 4 लाख का चेक

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने शुक्रवार को सोनवर्षा राज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को ढांढस बंधाया और वज्रपात पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता का चेक सौंपा। मंत्री सबसे पहले देहद पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व पैक्स अध्यक्ष गवेन्द्र कुमार सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके दादा एवं पूर्व पैक्स अध्यक्ष स्व. केशर नारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों से मिलकर संवेदना जताई और कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार एवं वे स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इसके बाद मंत्री देहद पंचायत के वार्ड संख्या-1 स्थित दमहा महादलित टोला पहुंचे, जहां हाल ही में वज्रपात से मृत बालक विशाल कुमार के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बालक का स्थायी निवास खगड़िया जिला होने के कारण आपदा राहत मद की चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि वहीं से प्रदान की जाएगी। दौरे के क्रम में मंत्री खजुराहा गांव भी पहुंचे, जहां वज्रपात से कारी देवी की मौत हुई थी। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए राज्य सरकार की ओर से चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता का चेक तत्काल उपलब्ध कराया। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह, जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शंभू सादा, धीरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि बबलू मंडल, युवा नेता अक्षय सिंह, चंदन यादव, मिट्ठू रजक अरुण राम, घनश्याम राम, इंद्रभूषण कुमार, अंचलाधिकारी ललन चैधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



वज्रपात पीड़ित को चेक देते मंत्री

## चारदीवारी के अभाव में बदहाल बनमा ईटहरी सीएचसी, परिसर में घुस रहे आवारा मवेशी, गंदगी से मरीज और स्वास्थ्यकर्मी परेशान, चारदीवारी निर्माण की उठी मांग

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनमा ईटहरी में चारदीवारी नहीं होने के कारण अस्पताल की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। खुले परिसर में आवारा मवेशियों के प्रवेश से जगह-जगह गोबर और गंदगी फैली रहती है, जिससे मरीजों, उनके परिजनों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि नियमित सफाई कराई जाती है, लेकिन चारदीवारी नहीं होने के कारण मवेशी दोबारा परिसर में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे कुछ ही समय में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। गंदगी के बीच मरीजों को अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है, जिससे स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल परिसर की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए शीघ्र चारदीवारी निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि इससे आवारा मवेशियों का प्रवेश रुकेगा और मरीजों को बेहतर माहौल मिल सकेगा। क्या कहते हैं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार संत ने बताया कि अस्पताल के पास चारदीवारी निर्माण के लिए फिलहाल कोई फंड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बातचीत की जा रही है और चारदीवारी निर्माण के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।



## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

### देश के हर युवा में राष्ट्र भावना प्रवल करने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मानव निर्माण की फैक्ट्रीः रामदत्त चक्रधर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्थानीय ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घघाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर जी ईस्ट एन वेस्ट शैक्षणिक समुह के चेयरमैन रजनीश रंजन, आर एस एस कोशी विभाग के सह सरकार्यवाह राधेश्वर झा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सम्मानित अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र,पागल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। अपने उद्बोधन में सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कोशी के युवाओं के प्रति आशान्वित भाषा में कहा कि कोशी शक्ति का केंद्र रहा है।यहां की उर्वरा मिट्टी में छात्र युवा शक्ति समय समय पर अंकुरित होते रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र की सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। उन्होंने कहा भारत के अंतिम पर जब प्रकाश डालते है तो इसका इतिहास हमेशा ही वैभवशाली रहा है। कहा भारत ने दुनिया को हर क्षेत्र में ज्ञान, विज्ञान,कला, साहित्य देने का काम किया है। उन्होंने कहा जब हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर नजर डालते हैं तो युवा स्वतंत्रता सेनानीयों ने मस्ती भुमिका निभाई. इतना ही नहीं द्वितीय विश्व युद्ध के समय भी देश के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा निभाया.कहा केवल उम्र से कोई युवा नहीं कहलाता है बल्कि युवा मानस मन जिनके अंदर प्रबल हो हर व्यक्ति वह युवा हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्र के प्रति देश के हर व्यक्ति में राष्ट्र सम्मान को लेकर आयोजित सेमिनार में उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सभी सामानय नागरिकों के पास जब तक देश सर्वमान्य का भाव जागृत नहीं आएगा तब तक देश व आगे नहीं बढ़ सकता हैं।कहा जिस दिन यह भाव हर व्यक्ति में आ जाएगा उस दिन इस देश को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है।और संघ इसी दिशा में काम कर रहा है। कहा यह राष्ट्र उद दीन पुनः वैभवशाली राष्ट्र की ओर आगे बढ़ते हुए देश दुनिया को हर क्षेत्र में ज्ञान देने का काम करेगा।युवाओं को संबोधित करते हुए चक्रधर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में देश के हर युवा को पहले अपने जीवन में खुद को बदलना होगा,हर व्यक्ति में सेवा के भाव को जागृत करना पड़ेगा. उन्होंने कहा इस देश की मातृभूमि को समझने वाला हर व्यक्ति राष्ट्रवादी हैं। इस देश में जन्म लेने वाला सभी हिन्दू है और भारत माता कि संतान हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में चेयरमैन रजनीश रंजन ने कहा कि वर्ष 1905-06 में संघ की नींव नागपुर के एक गांव में डॉ हेडगेवार नामक युवक ने वंदे मातरम के नारों के साथ शुरूआत हुई थी। उन्होंने अपने उद्बोधन में एक वाक्य जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है से अपनी बातों की शुरूआत की।कहा भारत युवाओं का देश है ऐसे में छात्राध्यापकों के उपर बड़ी जिम्मेदारी है।क्यों कि किसी भी उच्च वैभव का प्रभाव निम्न वैभव की ओर होता है। उन्होंने कहा संघ के विचार को नजदीक से आकर करेगा समझना पड़ेगा तभी हम राष्ट्र प्रेम राष्ट्र शक्ति की ताकत को समझ पायेंगे।महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में आर एस एस के सह प्रांतीय प्रचारक प्रवीर जी, विभाग प्रचारक सुमित जी,मेजर डॉ गोतम कुमार सिंडिकेट सदस्य बीएन एम यू, आशीष टिंकू, ध्रुव झा, उदाहरण भगत, सागर कुमार नन्हें, रोशन कुमार, मुक्तेश्वर सिंह, अमित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




उदघाटन करते रामदत्त चक्रधर व रजनीश रंजन

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन में बीमार हुये यात्री को आरपीएफ ने अस्पताल पहुंचाया

**खगड़िया।** बरौनी-कटिर रेलखंड में 15609 अप डिब्रूगढ़ - नई दिल्ली अवध आसाम एक्सप्रेस से मानसी स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा गंभीर हालत में एक यात्री को उतार कर सदर अस्पताल लाया गया। आरपीएफ एएसआई रंजीत रज्जरिनरी ने बताया कि यात्री को खाना खाने के बाद खून की उल्टी होने की जानकारी पर उसे तुरंत एंबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल लाए जाने के बाद परिजनों को सूचित भी कर दिया गया। गंभीर हालत में भर्ती मरीज ने बताया कि वह देवरिया जिला के पिंडी प्रखंड अंतर्गत लार थाना निवासी है तथा उसका नाम अर्जुन राम ,पिता रामनारायण राम है। वह प्रियम हायटेज कंपनी में बिजली मीटर लगाने का काम करता है। उसने कहा कि वह रंगीया से देवरिया अपने घर जा रहा था कि अचानक उक्त घटना घटी। चिकित्सकों द्वारा उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### पिपरा बाजार के समीप हाईवा की ठोकर से ष्टिबाधित वृद्ध घायल चौथम पीएचसी में कराया गया भर्ती

**चौथम।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा बाजार के समीप शुक्रवार को एक हाईवा की ठोकर से एक ष्टिबाधित वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वृद्ध सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथम पहुंचाया। घायल की पहचान गोगरी थाना क्षेत्र के रविबरी गांव निवासी कारे मुनि के रूप में हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौथम में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार भारी वाहनों के परिचालन पर चिंता जताते हुए प्रशासन से आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बेलदौर पुलिस ने पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार पिता-पुत्र का पहचान बेला नौबाद गांव निवासी पिता सुरेंद्र शर्मा एवं पुत्र मिथिलेश कुमार के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी पर समस्तीपुर नगर थाना में कांड संख्या 36ध्14 दर्ज था, जिसमें कोर्ट से कुर्की वारंट निर्गत था। इस मामले में पुलिस उसकी गत कई महीनों से तलाश कर रही थी। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि अलग-अलग के आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसे प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ग्रामीणों ने सांसद को सौपा ज्ञापन,समाधान का आश्वासन

**बेलदौर।** प्रखंड में शिक्षा के बुनियादी ढ़ांचे को लेकर दोहरा मापदंड देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को सांसद राजेश वर्मा से मुलाकात कर उन्हें लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में बेलदौर के दो मध्य विद्यालयों की स्थिति का तुलनात्मक उल्लेख किया गया है। आवेदन के अनुसार आदर्श मध्य विद्यालय, बेलदौर में छात्रों के लिए पर्याप्त कमरे उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चों के खेलने-कूदने के लिए पर्याप्त मैदान भी है। विद्यालय का भौतिक ढ़ांचा संतोषजनक स्थिति में है। वहीं दूसरी ओर कन्या मध्य विद्यालय, बेलदौर की स्थिति चिंताजनक है। यहां छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त कमरे नहीं हैं। बढ़ती छात्रों की संख्या के कारण बच्चों को भीड़भाड़ में, कई बार जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है। खेल और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भी जगह का अभाव है। ग्रामीणों ने सांसद से मांग की है कि कन्या मध्य विद्यालय बेलदौर में अविलंब अतिरिक्तकक्षा कक्षों का निर्माण कराया जाए। साथ ही छात्राओं के लिए शौचालय, पेयजल और खेल मैदान जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। सांसद राजेश वर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि वे इस मामले को संबंधित विभाग के समक्ष उठाएंगे और जल्द समाधान का प्रयास करेंगे। बेलदौर में अभी कुछ दिन पहले ही डिग्री कलेज खुला है, जहां शिक्षक और भवन का संकट है। अब कन्या विद्यालय में भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव सामने आया है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या शिक्षा को लेकर हमारी योजनाएं सिर्फ कागजों और उद्घाटनों तक ही सीमित रह जाएंगी जब तक ग्रामीण स्तर पर लड़कियों की शिक्षा के लिए बराबर का ढ़ांचा नहीं बनेगा, तब तक 'शिक्षित बिहार' का सपना अधूरा ही रहेंगे ।

# स्वास्थ्य, शिक्षा, बाढ़, सुरक्षा, सूखे और नशे के रोकथाम को लेकर सांसद ने अपनाया कड़ा रुख

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के सर्वांगीण विकास और जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने मंगलवार को कड़े तेवर दिखाए। खगड़िया समाहरणालय स्थित सभागार में सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मैराथन समीक्षा की गई।



बैठक में उपस्थित सांसद, डीएम व अन्य।

सांसद ने स्पष्ट कर दिया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य और षि सहित दर्जनों महत्वपूर्ण योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सांसद ने जिले में चल रहे कटावरोधी कार्यों में अनियमितता की शिकायतों को सांसद ने गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जियो बैग में बालू की जगह मिट्टी या मिट्टी युक्त बालू भरने का मामला निरीक्षण में भी सामने आया है। फिर से ऐसी शिकायतें आ रही हैं। यह पूरी तरह से गलत है। सांसद ने चेतावनी दी कि यदि बाढ़ या कटावरोधी कार्यों में कोई भी कोताही मिली, तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वही सदर अस्पताल के आसपास धड़ल्ले से चल रहे अवैध और फर्जी क्लिनिकों पर सांसद राजेश वर्मा ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने जिलाधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अविलंब एक 'टास्क फोर्स' का गठन कर इन फर्जी क्लिनिकों पर छापामारी और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की छत से पानी टपकने और मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को तुरंत विभाग को लिखित सूचना देकर व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

जिले की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सांसद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक है और कमरों की कमी है, वहां विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि स्कूलों में बच्चियों के लिए बने शौचालयों की बदतर स्थिति को अविलंब सुधारा जाए। साथ ही, भूमिहीन, भवनहीन और जर्जर स्कूलों का प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजने तथा बच्चों के लिए खेल मैदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने जिले में बढ़ते सूखे नशे (स्मैक, ब्राउन शुगर आदि) के प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सांसद ने पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में मौजूद पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में होने वाले 90 फीसदी अपराधों की जड़ यह सूखा नशा है। इसके खिलाफ बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए और गिरफ्तार किए गए नशा तस्करोंध्अपराधियों की जानकारी का प्रचार-प्रसार हो, ताकि नशे में लिप्त लोग अलर्ट हो सकें और पुलिस का खौफ कायम रहे।

सांसद ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि खगड़िया शहर के साथ-साथ महेशखूंट और मानसी जैसे प्रमुख बाजारों में जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। उन्होंने बाजारों में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की महत्वपूर्ण पहल करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिन पर्चाधारियों को अब तक जमीन उपलब्ध नहीं हुई है, उसकी जांच कर उन्हें जमीन दिलाने और वंचितों के लिए नया सर्वे करवाकर पर्चा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वही संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए सांसद ने डीएम विक्रम विरकर को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाए। वहां कम्युनिटी किचन, मेडिकल सुविधा, पलिथीन शीट और पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए।

सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रत्येक योजना का एकमात्र उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का आह्वान किया। बैठक में खगड़िया विधायक बबलू मंडल, परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, अलौली विधायक रामचन्द्र सदा, जिला परिषद अध्यक्षा ष्णा कुमारी यादव, जिलाधिकारी विक्रम विरकर, उप विकास आयुक्त सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नागरिक परिषद सदस्य बनने पर जदयू जिला अध्यक्ष ने राकेश शास्त्री का किया अभिनंदन

**खगड़िया।** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता दल (यूनाइटेड) जिला कार्यालय में जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री के जिला नागरिक परिषद सदस्य मनोनीत होने पर जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर उनका भव्य स्वागत, सम्मान एवं अभिनंदन किया। समारोह के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि आचार्य राकेश पासवान शास्त्री लंबे समय से पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक प्रभावी ढंग्ग से पहुंचाने का कार्य करते रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला नागरिक परिषद सदस्य के रूप में भी वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जिला नागरिक परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष बिहार सरकार के मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सह जिला प्रभारी मंत्री मदन सहनी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, उमेश सिंह पटेल सहित सभी सदस्यों को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह के बाद आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने जिला नागरिक परिषद सदस्य बनाए जाने पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा तथा जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदर विधायक बबलू कुमार मंडल के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा का विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि इन्होंने मुझ जैसे साधारण पार्टी के कार्यकर्ता को सम्मान देकर सामाजिक न्याय और समाजवाद के झंडा को बुलंद किये हैं।उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से खरा उतरते हुए जनसेवा एवं संगठन हित में बेहतर परिणाम देने का हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में जदयू के जिला उपाध्यक्ष रामविलास महतो,अलौली प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह,जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के खगड़िया नगर परिषद अध्यक्ष ड धीरेंद्र कुमार यादव, जदयू नेता राजवर्धन कुशवाहा, महासचिव पार्वती देवी, जिला सचिव कमल किशोर पटेल आदि मौजूद थे।



जदयू जिलाध्यक्ष व अन्य।

## नीति आयोग की सेंट्रल प्रभारी अधिकारी ने आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रमों की प्रगति का किया समीक्षा

**खगड़िया।** नीति आयोग की सेंट्रल प्रभारी अधिकारी वंदना प्रेयषी, आईएएस द्वारा शुक्रवार को खगड़िया जिले में संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, षि, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल, स्वच्छता, कौशल विकास सहित विभिन्न प्रमुख संकेतकों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को नियमित अनुश्रवण, डेटा की शुद्धता एवं समय पर अद्यतन करने तथा विभागीय समन्वय को और सुढ़ बनाने का निर्देश दिया। इस क्रम में खगड़िया जिले के अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड परबत्ता में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलोज एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के विभिन्न संकेतकों की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, षि, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना एवं अन्य विकासात्मक मानकों की प्रगति का आकलन किया गया। बैठक के दौरान वंदना प्रेयषी ने अधिकारियों से क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित संकेतकों में सतत सुधार लाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करते हुए लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाएं। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलोज एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



वंदना प्रेयशी व अन्य।

# जनहित से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए : बबलू मंडल

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में खगड़िया सदर के विधायक बबलू कुमार मंडल विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। बैठक के दौरान उन्होंने सड़क, पुल, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलनिकासी, शहरी विकास, खनन, बिजली और रोजगार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब उसका लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचे और वर्षो से लंबित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विधायक ने सबसे पहले शहर के पूर्वी केबिन पर बने आरओबी (रेल ओवरब्रिज) का मुद्दा उठाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आरओबी की लंबाई बढ़ाकर बालुवाही पेट्रोल पंप तक ले जाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में शहर की यातायात समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इसके साथ ही उन्होंने राजेंद्र चौक से जयप्रकाश नगर होते हुए बालुवाही तक सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। ताकि आरओबी के पहुंच पथ भी सुढ़ हो सके। रोजगार और शहरी विकास को लेकर विधायक ने गोशाला परिसर के व्यापक विकास का प्रस्ताव रखा। उन्होंने गोशाला के जीर्णोद्धार के साथ-साथ उसके तीनों ओर व्यवस्थित मार्केट का निर्माण कराने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे शहर का सौंदर्यीकरण होगा और स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं व्यापार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। बैठक में बछौता चौक से भदास होते हुए दाढ़ी आस और त्रिभुवन टोला तक सड़क निर्माण को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

विधायक ने कहा कि सड़क पर हो रहे जलजमाव के कारण लोगों को भारी परेशानी होती है, इसलिए निर्माण कार्य के साथ जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि चौधरी टोला के पास निर्माणाधीन पुल तथा शवदाह गृह के समीप किसी भी परिस्थिति में बालू खनन नहीं होने दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो किसान अथवा आम लोग अपनी निजी जमीन पर व्यक्तिगत कार्यों के लिए मिट्टी काट रहे हैं, उनके विरुद्ध अनावश्यक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए विधायक ने सिविल सर्जन को सदर अस्पताल में संचालित आईसीयू का नियमित संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बरसात के मौसम में बढ़ते सर्पदंश के मामलों को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में एंटी-`क वेनम (वैक्सीन) उपलब्ध रखने और मरीजों का तत्काल उपचार सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को सदर अस्पताल रोड पर जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान करने का निर्देश दिया। शिक्षा के क्षेत्र में विधायक ने उच्च माध्यमिक विद्यालय माड़र का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में पांच विद्यालयों का समायोजन किया गया है, जबकि उसके समीप स्थित तालाब बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है।

उन्होंने भवन निर्माण के साथ-साथ तालाब की ओर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था एवं ठोस कार्ययोजना तैयार कर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में विधायक ने गोशाला के पास ओम हस्पिटल से होमगार्ड कार्यालय होते हुए मालती धार तक आरसीसी नाला निर्माण कराने तथा भावना ज्वेलर्स के समीप आरओबी के पहुंच पथ को चौड़ा करने के लिए वन विभाग को पेड़ों की छंटाई करने का भी निर्देश दिया। बिजली व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने बेलौर के खोनमा धार के पास झुके बिजली के खंभों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को समाप्त किया जा सके। मानसी क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने पश्चिमी केबिन पर आरओबी का निर्माण करते हुए एनएच-31 को एसएच-95 से जोड़ने की योजना में तेजी लाने को कहा। साथ ही मंजरा धार को अतिक्रमण मुक्त कर आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने, वहां वेंडिंग जोन बनाने तथा बलहा में एक ही भवन में संचालित पीएचसी एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए अतिरिक्तभवन निर्माण कराने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। वहीं विधायक ने मानसी के पूर्वी ठाठा पंचायत से शहरकुंडी होते हुए बेलदौर विधानसभा के पिपरा तक नए सड़क निर्माण की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया साथ ही इस सड़क को तत्काल जल जमाव से मुक्त कराने का निर्देश भी दिया।

विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को पूरे खगड़िया सदर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर जहां-जहां जलजमाव की समस्या है, वहां तत्काल जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करें। विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि विकास केवल योजनाओं की घोषणा से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से दिखाई देता है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि खगड़िया सदर विधानसभा के लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण जनसेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ सूत्री मांगों को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर

**खगड़िया।** पुनः रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध वसूली के विरोध में सदर अस्पताल में कार्यरत दर्जनों सुरक्षा कर्मी दूसरे दिन भी अस्पताल परिसर में हड़ताल पर डटे हुए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में कहा है कि विगत 30 माह से हम लोग प्रभास एलाइड कंपनी में कार्यरत हैं। लेकिन 1 जुलाई से पुनः रजिस्ट्रेशन के नाम पर कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा हम लोगों से 30200 (तीस हजार दो सौ) रूपये की मांग की जा रही है,जिसकी कोई प्राप्ति रसीद भी नहीं मिलने की बात के साथ वेतन भुगतान की भी अस्पष्ट जानकारी देने से साफ इनकार किया जा रहा है। सुरक्षा गार्ड द्वारा अपनी 8 सूत्री मांगों में रजिस्ट्रेशन निःशुल्क कराने, कंपनी द्वारा ज्वाइनिंग लेटर दिए जाने, खगड़िया में ट्रेनिंग की सुविधा, केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन के आधार पर वेतन भुगतान, इकरार नामा सार्वजनिक किए जाने , एरिया मैनजर और सुपरवाइजर के नाम सार्वजनिक किए जाने के साथ सदर अस्पताल में ही स्थानांतरण की बात कही गई। सुरक्षा गार्डो मांग पूरी होने तक हड़ताल पर डटे रहने की बात कही।



हड़ताल पर बैठे गार्ड।

### 35 वर्षों के संघर्ष के बाद कसरैया धार का होगा कायाकल्प पूर्व मुखिया राजीव सिंह के प्रयासों को मिली पहचान

**चौथम।** प्रखंड के तेलौंछ पंचायत स्थित ऐतिहासिक एवं विशाल कसरैया धार के संरक्षण,सौंदर्यीकरण और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सपना अब साकार होता दिखाई दे रहा है। करीब 35 वर्षो से पर्यावरण, जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे तेलौंछ पंचायत के पूर्व मुखिया एवं समाजसेवी राजीव सिंह के अथक प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। कसरैया धार के पुनर्विकास और कायाकल्प की दिशा में सरकार और विभाग ने ठोस पहल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बेगूसराय प्रमंडल के लिए 29 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीत की गई है। इस योजना के तहत कसरैया धार के पुर्नविकास,सौंदर्यीकरण और संरक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए कसरैया धार में साफ-सफाई और प्रारंभिक तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं।बताया जाता है कि पूर्व मुखिया राजीव सिंह पिछले 35 वर्षो से कसरैया धार को बचाने, उसके अस्तित्व को बनाए रखने और उसे पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाते रहे। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर प्रशासन और सरकार का ध्यान इस ऐतिहासिक जलस्रोत की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। उनके इसी लंबे संघर्ष का परिणाम है कि आज कसरैया धार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हो रही है। राजीव सिंह के पर्यावरण संरक्षण, जल-जीवन-हरियाली अभियान और स्वच्छता के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी उन्हें सम्मानित किया है। प्रशासन की ओर से उन्हें श्जल-जीवन-हरियालीश् अभियान में उत्ष्ट योगदान के लिए 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जो उनके वर्षो के सामाजिक कार्यो की सराहना है। पूर्व मुखिया राजीव सिंह ने कहा कि कसरैया धार का कायाकल्प केवल एक जलस्रोत के विकास तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरे खगड़िया जिले के लिए गौरव का विषय होगा। उन्होंने इसके लिए राज्य सरकार, पर्यावरण विभाग और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद यहां जल संरक्षण, हरियाली, जैव विविधता, पर्यटन और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। स्थानीय लोगों में भी इस योजना को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि कसरैया धार का संरक्षण और विकास क्षेत्र की पहचान को नई उंचाई देगा तथा आने वाले समय में यह स्थान पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। साथ ही, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में भी यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।



कसरैया धार का सफाई में लगे जेसीबी।

### मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल

**चौथम।** पौरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पुलिस टीम को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथम पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्काल उपचार शुरू कर दिया। घायलों की पहचान गोगरी थाना क्षेत्र के मालिया निवासी सचिन कुमार तथा पौरा थाना क्षेत्र के बलतारा निवासी अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। दोनों की स्थिति का चिकित्सकों द्वारा आवश्यक उपचार किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ड़ अनिल कुमार ने बताया कि दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार तत्काल किया गया। आवश्यकता के अनुसार आगे की चिकित्सकीय व्यवस्था भी की जा रही है। इधर, दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### नीट परीक्षा में जगजीत और सुमित ने बढ़ाया चौथम प्रखंड का मान

**चौथम।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 के परिणाम में चौथम प्रखंड के दो होनहार छात्रों ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों विद्यार्थियों की सफलता से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे प्रखंड में खुशी और गर्व का माहौल है। इनकी उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रखंड के पूर्वी बौरने पंचायत अंतर्गत बरहरा गांव निवासी स्वर्गीय महेंद्र यादव के पौत्र तथा ग्रामीण चिकित्सक ड़ सुबोध यादव के पुत्र जगजीत कुमार ने नीट परीक्षा में 600 अंक प्राप्त कर उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। जगजीत की माता श्वेता देवी आशा कार्यकर्ता हैं। साधारण परिवार से आने वाले जगजीत की इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों और गांव के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने मिठाइयां बांटकर और शुभकामनाएं देकर उनकी सफलता का जश्न मनाया। वहीं, चौथम थाना क्षेत्र के पकड़ेल गांव निवासी संजय यादव के पुत्र सुमित कुमार ने भी नीट परीक्षा में 589 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। सुमित की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल है। ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता संभव हो सकी। जगजीत और सुमित की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ऐसे मेधावी छात्र समाज के लिए प्रेरणा हैं। इनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी कठिन मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा मिलेगी। दोनों विद्यार्थियों ने न केवल अपने परिवार और गांव बल्कि चौथम प्रखंड एवं खगड़िया जिले का भी गौरव बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

### सांसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**खगड़िया।** सांसद राजेश वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित मुख्य सभाकक्ष में संसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों एवं राष्ट्रीय राजमार्गो पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पट) पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग पर कार्रवाई तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता गतिविधियों को और सुढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी विक्रम वीरकर ने अवगत कराया कि परिवहन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में जिले में श्डिस्ट्रिक्ट हाईवे रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह टास्क फोर्स राष्ट्रीय राजमार्गो पर अतिक्रमण हटाने, नियमित निरीक्षण एवं पेट्रोलिंग, दुर्घटना संभावित स्थलों की निगरानी, हाईवे सेफ्टी जोन की सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेगी। साथ ही एनएचएआई एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर एम्बुलेंस, रिकवरी क्रेन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन महीने से लापता किशोरी फतुहा स्टेशन से बरामद

**फतुहा।** नदी थाने के एक गांव से तीन महीने पहले लापता किशोरी को पुलिस ने गुरुवार को फतुहा स्टेशन से बरामद कर लिया। किशोरी गत 18 अप्रैल को अपने घर से लापता हो गई थी। इसके बाद किशोरी के परिजनों ने नदी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही पुलिस उसे बरामद करने में लगी थी। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना पर उसकी बरामी हो गई। किशोरी का बयान न्यायालय में दर्ज कराने के बाद न्यायालय के आदेश पर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### ट्रेन में महिला से चेन की बरामदगी के लिए पुलिस ने की फतुहा में छापेमारी

**फतुहा।** गुरुवार को चलती ट्रेन में बाढ़ स्टेशन के पास एक महिला से चेन छीनने मामले में गुरुवार को फतुहा में बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहा रेल के अलावा स्थानीय पुलिस ने स्टेशन रोड में कई ज्वेलरी दुकानों में छापेमारी की हालांकि वहां से कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पीड़िता के अनुसार वह ट्रेन से यात्रा कर रही थी तभी अचानक एक अज्ञात युवक ने बाढ़ स्टेशन से पहले गले से सोने की चेन झपट ली और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। महिला द्वारा घटना की सूचना बाढ़ रेल थाने को दी गई। मामला दर्ज करते ही पुलिस सक्रिय हुई और तकनीकी अनुसंधान करते हुए आरोपित की तलाश में बाढ़ रेल पुलिस फतुहा पहुंच गई। फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा मदद की गई थी, पूरी तरह से मामला बाढ़ रेल थाने का है।

### बाकरपुर सब्जी मंडी की सड़क पर लगी रहती जाम

**सोनपुर (एनएसबी)** बाकरपुर सब्जी मंडी सोनपुर-छपरा की मुख्य (बाईपास) सड़क है। इस सड़क मार्ग पर छोटी-बड़ी वाहनों का आने-जाने का सिलसिला लगातार जारी है। सब्जी मंडी से लेकर सड़क की दोनों और एक किलो मीटर तक मनमानी तरीके से ई-रिक्शा, टेम्पो, पिकअप, ढेला आधे से अधिक सड़क पर कब्जा किए रहते हैं। जिसके कारण राहगीरों से लेकर वाहनों के आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं राहगीरों और आसपास के लोगों का कहना है कि पुलिस की गस्ती दल देखकर भी चुपचाप आ जा रही है तो आम लोग कैसे विरोध करें। मंडी संचालक के संबंध में लोगों ने कहा उनकी पहुंच-पैरवी लम्बी है। जिसके कारण प्रशासनिक सहयोग मिलते रहता है। सब्जी मंडी की सड़क आए दिन तू-तू-मय-मय, गाली-गलोज, मारपीट लोग देख रहे हैं।

### ट्रेन में चढ़ते ही उड़ जाती थी सोने की चेन, पांच शातिर गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ रेल पुलिस ने ट्रेन में चढ़ने और उतरने की अफरा-तफरी का फायदा उठाकर यात्रियों की सोने की चेन काटने वाले अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 17 सोने की चेन बरामद की गई हैं।रेल डीएसपी, बाढ़ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी स्टेशन और ट्रेनों में भीड़भाड़ के दौरान यात्रियों को निशाना बनाकर चेन काटने की वारदातों को अंजाम देते थे। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर चलाए गए विशेष अभियान में गिरोह का खुलासा हुआ।पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। बरामद आभूषणों की पहचान कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से रेल यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है, जबकि चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोहों में हड़कंप मच गया है।

### स्कूल में करंट लगने से छात्रा अचेत, शिक्षकों की तत्परता से अस्पताल पहुंचाया गया

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)** पंडारक प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, परसांवा में शुक्रवार को एक.2 की छात्रा को अचानक करंट लग गया, जिससे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल




विद्युत स्पर्शाघात की चपेट में बालिका।

चिकित्सकीय देखरेख में भर्ती कराया गया। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन ने पूरे मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा विद्यालय परिसर में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है।

# ऑनलाइन खिलौना खरीदने के नाम पर युवक से साइबर ठगी, आदर्श थाना में शिकायत दर्ज

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** अनलाइन खिलौना खरीदने के नाम पर एक युवक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जमालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है।सदर बाजार नीम गली वार्ड-21 निवासी श्याम कुमार ने बताया कि उनके परिवार के पास सरदार जी लुधियाना (पंजाब) के नाम से कल आया।

कल करने वाले ने बच्चे की बैटरी चालित खिलौना गाड़ी बुक करने के लिए पहले 300 रुपये एडवांस जमा कराने को कहा। इसके बाद 16 जुलाई को 2,699 रुपये अनलाइन भुगतान कराया गया।पीड़ित का आरोप है कि भुगतान के बाद आरोपी ने यह कहते हुए 2,600 रुपये और 99 रुपये अलग-अलग भेजने को कहा कि पहले की राशि वापस कर दी जाएगी। भरोसा कर उनके परिवार ने अतिरिक्तराशि भी अनलाइन ट्रांसफर कर दी। इसके बाद संबंधित



थाना परिसर में आवेदन दिखाते युवक।

नंबर से लगातार संपर्क टूट गया और कल आना बंद हो गया। पीड़ित ने इसे सुनियोजित साइबर ठगी बताया है।श्याम कुमार ने अपने आवेदन में पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान करने, ठगी गई राशि वापस दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अनलाइन खरीदारी से पहले विक्रेता की सत्यता की जांच करें और अनजान व्यक्तियों के कहने पर अनलाइन भुगतान करने से बचें।

## प्रखंड कार्यालय पर किसानों का प्रदर्शन

**फतुहा।** प्रखंड के जमालपुर मौजा में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य के दौरान सरकारी अमीन को धमकाने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और अवैध दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए वहां के किसानों ने फतुहा प्रखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए भू-माफियाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संदर्भ में किसानों ने भू-अभिलेख एवं परिमापन कार्यालय के निदेशक को लिखित आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना था कि बिहार सरकार के निर्देश पर जमालपुर मौजा में विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है लेकिन अलावलपुर के कुछ लोगों द्वारा सरकारी अमीन के कार्य में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है जिससे सर्वेक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। सर्वे के दौरान सरकारी नियमों के विरुद्ध कार्य कराने का दबाव बनाया जाता है जिससे सरकारी कर्मियों और किसानों में भय का माहौल है। इनलोगों ने प्रशासन से सरकारी अमीन एवं सर्वेक्षण दल को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा पुलिस बल की मौजूी में विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य संपन्न कराने की मांग की है। मौके पर कुणाल कुमार, महेश राय नसीब राय, राजा राय, सोनू कुमार, मुकेश कुमार, शंकर राय आदि मौजूद रहे।

## बेटी के अपहरण के बाद पिता की हत्या से उजड़ गया परिवार

### घर का एकमात्र कमाने वाला था सुबोध यादव परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** सफियासराय थाना क्षेत्र के डकरा हेरूदियरा गांव में सुबोध यादव की गोली मारकर हत्या के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुबोध यादव परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत के बाद पत्नी, तीन बेटियों और एक बेटे के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पुलिस ने बेटी के अपहरण मामले में समय रहते प्रभावी कार्रवाई की होती तो यह हत्या टाली जा सकती थी। स्वजनों के अनुसार करीब दो माह पहले सुबोध यादव की पुत्री का अपहरण हुआ था। इस मामले में हेरूदियरा काली स्थान निवासी रंजीत यादव सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया था। मृतक के भाई एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार यादव का कहना है कि अपहरण के बाद से ही सुबोध यादव को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। इसकी जानकारी उन्होंने कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से पुलिस अधीक्षक और सफियासराय थाना को दी, लेकिन आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ गया। भाई मनोज कुमार यादव ने हत्या के मामले में छह लोगों को नामजद करते हुए सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने शोकाकुल परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनके भरण-पोषण के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है।गांव में घटना के बाद भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है।इधर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि हत्या के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही, पूर्व में दर्ज अपहरण मामले के फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## मिशन स्कूल परिसर में लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

**जमालपुर (मुंगेर)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब अफ जमालपुर लोहानगरी द्वारा शुक्रवार को मिशन स्कूल, जमालपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया।इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सुमन कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करने की भी अपील की। कार्यक्रम में क्लब के सचिव सुनील लाल, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, सदस्य ओम प्रकाश आर्य, ष्णा चौधरी एवं रणजीत प्रसाद सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने तथा भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



पौधारोपण करते लायंस क्लब।

## मेंस कांग्रेस यूनियन में दूसरी बार अध्यक्ष बने जितेंद्र, सचिव पद पर फिर चुने गए कृष्ण

### त्रिवार्षिक आमसभा व चुनाव में 13 पदाधिकारी एवं 26 शाखा पार्षदों की घोषणा

### सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने नवनिर्वाचित टीम को दी शुभकामनाएं

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा-2, जमालपुर कारखाना की त्रिवार्षिक आमसभा एवं चुनाव शाखा कार्यालय में लिलुआ से पहुंचे पर्यवेक्षक मनोज कुमार शर्मा की देखरेख में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से जितेंद्र कुमार को लगातार दूसरी बार शाखा अध्यक्ष तथा ष्ण कुमार को पुनः शाखा सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में असीम कुमार ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष, केक़े भार्गव, सेसिलिया टुडू, रोहित कुमार ओझा एवं मनोज कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया। धर्मेंद्र कुमार को संयुक्त सचिव, चंदन कुमार एवं अविनाश कुमार सिंह को सहायक सचिव, ऋतुराज और नितेश कुमार को संगठन सचिव तथा राकेश राज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही 26 शाखा पार्षदों के नामों की भी घोषणा की गई।मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने सभी नाविनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि रेलवे और कर्मचारियों के हितों की रक्षा में यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि कारखाना के विकास में प्रशासन, यूनियन और रेलकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है तथा भविष्य में भी यह सहयोग इसी तरह बना रहना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान शाखाध्यक्ष जितेंद्र कुमार एवं सचिव ष्ण कुमार ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर डब्ल्यूपीओ राजीव कुमार, केंद्रीय नेता मनोज कुमार, सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव तथा राजद जिलाध्यक्ष राजेश रमन उर्फ राजू यादव का भी यूनियन की ओर से सम्मान किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी, रेलकर्मी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं।



मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम का स्वागत करते अध्यक्ष सचिव।

## आखिर दुश्मनों ने छीन ली शिवम की जिंदगी बेटे की मौत से बिखर गया परिवार का सपना

### सीताकुंड गंगा घाट से मिला दसवीं के छात्र का शव हत्या की आशंका पर फूटा लोगों का गुस्सा

**जमालपुर (मुंगेर)।** दसवीं कक्षा के छात्र शिवम कुमार की मौत ने एक परिवार के सपनों को हमेशा के लिए तोड़ दिया। जिस बेटे को माता-पिता पढ़ा-लिखाकर बड़ा अधिकारी बनते देखना चाहते थे, उसका शव शुक्रवार को लापता होने के लगभग 24 घंटे बाद सीताकुंड गंगा घाट के किनारे मिलने से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश फैल गया। पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही परिजनों को सौंपा गया, गुस्साए लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।खलासी मोहल्ला निवासी वीरेंद्र



फाइल फोटो छात्र शिवम का।



सड़क पर विलाप करते स्वजन।

बिद और सुनीता देवी का तीसरा पुत्र शिवम तीन भाइयों और एक बहन में सबसे होनहार माना जाता था। परिजनों और शिक्षकों के अनुसार शिवम पढ़ाई में तेज था और उसका सपना बड़ी प्रतियोगी परीक्षा पास कर परिवार का नाम रोशन करना था। लेकिन उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घर में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने शिवम की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि इस मामले में कोचिंग में पढ़ने वाली छात्रा नित्य सोनी के पिता की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मृतक के पिता वीरेंद्र बिद का कहना है कि यदि पुलिस ने शुरू से ही तत्परता दिखाई होती, तो शायद उनका बेटा आज जीवित होता।सड़क जाम के दौरान लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच, सभी आरोपितों की गिरफ्तारी और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। मौके पर पुलिस ने लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया।इधर जमालपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है।

# भागवत कथा के तृतीय दिवस में गूंजा विपत्तियों में भी प्रभु-स्मरण का संदेश

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** मारवाड़ी धर्मशाला परिसर जमालपुर में महामाया शक्ति धाम मंदिर के चतुर्थ वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर वृंदावन धाम से पधारीं कथा-व्यास ड़ लवी मैत्रेय शर्मा ने श्रद्धालुओं को भक्ति, सदाचार और ईश्वर-स्मरण का संदेश दिया। उन्होंने माता कुंती के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि विपत्तियां मनुष्य को भगवान के अधिक निकट ले जाती हैं। माता कुंती ने भगवान श्रीष्ण से सुख नहीं, बल्कि विपत्तियां मांगी थीं, क्योंकि हर संकट में उन्हें प्रभु का सान्निध्य प्राप्त हुआ।कथाव्यास ने अजामिल प्रसंग के माध्यम से कुसंग के



प्रवचन करते कथा वाचक ।

दुष्परिणाम बताते हुए सत्संग, सदाचार और भगवान के नाम-स्मरण को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु का नाम अंतिम क्षण में भी मनुष्य के उद्धार की शक्ति रखता है। महाभारत के प्रसंग में उन्होंने बताया कि भगवान श्रीष्ण ने उत्तरा के गर्भ में पल रहे बालक परीक्षित की रक्षा कर यह सिद्ध किया कि वे अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।भीष्म पितामह के अंतिम उपदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने धर्म, न्याय, करुणा और आदर्श शासन व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान श्रीष्ण भजनों और दिव्य प्रसंगों से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। समापन पर मुख्य यजमान महेश संघई ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मौके पर गिरधर संघई, जयशंकर शर्मा,सुजीत संघई,कमलेश खेतान,माधव मस्कारा, राजकुमार शर्मा,रितेश गर्ग,गोपाल शर्मा, सौरभ बाजोरिया,सुरेश बुधिया,श्यामल साह ओर सभी ग्राम वासी उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### 2.87 करोड़ के बैंक लोन घोटाले का खुलासा, तीन ट्रक बरामद दो पहले से झारखंड में जब्त

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** करीब 2 करोड़ 87 लाख रुपये के बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में हाथीदह थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बैंक अफ बड़ौदा, हाथीदह शाखा की शिकायत पर दर्ज मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तीन ट्रकों को बरामद कर लिया है, जबकि दो अन्य ट्रकों के झारखंड में पहले से जब्त होने की जानकारी मिली है। मामले में पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व बैंक अफ बड़ौदा, हाथीदह शाखा ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, लखीसराय जिले के पिपरिया निवासी गोपाल सिंह ने छह ट्रक खरीदने के लिए बैंक से 2 करोड़ 87 लाख रुपये का ऋण लिया था। बैंक ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूरी राशि बेगूसराय स्थित ग्लोबल अटो व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में स्थानांतरित कर दी थी। जांच के दौरान सामने आया कि राशि जारी होने के बाद आरोपी ने बैंक को यह कहकर गुमराह करने का प्रयास किया कि एजेंसी ने उसे ट्रकों की डिलीवरी नहीं दी। लेकिन जब बैंक प्रबंधन ने सीधे एजेंसी से संपर्क किया, तो एजेंसी ने स्पष्ट किया कि छह में से पांच ट्रकों की डिलीवरी आरोपी को पहले ही दी जा चुकी थी।ट्रकों को छिपाकर रचा गया कथित फर्जीवाड़ाप्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने लोन की राशि हड़पने और बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से ट्रकों को अलग-अलग स्थानों पर छिपा दिया तथा एजेंसी पर ही डिलीवरी नहीं देने का आरोप लगाता रहा। इसी आधार पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू की। खगड़िया और धनबाद से तीन ट्रक बरामद अनुसंधान के क्रम में बुधवार को पुलिस ने खगड़िया से एक ट्रक तथा झारखंड के धनबाद से दो ट्रक बरामद किए। वहीं शेष दो ट्रकों के संबंध में पुलिस को जानकारी मिली कि उन्हें अवैध परिचालन या ओवरलोडिंग के आरोप में झारखंड के खनन विभाग ने जब्त कर रखा है। वर्तमान में दोनों ट्रक दुमका क्षेत्र में संबंधित विभाग की अभिरक्षा में हैं। हाथीदह थाना पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यदि इस कथित धोखाधड़ी में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस ने अलग अलग स्थानों ट्रक ढूंढ निकाला।

### नीट में चमकी पार्षद भोला शर्मा की बेटी, बाढ़ नगर में खुशी की लहर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ नगर परिषद के पार्षद भोला शर्मा की पुत्री ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (छम्म्ज) में सफलता हासिल कर परिवार के साथ-साथ पूरे नगर का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।बताया जाता है कि छात्रा ने नियमित अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उसकी उपलब्धि ने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।इस अवसर पर पार्षद भोला शर्मा ने कहा कि यह सफलता उनकी पुत्री की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और गणमान्य लोगों ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि बाढ़ के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। सभी ने उसके सफल चिकित्सकीय जीवन की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह भविष्य में समाज की सेवा कर क्षेत्र का नाम और उंचा करेगी।



नीट में सफल पार्षद की बेटी हर्षिका, बाढ।

### केले की खेप में छिपाकर ले जाई जा रही 1,692 लीटर बीयर बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मराची थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए केले से लदे एक पिकअप वाहन से 1,692 लीटर बीयर बरामद की है। शराब की खेप को केले की बोरियों के नीचे छिपाकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।पुलिस ने मौके से पिकअप चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े कई अहम सुराग मिलने की बात कही जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस पूरे गिरोह का पता लगाने में जुटी है।मराची थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लगातार चल रही कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।



जब्त शराब।

### चार विद्यार्थियों को एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुल्क में लगभग एक करोड़ साठ रूपये तक की विशेष रियायत

#### श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज खगड़िया की बड़ी पहल

**खगड़िया।** श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज एवं शहीद प्रभु नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, खगड़िया के निदेशक ड़ विवेकानंद ने श्यामलाल ट्रस्ट से मेधावी छात्र-छात्राओं की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, ताकि ट्रस्ट द्वारा अनुशंसित चार योग्य विद्यार्थियों को संस्थान में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में नामांकन के उपरांत विशेष शुल्क रियायत का लाभ प्रदान किया जा सके। ड़ विवेकानंद ने बताया कि श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत मान्यता प्राप्त हुई है। न्यायालय के निर्देशानुसार संस्थान में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में नामांकन पूर्णतः मेरिट के आधार पर ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार का नामांकन नियमों एवं निर्धारित प्रक्रिया से बाहर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्यामलाल का सपना था कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ट्रस्ट द्वारा अनुशंसित चार मेधावी विद्यार्थियों को, निर्धारित नियमों एवं पात्रता के अधीन, एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुल्क में विशेष रियायत प्रदान की जाएगी। सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क की तुलना में प्रत्येक चयनित छात्र-छात्रा को लगभग 40 लाख तक का आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है जो कुल एक करोड़ साठ लाख रुपए होगी।इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर चिकित्सा शिक्षा का आर्थिक बोझ काफी कम होगा और उन्हें चिकित्सक बनने के सपने को साकार करने में सहायता मिलेगी। श्यामलाल ट्रस्ट ने भी मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों से अपील की है कि वे उत्ष्ट प्रदर्शन कर सर्वाधिक अंक लाने बालों को आधार मानकर नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि इस महत्वपूर्ण छात्र हितकारी पहल का लाभ प्राप्त कर सकें। ट्रस्ट ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी और श्यामलाल जी के सपनों को साकार करेगी।

## खबरें : एक नजर में

### अंग्रेजी शराब के साथ मां-बेटा गिरतार

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के गिधा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिधा टोला में छापेमारी कर 7.30 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने मां और बेटे को गिरतार कर लिया। गिधा थाने के एसएचओ टिंकू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने गिधा टोला में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 7.30 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके से दुर्गावती देवी, पति सत्येंद्र राय एवं उनके पुत्र सूरज कुमार को गिरतार कर लिया गया।


अंग्रेजी शराब के साथ मां-बेटा गिरतार।

### अपर समाहर्ता ने की द्वितीय अपील की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता शशि शेखर द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 14 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 05 मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### छापेमारी में अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के चांदी थाना पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरतार किया है। उसके पास से एक एकनाली बंदूक बरामद की है। गिरतार बदमाश चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी स्व महेंद्र सिंह का पुत्र जयपाल सिंह है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी।

### अवैध हथियार सहित एक गिरतार

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चाँदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरतार किया है। गिरतार आरोपी जयपाल सिंह है। वह चांदी थाना के सलेमपुर गांव निवासी स्वर्गीय महेंद्र सिंह के 46 वर्षीय पुत्र है।

### फायरिंग मामले में पुलिस ने की छापेमारी, जख्मी की भाभी गिरतार ,देशी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने श्रीनगर भकुरा गांव में छापेमारी कर एक महिला को गिरतार किया गया है। इस दौरान उसके घर से एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद किया है। गिरतार महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर भकुरा गांव निवासी सोनू शर्मा की पत्नी निराशा देवी बताई जा रही है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर भकुरा गांव में मामूली विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली मार दी थी। पुलिस ने मौके से उसकी पत्नी को गिरतार कर लिया। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर भकुरा गांव निवासी गोली से जख्मी मोनू कुमार शर्मा द्वारा कोई बयान नहीं दिया गया। बयान देने के बाद पुलिस इस मामले में अलग से प्राथमिकी दर्ज करेगी।

### फरार आरोपित पिता-पुत्र गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा फायरिंग मामले में फरार चल रहे आरोपित पिता-पुत्र को गिरतार किया गया। उनकी गिरतारी थाना क्षेत्र के धुंधुआं गांव से गुरुवार को की। गिरतार आरोपितों में धुधुआं निवासी सुनील यादव एवं उसका पुत्र अजय यादव शामिल है।

### बक्सर के युवक की हत्या में चार नामजद, पत्नी और सास गिरतार

**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना क्षेत्र के बम्हवार गांव में बीते बुधवार की रात ससुराल आए बक्सर निवासी युवक हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मामले में बक्सर जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के नवानगर गांव निवासी मृतक के पिता शिवपरसन पासी के बयान पर मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी, उसकी सास प्रभा देवी, ससुर सोहन पासी एवं साल मिंटू पासी को नामजद एवं अन्य अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरतार कर लिया। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उनकी बहू खुशबू कुमारी उनके बेटे राजन पासी के साथ रहना नहीं चाहती थी। इसी विवाद के कारण उसने अपने माता-पिता व भाई एवं अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनके बेटे की पीट-पीटकर हत्या के बाद शव को गांव में फेंक दिया।

## 4 से 6 माह में राज्य के उच्च शिक्षा में दिखेगा व्यापक परिवर्तन

# छात्रों और शिक्षकों के सुझावों से ही उच्च शिक्षा में आएगा वास्तविक सुधार : राज्यपाल

**अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने छात्रों संग किया संवाद**

**विवि सिर्फ डिग्री नहीं बल्कि ज्ञान, शोध एवं नवाचार का केंद्र भी**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेटिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में वास्तविक, प्रभावी और स्थायी सुधार तभी संभव है। जब विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुभवों, समस्याओं तथा सुझावों को नीति निर्माण का आधार बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन के केंद्र होते हैं। ऐसे में शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी से ही शिक्षा व्यवस्था को अधिक गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाया जा सकता है।

राज्यपाल ने संवाद के दौरान छात्रों से उनकी शैक्षणिक समस्याओं, शोध कार्य, परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय, डिजिटल संसाधनों और परिसर की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने शिक्षकों से भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की।


बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेटिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ संवाद कार्यक्रम का किया उद्घाटन।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एवं बिहार लोक भवन राज्य के विश्वविद्यालयों को आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की आवश्यकता है और विश्वविद्यालयों को इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा।

राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आगामी चार से छह महीनों के भीतर बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक एवं सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने, शोध संस्कृति को मजबूत करने और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं, जिनका लाभ जल्द ही छात्रों और शिक्षकों को मिलेगा। शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे नई पीढ़ी को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें शोध, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना भी विकसित करें। संवाद कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन, विभिन्न संकायों के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ सीधा संवाद किया।

इस दौरान राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों के अधिकांश सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया। लोक भवन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी भी अपर मुख्य सचिव ने दी। विद्यार्थियों ने कॉलेजों में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, भवन की कमी, छात्रावास, कर्मियों की कमी और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए।

## आरा-बैरिया फोरलेन रोड का निर्माण प्रक्रिया पर विधायक ने जतायी खुशी

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा महुली घाट पर पक्का पुल निर्माण सहित आरा से बलिया तक सड़क निर्माण के लगातार मांग के बाद 1564 करोड़ के रूपए के आरा-बैरिया फोरलेन सड़क निर्माण का प्रक्रिया चालू होने से खुशी व्यक्त की गई। विधायक ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि महुली में पीपा पुल के स्थान पर पक्का पुल सहित उतरप्रदेश से जोड़नेवाली सड़क मार्ग का बहुप्रतीक्षित मांग को मेरे द्वारा बहुत बार उठाया गया।

आज बड़हरा क्षेत्र के जनता सहित भोजपुर और उतरप्रदेश के बलिया के जनता बहुत खुश है। यह सड़क मार्ग परियोजना व्यापार और दो राज्यो के बीच आपसी संबंध के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है।इससे दोनो राज्यो के सीमांचल क्षेत्र भी विकसित होगा। आरा-बैरिया फोरलेन सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने पर केन्द्र एवं बिहार सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही केन्द्रीय पथ निर्माण मंत्री नितिन गडकरी जी को धन्यवाद देता हूँ।

## राज्यपाल से मिले शोधार्थियों के प्रतिनिधि, मांगों का ज्ञापन सौंपा


राज्यपाल से मिले शोधार्थियों के प्रतिनिधि, मांगों का ज्ञापन सौंपा।


इस दरम्यान कुछ छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया।

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित शिक्षकों एवं छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान अल बिहार पीएचडी डिग्री होल्डर्स एंड रिसर्च स्कलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुलाकात कर शोधार्थियों एवं सहायक प्राध्यापक अभ्यर्थियों की विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कुमुद पटेल ने किया। इसमें सुशील सिंह टाइगर, अभिषेक मेहता, पियूष कुमार, ज्योति कुमार एवं रत्नेश कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने पीएचडी शोधार्थियों, पीएचडी उपाधि धारकों, नेट एवं जेआरएफ अभ्यर्थियों की समस्याओं के साथ-साथ उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को राज्यपाल के समक्ष विस्तार से रखा। उन्होंने लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान और शोधार्थियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। राज्यपाल सह कुलाधिपति ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि शोधार्थियों एवं उच्च शिक्षा से जुड़े विषयों पर सकारात्मक, न्यायसंगत और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह ज्ञापन केवल कुछ लोगों की मांग नहीं, बल्कि बिहार के हजारों पीएचडी उपाधिधारकों, शोधार्थियों, नेट एवं जेआरएफ अभ्यर्थियों की आवाज है। संगठन ने उम्मीद जताई कि इस पहल से राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, शोधोन्मुख और सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल होगी। इस दरम्यान कुछ छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया।

## जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में की 75 आवेदकों की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा ईज ऑफ लिविंग के अंतर्गत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 75 आवेदकों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएँ प्रस्तुत की गईं, जिनकी जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत जिला पदाधिकारी महोदय ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी संबंधित पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें।


जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में की 75 आवेदकों की सुनवाई ।

## खबरें खास-खास

### दिल्ली में गूंजा भरत को न्याय दो, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, जंतर-मंतर से उठी सीबीआई जांच की मांग, देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कथित पुलिस एनकाउंटर में मारे गए शाहपुर प्रखंड के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने और दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। दोपहर एक बजे से शाम करीब पांच बजे तक चले इस प्रदर्शन में बिहार समेत कई राज्यों से लोग शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व पंकज त्रिपाठी और सरोज त्रिपाठी ने किया। भरत तिवारी की माता आशा देवी, बहन रूबी देवी और छोटे भाई चंदन तिवारी भी मंच पर मौजूद रहे। करणी सेना, रणवीर सेना, काली सेना, हिन्दू महासभा, परशुराम सेना, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा सहित कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आंदोलन में भाग लिया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भरत तिवारी गरीबों के हक और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे। इसी कारण सुनियोजित साजिश के तहत उनकी हत्या कर उसे पुलिस एनकाउंटर का रूप दिया गया। स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि यदि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है तो इसमें शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अलंकार अगिहोत्री, पूर्व विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, नागेश सम्राट, दक्ष चौधरी, दीपक पंडित, हरियाणा के कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स, रमेश कुमार सुदामा तथा जन सुराज के नेता मनीष कश्यप सहित अन्य वक्ताओं ने मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग दोहराई। प्रदर्शन में शामिल विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि भरत भूषण तिवारी को न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को देशव्यापी रूप दिया जाएगा। कार्रवाई की मांग संबंधी ज्ञापन भी सौंपा गया। परिजनों का दावा है कि ज्ञापन के साथ 53 लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर भी संलग किए गए हैं।


दिल्ली में गूंजा भरत को न्याय दो, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन।

### जिलाधिकारी ने की सीएसआर एवं टीबी सक्रीनिंग अभियान की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम कॉल के माध्यम से सीएसआर (कार्पोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी) एवं टीबी स्क्रीनिंग अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वर्तमान में चलाए जा रहे टीबी स्क्रीनिंग अभियान की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि टीबी (क्षय रोग) हमारे देश की एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या रही है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप स्क्रीनिंग कार्य में तेजी लाने एवं निक्षय पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपील की कि कंपनियाँ सीएसआर गतिविधियों को टीबी उन्मूलन अभियान से भी जोड़ें, ताकि जागरूकता, स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार संबंधी प्रयासों को अतिरिक्तसहयोग प्राप्त हो सके। इससे टीबी के नियंत्रण एवं निराकरण में और अधिक गति प्राप्त होगी तथा टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी कंपनियों से आग्रह किया कि वे अपने कर्पोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, पेयजल, कौशल विकास एवं अन्य जनहितकारी कार्यो में अधिक से अधिक निवेश करें। बैठक में विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि, जीएम डीआईसी/बियाडा, सिविल सर्जन, डीपीएम हेल्थ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


जिलाधिकारी ने की सीएसआर एवं टीबी सक्रीनिंग अभियान की समीक्षा।

## 4 किलो गांजा व 8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरतार

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने 4.140 किलोग्राम गांजा और 8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान दो आरोपितों को गिरतार किया गया। गिरोह के मुख्य सरगना समेत पांच नामजद आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरतारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुरुवार की देर शाम कोईलवर थाना पुलिस ने कपिलदेव चौक स्थित एक खैनी दुकान पर छापेमारी कर गांजा बरामद होने पर एक आरोपित को गिरतार किया गया। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने चांदी थाना के भदवर गांव स्थित एक किराना दुकान पर भी दबिश दी, जहां से गांजा के साथ 8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। दोनों स्थानों से कुल 4.140 किलोग्राम गांजा और 8 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, बरामद गांजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत नहीं, बल्कि स्थानीय अवैध बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 हजार आंकी गई है। एसडीपीओ-2 ने बताया कि इस मामले में पांच नामजद आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें कोईलवर थाना के हरिपुर निवासी सुदामा चौधरी को गिरोह का मुख्य सरगना बताया गया है। सुदामा चौधरी पूर्व से भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि गिरतार दोनों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


4 किलो गांजा व 8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरतार।

## होटल से घर लौट रहे व्यापारियों पर नकाबपोश अपराधियों ने की फायरिंग, अपराधियों ने एक व्यापारी से सोने की चेन व नगद रुपए लूटे

**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड आठ स्थित शिव मंदिर के समीप पहले से घाट लगाकर बैठे नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने होटल बंदकर घर लौट रहे तीन व्यापारियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। है। इस दौरान अपराधियों ने एक व्यापारी से सोने की चेन व नगर रुपए लूट ली गयी। घटना गुरुवार की देर रात करीब पौने बारह बजे के आसपास की बताई जा रही है। शोर मचाने व स्थानीय लोगों के इकट्ठा होने पर सभी अपराधी फरार हो गए। थाना के अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल से खोखा एवं एक कारतूस भी बरामद किया। जानकारी के अनुसार कोईलवर कपिलदेव चौक स्थित अतिथि रेस्टोरेंट एंड बैंट होटल के व्यापारी अरविंद कुमार अपने साथी बबलू गांधी के साथ बाइक द्वारा वापस लौट रहे थे। उनके साथी अभिषेक कुमार दूसरे बाइक से साथ में थे। जैसे ही वे लोग वार्ड आठ स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए छह नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग कर दी। अभिषेक कुमार बाइक छोड़ गली में घुसकर शोर मचाने लगे। इस दौरान अरविंद कुमार के साथ बाइक पर पीछे बैठे उनके साथी बबलू गांधी को अपराधियों ने पकड़ लिया और उनके गले से रहे सोने के चेन एवं पास में रहे नगद रुपए लूट ली। स्थानीय लोगों के बाहर आते देख सभी अपराधी फरार हो गए। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है।



# मल्टी टैलेंटेड बनो, पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर फोकस करो : पुनीत श्रीवास्तव

## संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में फाइव बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफिसर पुनीत श्रीवास्तव के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन अरविंद कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कुमार सिंह ने किया।

विद्यालय के निदेशक डा. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डा. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से एनसीसी के 5 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफिसर पुनीत श्रीवास्तव को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कर्नल (रि) राणा प्रताप सिंह को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कमांडिंग अफिसर पुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि संभावना स्कूल के कैडेट्स के लिए सबसे बड़ी बात है कि यहां आपकी रोल मडल मौजूद है, जो पूर्व में पूरे बिहार की बेस्ट एनसीसी कैडेट्स रह चुकी है। खासकर लड़कियों के लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि एकता और अनुशासन ही एनसीसी की नींव है। आप एनसीसी के माध्यम से अगिवीर की बहाली में जा सकते हैं। भारतीय सेवा में जुगाड़ नहीं बल्कि मेहनत चलती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप अपने पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर फोकस रखो। मल्टी टैलेंटेड बनो। सोशल मीडिया से दूर रहो। अपने मेमोरी को ह्रास नही होने दो। मेरा यह प्रयास रहेगा की संभावना स्कूल में एनसीसी को रेगुलर कर दिया जाए, ताकि जितनी भी सरकारी सुविधाएं मिलती है।

प्राचार्या डा. अर्चना सिंह ने कहा कि श्री श्रीवास्तव के विद्यालय में आगमन से कैडेट्सो एवं बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हमारे विद्यालय के बच्चे अपने सिलेबस के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित रहते हैं। कर्नल राणा प्रताप सिंह ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

मौके पर धर्मेंद्र कुमार, अमितेश कुमार, संजीव सिन्हा आदि प्रमुख थे।



शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में फाइव बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफिसर पुनीत श्रीवास्तव के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सोल साइबर एकेडमी एवं पुस्कालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत गड़हनी में शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। कोलकाता फर्नीचर के पीछे 'सोल साइबर एकेडमी' एवं 'ब्रदर्स लाइब्रेरी' का उद्घाटन अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश पासवान ने किया। विधायक महेश पासवान ने कहा कि वर्तमान समय में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल ज्ञान और तकनीकी दक्षता भी सफलता की अनिवार्य शर्त बन चुकी है। उन्होंने कहा कि गड़हनी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक शिक्षण संस्थान की स्थापना युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल उपलब्ध कराएगी। संस्थान के निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि सोल साइबर एकेडमी में कंप्यूटर शिक्षा, साइबर सुरक्षा, डिजिटल स्किल डेवलपमेंट, करियर काउंसलिंग तथा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। समारोह में अनिल सिंह उर्फ वकील साहब, अंकित कुमार सिंह, लोहा महतो, चंदन सोनी, मिश्राजी, रवि सिंह, अभिनंदन वर्मा, मुन्ना पासवान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, अभिभावक, शिक्षक, समाजसेवी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


'सोल साइबर एकेडमी' एवं 'ब्रदर्स लाइब्रेरी' का उद्घाटन अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश पासवान ने किया।

### विषैले सांप के डंसने से बुजुर्ग की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिकरहटा थाना क्षेत्र के पनवारी गांव में सुबह विषैले सांप के डंसने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक 60 वर्षीय रविंद्र सिंह है। मृतक के परिवार में पत्नी चिंता देवी व तीन पुत्री नेहा कुमारी, शीतल कुमारी एवं मीनाक्षी कुमारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अहमदपुर हरना पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला, जितेंद्र शर्मा और महेंद्र यादव आमने-सामने, 29 जुलाई को होगा मतदान

**कुर्था (एनएसबी)।** प्राथमिक कृषि सहयोग साख समिति (पैक्स) चुनाव के तहत कुर्था प्रखंड की अहमदपुर हरना पंचायत में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं। अध्यक्ष पद पर जितेंद्र शर्मा एवं महेंद्र यादव अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं सदस्य पद की विभिन्न श्रेणियों में कुल 22 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। प्रखंड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नामांकन पत्रों की जांच का कार्य जारी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 से 20 जुलाई तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 22 जुलाई को सभी वैध प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 29 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी तथा विजयी प्रत्याशियों को उसी दिन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद पंचायत में चुनावी माहौल गर्म हो गया है। दोनों अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं, जबकि सदस्य पद के उम्मीदवार भी अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की तैयारी शुरू कर दी है।


जितेंद्र शर्मा और महेंद्र यादव।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।


लोगों की समस्याएं सुनते एसपी।

### संस्थागत प्रसव को लेकर डीएम का सख्त संदेश, उत्कृष्ट आशाओं को मिलेगा सम्मान

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को नई मजबूती देने की दिशा में जिला प्रशासन ने शुक्रवार को घोसी स्थित पैरामेडिकल संस्थान में आशा कार्यकताओं के एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्पष्ट कहा कि जिले में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकताओं की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला का नियमित पंजीकरण, समय पर चार अनिवार्य एएनसी जांच तथा एम-आशा ऐप पर सभी सूचनाओं का शत-प्रतिशत अद्यतन करने का निर्देश दिया। घोसी एवं मोदनगंज प्रखंड की संस्थागत प्रसव में कमजोर प्रदर्शन करने वाली 10-10 आशा कार्यकताओं की समीक्षा करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। डीएम ने दो टूक कहा कि किसी भी क्षेत्र में घर पर प्रसव नहीं होना चाहिए तथा हर गर्भवती महिला का सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना आशा कार्यकताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने घोषणा की कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा, जबकि लगातार खराब प्रदर्शन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। दूसरे जिले में हुए संस्थागत प्रसव का भी समय पर रिकॉर्ड संधारित करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में सुरक्षित मातृत्व, नवजात शिशु देखभाल, टीकाकरण, पोषण और परिवार नियोजन जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।




### शिक्षा, संस्कार और सुविधा का संगम₹ : डीएम ने आंबेडकर आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, छात्राओं से किया आत्मीय संवाद

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने शुक्रवार को काको स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं से आत्मीय संवाद किया तथा शैक्षणिक एवं छात्रावासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छात्राओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, कक्षाओं, छात्रावास तथा भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया और छात्राओं से पढ़ाई, भोजन तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जीविका द्वारा संचालित "शिवम् जीविका दीदी की रसोई" की व्यवस्था और विद्यालय की साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त किया। वहीं भवन के रख-रखाव में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



### 34 गांवों की बदलेगी तस्वीर₹ : पीएम-अजय योजना से आदर्श ग्राम निर्माण का खाका तैयार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि जिले के चयनित 34 ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभाग समन्वित एवं योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चयनित गांवों का विस्तृत सर्वेक्षण कर ग्राम विकास योजना तैयार की जाए तथा ग्रामसभा से अनुमोदन के बाद जिला अभिसरण समिति को उपलब्ध कराया जाए।

# जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में आए मामलों का किया गया त्वरित निष्पादन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 14 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, कब्जा, नल जल, मापी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आवास योजना, जमाबंदी, अतिक्रमण, उप विकास आयुक्त कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, पीएचईडी विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम बेलसार नरक बिगहा निवासी डोमन राम के साथ अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मौजा बेलसार अंतर्गत बेलसार-चन्दा सोहसा रोड का सर्वे प्लॉट संख्या 1009 पर रोड न बनाकर हमलोग के रैयती जमीन का प्लॉट पर वैगर सूचना भुगतान के अतिक्रमण कर बल पूर्वक रोड़ का निर्माण कर लिया गया है। हमलोग का रैयती उपलब्ध कराने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, अरवल एवं अंचलाधिकारी कलेर को नियमानुसार नापी कराकर उचित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम कामता निवासी मालती देवी द्वारा बताया गया कि मैं विधवा व गरीब परिवार से हूँ तथा आवास योजना की सख्त जरूरत है। मेरा मकान टूटा हुआ है तथा दूसरे के मकान में रह रही हूँ। आवास योजना से उपलब्ध करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त अरवल एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कलेर को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम परियारी निवासी मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि परियारी बाजार में चापाकल सुख जाने के कारण पेयजल के लिए ग्रामीणों काफी परेशान है. नल जल योजना चालू करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता पीएचईडी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।


लोगों की समस्याओं को सुनते डीएम।

## काफी दिनों बाद खुला अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी का बंद कमरा

**कुर्था (एसएनबी)** अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी में काफी दिनों से बंद पड़े एक कमरे का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पूर्व स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एक स्वास्थ्यकर्मी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार को लिखित रूप से अवगत कराया था कि अस्पताल का कमरा संख्या-2 कि चाभी किसी भी कार्यरत चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी के पास उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण उक्त कमरा वर्षों से बन्द है। वही सूत्रों का माने तो सूत्र बताते है कि पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी रहे कर्मी के स्थानांतरण के समय कमरे का विधिवत प्रभार वर्तमान में पदस्थापित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को नहीं सौंपा गया। परिणामस्वरूप कमरे की चाबी और उससे संबंधित अभिलेख या सामग्री का कोई स्पष्ट जिम्मेदार नहीं रहा। ऐसे में वर्षों तक यह कमरा बंद पड़ा रहा और इसकी किसी स्तर पर जांच या सत्यापन नहीं हो सका। बताया जाता है कि इससे पहले भी अस्पताल परिसर में रखी एक गोदरेज अलमारी लंबे समय तक बंद रहने का मामला मीडिया में आने के बाद खुला था। उस समय चाबी उपलब्ध कराकर अलमारी खोली गई थी। अब उसी तरह कमरे का मामला सामने आने के बाद विभाग हरकत में आया और काफी दिनों बाद किसी तरह कमरा संख्या-2 का ताला खुलवाया गया। हालांकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां थीं, जिनके कारण अस्पताल का एक कमरा वर्षों तक बंद पड़ा रहा और विभागीय अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली। सूत्रों का आरोप है कि यह मामला विभागीय लापरवाही का परिणाम है। यदि समय पर प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। वहीं यह भी चर्चा है कि कुछ कर्मियों को संरक्षण मिलने के कारण उनकी लापरवाही को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। मामले को लेकर जब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बचते हुए कहा कि रूम को खोल दिया गया है। अब यह देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मियों पर कोई कार्रवाई करता है या नहीं। अस्पताल में वर्षों तक एक सरकारी कमरा बंद रहना और उसकी चाबी का किसी के पास उपलब्ध नहीं होना विभागीय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

## जनगणना को लेकर हस्तपुस्तिका प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला जनगणना हस्तपुस्तिका प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनगणना 2027 के सफल एवं समयबद्ध संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिला जनगणना पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान द्वारा जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (ऊ२३१़३ उील्ल२४२ ल्लल्लुङ्क्िङ्क'-उ्रलइ) तैयार करने हेतु ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका से संबंधित आंकडों के संकलन एवं संधारण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 एवं 18 जुलाई 2026 को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के निर्माण की प्रक्रिया, आंकड़ों के संकलन की विधि, विभिन्न प्रपत्रों के सही ढंग से संधारण तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ग्राम एवं नगर स्तर पर उपलब्ध विभिन्न आधारभूत सुविधाओं, सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय आंकड़ों के शुद्ध एवं प्रमाणिक संकलन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला जनगणना हस्तपुस्तिका प्रत्येक जिले की

जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, नागरिक सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं तथा विकास संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों का विस्तृत दस्तावेज होता है। इसका निर्माण ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका में संकलित सूचनाओं के आधार पर किया जाता है, जो भविष्य की विकास योजनाओं एवं नीति निर्माण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम एवं नगर निर्देशिका में कुल 09 अनुभागों के अंतर्गत सूचनाओं का

संकलन किया जाएगा। ग्राम निर्देशिका के प्रमुख अनुभागों में शैक्षणिक सुविधाएँ, चिकित्सा सुविधाएँ, पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएँ, संचार, परिवहन एवं सपर्क व्यवस्था, बैंक, ऋण एवं अन्य वित्तीय सुविधाएँ, विद्युत एवं अन्य ऊर्जा स्त्रोतों की उपलब्धता, भूमि उपयोग एवं सिंचाई व्यवस्था, प्रमुख कृषि उत्पादन, विनिर्माण एवं हस्तशिल्प तथा टिप्पणी एवं अवलोकन शामिल हैं। नगर निर्देशिका के प्रमुख अनुभागों में नगर की स्थिति एवं विकास का इतिहास, नगर का स्थान, भौगोलिक विवरण एवं जलवायु, नागरिक एवं आधारभूत संरचना संबंधी सुविधाएँ, शैक्षणिक सुविधाएँ, सामाजिक, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक सुविधाएँ, उद्योग एवं बैंकिंग सुविधाएँ, चिकित्सा सुविधाएँ, स्लम क्षेत्रों में उपलब्ध नागरिक सुविधाएँ तथा टिप्पणी एवं अवलोकन से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। प्रशिक्षण में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित प्रपत्रों में पूर्ण शुद्धता एवं सावधानी के साथ आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित करें, ताकि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका का प्रकाशन गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित हो सके। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि यह आंकड़ा संकलन कार्य जिले के सभी चार्जों में दिनांक 01 अगस्त 2026 से 30 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित अवधि के भीतर कार्य पूर्ण करने तथा जनगणना संबंधी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा व्यक्त किया कि सभी संबंधित विभागों एवं कर्मियों के समन्वित प्रयास से जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकरी के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

## मेहंदिया बाजार में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था, बारिश के बाद सड़कों पर भर रहा पानी


सड़क पर जल जमाव।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** बरसात की शुरूआत होते ही मेहंदिया बाजार की बदहाल जल निकासी व्यवस्था एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। हल्की बारिश के बाद ही बाजार की मुख्य सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पूरे मानसून के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।मेहंदिया बाजार से होकर एनएच-139 गुजरता है, वहीं मेहंदिया-हसपुरा मार्ग भी इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इन दोनों सड़कों से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। आसपास के दर्जनों गांवों के लोग अपनी दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए मेहंदिया बाजार पहुंचते हैं। बारिश होने पर दोनों मार्गों पर पानी भर जाने से पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में नालियों का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन अधिकांश नालियां सड़क के स्तर से ऊंची हो गई हैं। इसके अलावा कई वर्षों से नालियों की समुचित सफाई और उड़ाही नहीं होने के कारण उनमें गाद और कचरा भर गया है।

**एनएच-139 और मेहंदिया-हसपुरा मार्ग पर जलजमाव से राहगीर व दुकानदार परेशान**

## बाबा मधेश्वरा नाथ मंदिर से घंटा चोरी सीसीटीवीं में कैद हुई वारदात श्रद्धालुओं में आक्रोश

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के मेहंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुश्रवा स्थित प्रसिद्ध बाबा मधेश्वर नाथ मंदिर से बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का घंटा चोरी कर लिया। घटना की सूचना मंदिर के महंत द्वारा मेहंदिया थाना को लिखित आवेदन देकर दी गई है। चोरी की इस घटना के बाद क्षेत्र के श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर रात अज्ञात चोर मंदिर परिसर में प्रवेश कर मंदिर में लगा पीतल का घंटा खोलकर अपने साथ ले गए। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक लाल रंग का गमछा चेहरे पर बांधे हुए दिखाई दे रहा है, जो मंदिर का घंटा खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है।घटना सामने आने के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं ने इसे धार्मिक आस्था पर चोट बताते हुए नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि मधुश्रवा स्थित बाबा मधेश्वर नाथ मंदिर हिंदू श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ऐसे पवित्र स्थल पर चोरी की घटना होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। श्रद्धालुओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शीघ्र ही आरोपी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिनों बाद सावन माह की शुरूआत होने वाली है। इस दौरान बाबा मधेश्वरा नाथ मंदिर परिसर में लगभग एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले में हजारों श्रद्धालु स्नान, जलाभिषेक एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे समय में मंदिर से घंटा चोरी की घटना ने श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ा दी है।इस संबंध में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि मंदिर के महंत द्वारा चोरी की घटना को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।


सीसीटीवी में कैद घटना।

## चेक बाउंस मामलों के त्वरित समाधान का सुनहरा अवसर: विशेष लोक अदालत के लिए जागरूकता रथ रवाना

**जहानाबाद (एनएसबी)।** "जहाँ संवाद से सुलझते हैं रिश्ते, वहीं समझौते से मिलता है न्याय का उजियारा।" इसी भावना को साकार करने के उद्देश्य से 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विकास कुमार ने जागरूकता रथ को रवाना करते हुए कहा कि विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत चेक बाउंस से संबंधित मामलों का आपसी सुलह और समझौते के आधार पर त्वरित, सरल एवं निःशुल्क निपटारा करना है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षकारों से 18 जुलाई को आयोजित विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि 18 जुलाई, 2026 को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद एवं व्यवहार न्यायालय, अरवल में धारा 138 एनआई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें मामलों का निस्तारण पूर्णतः निःशुल्क एवं आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा। विशेष लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से जिंगल प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार कर आम नागरिकों को विशेष लोक अदालत की उपयोगिता और प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पुनः सभी संबंधित पक्षकारों से आग्रह किया कि वे विशेष लोक अदालत में पहुंचकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कर समय, धन और श्रम—तीनों की बचत करें तथा न्याय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में सहभागी बनें।



**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने दिखाई हरी झंडी, 18 जुलाई को अधिक से अधिक पक्षकारों से लोक अदालत में पहुंचने की अपील**